खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29° C
न्यूनतम: 16° C

बरेली, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 322 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दीपावली पर विघ्न डालने वाले होंगे सलाखों के पीछे: योगी पेज 2



आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: यशस्वी टॉप-5 में लौटे, पंत नंबर -8 पर खेल टाइम्स



खाने की कमी और कुपोषण के कारण दुनियाभर में लाखों लोग गंवा रहे जान सम्पादकीय



पाकिस्तान ने काबुल पर किए हवाई हमले, दोनों ओर से 50 लोगों की मौत पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### महाभारत के कर्ण पंकज धीर का 68 साल की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** महाभारत से घर घर में फेमस होने वाले पंकज धीर का निधन हो गया है। 15 अक्टूबर 2025 को उन्होंने अंतिम सांसें लीं। वह पिछले कुछ समय से कैंसर से जंग लड़ रहे थे। बताया जा रहा है कि एक्टर कैंसर को मात दे चुके थे, लेकिन कुछ समय पहले दोबारा कैंसर डिटेक्ट हुआ। दूसरी बार वह इस बीमारी को मात न दे पाए। बता दें पंकज धीर की तरह उनके बेटे निकितिन धीर भी काफी पापुलर एक्टर हैं। वह खुद एक रामायण में रावण का दमदार रोल प्ले कर चुके हैं। 68 साल की उम्र में पंकज धीर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके तमाम दोस्त, रिश्तेदार, परिवार और फैंस सब इस दुखद खबर को सुनकर चौंक गए हैं। एक्टर के परिवार की बात करें, तो उनकी पत्नी अनीता धीर हैं, जो पेशे से कॉस्टयूम डिजाइनर हैं। वहीं उनका एक ही बेटा है और निकितिन धीर भी एक्टिंग ही करते हैं।

### भारतीय वायुसेना को मिलेगा स्वदेशी तेजस

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नासिक में स्थित ओझर में एचएएल (हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड) ने 'तेजस एमके 1ए' फाइटर जेट का परीक्षण पूरा कर लिया है। वायुसेना के लिए तेजस विमान बना रही एचएएल को सितम्बर में ही अमेरिका ने इसका चौथा इंजन भेजा था। इसकी खूबियों में से एक है कि इसके पंखों में 9 जगह मिसाइलें फिट होती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक हर तेजस मार्क-1ए की औसत कीमत 600 करोड़ है। जबकि रफ्तार 2200 किमी/घंटा यानी ध्वनि से भी करीब दोगुनी तेज है। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं।

### 7वीं बार यूएन की मानवाधिकार परिषद के लिए निर्विरोध चुना गया भारत

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2026-28 के लिए भारत को मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुन लिया है। तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए भारत का चुनाव निर्विरोध हुआ। इस तरह भारत अब तक इस निकाय में 7वीं बार चुना गया है। चुनाव की घोषणा के बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि यह भारत की मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत अपने कार्यकाल के दौरान इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है और सभी देशों का समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख संस्था है, जिसमें 47 सदस्य देश शामिल हैं। इसका गठन 2006 में यूएन महासभा द्वारा किया गया था। इसी वर्ष भारत पहली बार इसका सदस्य चुना गया था।

# 2040 तक मानव को चांद पर ले जाएगा भारत

## इसरो चीफ नारायणन ने कहा: टारगेट तय

**रांची।** इसरो चीफ वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत ने 2040 तक अपने नागरिकों को चंद्रमा पर उतारने का टारगेट तय किया है।

वहीं, भारत का पहला मानव स्पेस मिशन 'गगनयान' 2027 में लॉन्च होना है। नारायणन ने बताया कि इसरो 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएसएस) की स्थापना और 2026 तक तीन बिना मानव वाले गगनयान मिशन लॉन्च करने पर काम कर रहा है। इनमें से पहला मिशन, जिसमें अर्ध-मानव रोबोट 'व्योममित्रा' शामिल होगा, दिसम्बर 2025 में लॉन्च किया जाएगा। नारायणन रांची स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा के 35वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। नारायणन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी मानवयुक्त चंद्र मिशन के लिए 2040 की समय सीमा तय की है। इसके तहत हमें अपने नागरिकों को चंद्रमा पर उतारकर सुरक्षित वापस लाना होगा। इसके अलावा, शुक्र ग्रह (वीनस) पर स्टडी के लिए 'वीनस आर्बिटर मिशन (वीओएम)' को भी मंजूरी मिल चुकी है। इसरो प्रमुख ने बताया कि 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' (बीएसएस) की स्थापना 2035 तक की जाएगी। इसके शुरुआती मॉड्यूल 2027 से ही अंतरिक्ष में स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि गगनयान मिशन में प्रगति हो रही हैं। क्रू मिशन से पहले तीन बिना मानव वाले मिशनों की योजना है। व्योममित्रा इस साल दिसंबर में उड़ान भरेगी, जबकि दो और मिशन अगले साल होंगे।

> 2027 में लॉन्च होगा स्वदेशी मानव स्पेस मिशन 'गगनयान'



# पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को सरकार का दिवाली तोहफा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाने वाली योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि करने को मंजूरी दी है।

इस फैसले के बाद आश्रितों को शिक्षा, विवाह और निर्धनता अनुदान के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि दोगुनी हो गई है। संशोधित दरें आगामी एक नवम्बर से लागू होंगी। बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये योजनाएं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाती हैं। वित्तीय सहायता में की गई प्रमुख बढ़ोतरी इस के तहत निर्धनता अनुदान की राशि 4,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह सहायता 65 वर्ष से अधिक आयु वाले उन पूर्व सैनिकों के आश्रितों व विधवाओं को आजीवन दी जाएगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है और जो गैर-पेंशनभोगी हैं।

> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि करने को मंजूरी दी

# फांसी से मौत की जगह जानलेवा इंजेक्शन क्यों नहीं दे सकते: SC

## कोर्ट ने घातक इंजेक्शन जैसे तरीकों को अपनाने को लेकर सरकार के विरोध पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाए कैदियों के लिए फांसी की जगह घातक इंजेक्शन जैसे तरीकों को अपनाने पर सरकार के विरोध पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकार समय के साथ बदलाव के लिए तैयार नहीं है। यह मामला एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया, जिसमें फांसी की सजा को घातक इंजेक्शन या अन्य तरीकों से बदलने की मांग की गई थी।

कोर्ट ने सरकार से पूछा कि वह इस विकल्प को क्यों नहीं दे सकती। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, जहां एक याचिकाकर्ता ने मांग की है कि मौत की सजा देने के तरीके को बदला जाए। याचिकाकर्ता चाहता है कि फांसी की जगह घातक इंजेक्शन, फायरिंग स्क्वाड, बिजली की कुर्सी या गैस चैंबर जैसे तरीकों को अपनाया जाए। याचिकाकर्ता का कहना है कि इन तरीकों से मौत कुछ ही मिनटों में हो जाती है, जबकि फांसी में काफी समय लग सकता है और यह क्रूर और दर्दनाक हो सकती है। याचिकाकर्ता के वकील, ऋषि मल्होत्रा ने कोर्ट में कहा कि कम से कम दोषी कैदी को यह विकल्प तो दिया जाए कि वे फांसी चाहते हैं या घातक इंजेक्शन... घातक इंजेक्शन जल्दी, मानवीय और सभ्य है, जबकि फांसी क्रूर, बर्बर और लंबी चलने वाली है। उन्होंने यह भी बताया कि सेना में ऐसे विकल्प दिए जाते हैं। हालांकि, सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसा विकल्प देना संभव नहीं है। सरकार का कहना है कि यह नीतिगत मामला है और इसमें कई फैसले लेने होंगे। वरिष्ठ वकील सोनिया माथुर, जो सरकार की ओर से पेश हुईं, ने कोर्ट को बताया कि कैदियों को विकल्प देना नीतिगत निर्णय का हिस्सा है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सरकार के इस रवैये पर मौखिक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सरकार समय के साथ हो रहे बदलावों के साथ विकसित होने के लिए तैयार नहीं है। बेंच ने कहा कि समस्या यह है कि सरकार विकसित होने के लिए तैयार नहीं है, यह एक बहुत पुरानी प्रक्रिया है, समय के साथ चीजें बदल गई हैं। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई 11 नवम्बर तक के लिए टाल दी है। यह मामला मौत की सजा के तरीके और कैदियों के अधिकारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाता है। कोर्ट का यह रुख दर्शाता है कि वह मानवीय और आधुनिक तरीकों को अपनाने के पक्ष में है, जबकि सरकार अभी भी पुरानी प्रक्रियाओं पर अटकी हुई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि 11 नवम्बर को सुनवाई के दौरान क्या होता है और सरकार इस मामले में क्या रुख अपनाती है।



> केंद्र सरकार ने कहा: कैदियों को विकल्प देना नीतिगत निर्णय का हिस्सा, इसमें कई फैसले लेने होंगे

# दिल्ली-NCR में ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

## सुप्रीम कोर्ट ने दी पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील



**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को लेकर बड़ा आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील देते हुए 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखों की इजाजत दे दी है।

केंद्र और दिल्ली सरकार के संयुक्त अनुरोध को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने ग्रीन पटाखों पर प्रतिबंध में राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सिर्फ नेशनल एन्वायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनईईआरआई) द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दी है। अदालत ने शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी है। ये अनुमति 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, पर्यावरण के साथ समझौता किए बिना संयमित रूप से इसकी अनुमति देनी होगी। मुख्य न्यायाधीश ने आदेश का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा कि पटाखों की दिल्ली- एनसीआर में तस्करी की जाती है और वे ग्रीन पटाखों से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि इस अवधि (21 अक्टूबर) के बाद इन पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध जारी रहेगा। वहीं नियमों के उल्लंघन करने पर निर्माताओं और विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

> एनईईआरआई द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल को दी मंजूरी
> 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे फोड़ने की दी इजाजत

### त्योहारों की रौनक बरकरार रखना हमारा लक्ष्य: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाजत देने पर सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह फैसला दीपावली जैसे पवित्र पर्व पर जनभावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# अमेरिकी पासपोर्ट पहली बार टॉप-10 लिस्ट से बाहर

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी पासपोर्ट** पहली बार दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की टॉप-10 लिस्ट से बाहर हो गया। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 के मुताबिक, 20 साल में ऐसा पहली बार हुआ है। अब अमेरिकी पासपोर्ट 12वें नंबर पर है, जो मलेशिया के बराबर है। इस पासपोर्ट से 227 में से 180 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं।

दूसरी ओर सिंगापुर का पासपोर्ट सबसे ताकतवर है, जो 193 देशों में वीजा-फ्री एंट्री देता है। इसके बाद दक्षिण कोरिया (190) और जापान (189) हैं। इंडेक्स के मुताबिक, भारतीय पासपोर्ट 77वें पायदान पर है। भारत की रैंकिंग में 2025 के पहले क्वार्टर के मुकाबले 8 पायदान का सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट के साथ 59 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल एक्सेस मिलता है। कई देशों ने अमेरिकियों के लिए वीजा नियम सख्त कर दिए। ब्राजील ने अप्रैल में वीजा-फ्री एंट्री खत्म कर दी है। चीन ने अपने वीजा-फ्री प्रोग्राम में अमेरिका को शामिल नहीं किया। पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, भारत, सोमालिया और वियतनाम के नए नियमों ने भी अमेरिकी पासपोर्ट की ताकत पर असर डाला है। हेनली एंड पार्टनर्स के चेयरमैन क्रिश्चियन केलिन ने कहा कि अमेरिकी पासपोर्ट की ताकत में कमी सिर्फ रैंकिंग की बात नहीं है। यह दिखाता है कि दुनिया में ताकत का खेल बदल रहा है। जो देश खुलापन अपनाते हैं, वे आगे बढ़ रहे हैं, और जो पुरानी सोच पर टिके हैं, वे पीछे रह रहे हैं। एनी फोर्जहाइमर नाम की एक्सपर्ट ने कहा कि अमेरिका की सख्त नीतियों वाली सोच उनके पासपोर्ट की ताकत में कमी के रूप में दिख रही है। ग्लोबल लेवल पर भारत की बढ़ती ताकत का असर उसकी पासपोर्ट रैंकिंग पर भी पढ़ा है। इसके अलावा डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल और नए समझौतों ने भी खास रोल निभाया है। भारतीय पासपोर्ट में सुधार की कई वजह हैं, भारत ने फिलीपींस और श्रीलंका जैसे देशों के साथ वीजा-फ्री या वीओए समझौते किए।



> हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 के मुताबिक सिंगापुर पहले नंबर पर, भारत की रैंकिंग में आठ पायदान का सुधार

### फर्रुखाबाद मामला : एसपी प्रीति यादव ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर मांगी माफी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्रुखाबाद की प्रीति यादव की ओर से दाखिल की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में एसपी फर्रुखाबाद आरती सिंह बुधवार को दोपहर दो बजे कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने अदालत में अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान याची ने मंगलवार को फर्रुखाबाद की एसपी की मौजूदगी में पुलिस उत्पीड़न की पोल खोल दी थी। याचिका वापस लेने का दबाव बनाने के आरोप पर खफा कोर्ट ने एसपी से हलफनामे संग स्पष्टीकरण तलब किया है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

।।शुभ मुहूर्त आया- होण्डा साथ लाया।।
धनतेरस व दीपावली की बुकिंग करने पर पायें निश्चित उपहार
पहले आओ......पहले पाओ.........
पहली बार ऐसे बम्पर ऑफर का लाभ उठायें
धनतेरस व दीपावली की शुरूआत की 200 बुकिंग पर पायें आकर्षक उपहार और Honda की Shine100 बाईक जीतन का सुनहरा मौका
जल्दी करें कहीं यह बम्पर ऑफर का मौका हाथ से छूट ना जाये।
HONDA
धनतेरस बुकिंग पर स्क्रैच कूपन द्वारा निश्चित उपहार

अंश होण्डा
जानसठ रोड, निकट एस.डी. इंजिनियरिंग कॉलेज मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
9634444261, 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्मू, मोदी और शाह ने डा. कलाम को जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि श्रीमती मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में डा. अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने डा. अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डा. कलाम को एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने युवा मन को प्रज्वलित किया और राष्ट्र को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डा. कलाम का जीवन हमें याद दिलाता है कि सफलता के लिए विनम्रता और कड़ी मेहनत आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताइ कि डा. कलाम की कल्पना के अनुरूप मजबूत, आत्मनिर्भर और करुणामय भारत का निर्माण जारी रखेंगे।

### घाटी में अगले सप्ताह मौसम शुष्क रहने का अनुमान

**श्रीनगर।** मौसम विभाग ने अगले सप्ताह कश्मीर घाटी में मौसम शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि 15 से 17 अक्टूबर तक घाटी में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 18 से 19 तारीख तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा, लेकिन दोपहर या शाम को बादल छा सकते हैं। विभाग ने किसानों को अपने खेतों, बगीचों और उद्यानों में सभी कृषि गतिविधियां जारी रखने की सलाह दी है। विभाग के मुताबिक 20 से 23 अक्टूबर तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# दीपावली पर विशेष अभियान में 2993 क्विंटल मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मानव उपभोग के योग्य नहीं होने पर 1155 क्विंटल सामग्री नष्ट की गई

**लखनऊ।** उप्र के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आठ अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दीपावली विशेष अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों ने 4621 निरीक्षण, 2085 छापे और 2853 नमूनों की जांच की। अब तक कुल 2993 क्विंटल मिलावटी और अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य 3.88 करोड़ रुपए है। मानव उपभोग के योग्य नहीं होने पर 1155 क्विंटल सामग्री नष्ट की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1.75 करोड़ रुपए है। उन्नाव, मथुरा और लखनऊ में भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत तीन प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं। सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा. रोशन जैकब ने बताया कि त्योहारों को सुरक्षित, स्वच्छ और आनंददायक बनाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में मिलावटखोरी और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह खाद्य सामग्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के अवसर पर आम नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्री मौके पर ही जब्त और विनष्ट की जाती है, जिससे उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान में प्रमुख कार्यवाहियों में उन्नाव में 215 किलो खोया जब्त कर नष्ट किया गया और नमूने संग्रहीत कर एक एफआईआर दर्ज की गई। मथुरा में 400 किलो मिलावटी पनीर नष्ट किया गया। लखनऊ में 802 किलो खोया नष्ट किया गया। झांसी में 1200 किलो खोया, हाथरस में 790 किलो मिलावटी आचार जब्त कर 3000 किलो खराब आचार नष्ट किया गया।

# बिहार के लोग मगध की धरती से भाजपा को हराएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भाजपा ने बिहार में बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ाने का काम किया है: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी उप्र के अवध क्षेत्र में हराया है और अब बिहार के लोगों की जिम्मेदारी है कि वे मगध की धरती पर भाजपा को हराकर दिखाएं। उन्होंने बिहार की जनता से अपील की कि वे समाजवादी विचारधारा और गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देकर बीज. ेपी को सत्ता से बाहर करें।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गोरखपुर के साथ-साथ लखनऊ में गोमती रिवरफ्रंट पर स्व केदार नाथ सिंह सैथवार जी की प्रतिमा लगाकर उनको सम्मान दिलाने का उनकी पार्टी सत्ता में आने पर करेगी। उन्होंने कहा कि ष्भाजपा ने बिहार में बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ाने का काम किया है। शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत खराब है। हमने यूपी में अवध क्षेत्र में भाजपा को सबक सिखाया, अब मगध और बिहार के लोग इसे सिखाएं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वदेशी स्वदेशी का चूर्ण खिला रही है। ए स्वदेशी का नारा हमें और आपको गुमराह करने का है। उन्होंने कहा कि ए लोग मन से विदेशी हैं और अगर मन से स्वदेशी हैं, तो आप चीन पर क्यों टैरिफ क्यों नहीं लगा रहे। कुछ जगह चढ़ावे में सोना का दाना चढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प गोमती नदी की स्वच्छता को लेकर पूरा होता नहीं दिख रहा है। उनकी सरकार ने गोमती सफाई का एक मॉडल तैयार किया था। य

ही मॉडल है, जिससे नदियां साफ हो सकती है। ए सरकार बजट साफ कर रही है और नाले पर रिवर फ्रंट बना रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि ए सरकार सफेद टेबल पर बैठकर काला झूठ बोलती है। सरकार की नीयत नेक नहीं है। जब सरकार के जाने का वक्त आया, तो गोमती की सफाई याद आई। ए सरकार नदी नहीं साफ कर रही है, बल्कि बजट साफ कर रही है। ये लोग प्लान करते हैं। कि कैसे लूटा जाए। उन्होंने कहा कि ष्भाजपा के पास कोई मॉडल ही नहीं है। जो लोग एनकाउंटर का बहाना देकर कानून-व्यवस्था की बात करते हैं, अगर एनकाउंटर से सब ठीक हो जाता, तो बंथरा में बेटी के साथ दुष्कर्म कैसे होता। हरिओम वाल्मीकि की हत्या क्यों हुई। अखिलेश दुबे का एनकाउंटर क्यों नहीं हुआ। आईपीएस अधिकारी चोरों को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलित और पीडीए समाज के लोग चिंतित है।

## सीएम योगी ने को शरारती तत्वों को चेतावनी दी

# दीपावली पर विघ्न डालने वाले होंगे सलाखों के पीछे

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ किसी ने अगर बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया, तो अगले चौराहे पर यमराज टिकट काटने के लिए खड़ा होगा:' मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** प्रदेशवासियों को पंच दिवसीय दीप पर्व की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शरारती तत्वों को चेतावनी दी कि दीपावली के उत्साह में विघ्न डालने की कोशिश करने वालों की जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।

लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि दीपावली के पहले यह प्रदेश के गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा उपहार है। त्योहारों का उद्देश्य यही है कि हम अकेले नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से इस उत्साह का हिस्सा बनें। 2021 में राज्य सरकार ने तय किया था कि वर्ष में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर उज्जवला योजना के सभी लाभार्थियों को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। इसी क्रम में आज प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को यह सौगात दी जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में सभी त्योहार, होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस, गुरु पर्व, जन्माष्टमी या रामनवमी पूरी शांति, सौहार्द और उमंग के साथ मनाए गए हैं। अब वह सरकार नहीं है, जो दंगाइयों के सामने घुटने टेक दे। यह सरकार जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब देना जानती है। उत्साह और उमंग के त्योहार में यदि किसी ने व्यवधान डाला तो जेल की सलाखें उसका इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी लोककल्याणकारी सरकार का दायित्व होता है कि वह शासन की योजनाओं का लाभ ईमानदारी से उन गरीबों, वंचितों और दलितों तक पहुंचाए, जो इसके पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार गरीबों को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ तब मिलना शुरू हुआ जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। 2014 के पहले गैस कनेक्शन लेना भी एक संघर्ष था, लेकिन मोदी जी ने 11 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिलाए।

अकेले उप्र के 1.86 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि पहले गरीब लकड़ी, कोयले या उपलों में खाना पकाते थे जिससे परिवार बीमार पड़ते थे। आज उज्ज्वला योजना ने नारी गरिमा को सम्मान दिया है और घर-घर में स्वास्थ्य और सुविधा का उजाला फैलाया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में परिवार से ऊपर कोई सोच नहीं थी।

### योगी ने गोवा के कैबिनेट मंत्री रवि नाइक के निधन पर शोक जताया

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री रवि नाइक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि गोवा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक का निधन अत्यंत दु:खद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने कहा है कि मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। गौरतलब है कि गोवा के कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाईक का आज निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिसके कारण 79 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली।

# पुलिस अधिकारियों की आत्महत्या पर हरियाणा सरकार जवाब दे:सैलजा

नई दिल्ली, वार्ता



■ एएसआई संदीप की आत्महत्या गंभीर मामला

कांग्रेस महासचिव सैलजा कुमारी ने पुलिस अधिकारियों की आत्महत्या के मामले में हरियाणा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि वहां शासन-प्रशासन की व्यवस्था गड़बड़ा गई है, इसलिए पुलिस अधिकारी आत्महत्या कर रहे हैं और इसका ताजा उदाहरण आईपीएस पूरण कुमार के बाद एएसआई संदीक का आत्महत्या करना है।

सुश्री सैलजा ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा कि एएसआई संदीप की आत्महत्या बहुत गंभीर मामला है और कांग्रेस शुरु से कहती आ रही है कि हरियाणा में सब कुछ ठीक नहीं है। आईपीएस अधिकारी के बाद एएसआई की आत्महत्या के मामले को सामान्य रूप से नहीं लिया जा सकता है। यह बेहद गंभीर मामला है और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि इन सब मामलों के कारणों की बारीकी से पड़ताल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिका. रियों का इस तरह से आत्महत्या करना बताता है कि हरियाणा सरकार में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट है कि सरकारी व्यवस्था पर अधिकारियों को भी भरोसा नहीं रह गया है। सुश्री सैलजा ने कहा कि आईपीएस वाई पूरन कुमार के साथ जो हुआ उसका सबको पता हो गया है।



सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65



सोना रु. 125230
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 180000
प्रति किलो



# बाजारों में लौटी रौनक, सेंसेक्स 300 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



लगातार दो दिन की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को रौनक लौट आई और बीएसई का संसेक्स 575 अंक उछल गया।

बाजार में आज शुरू से ही लिवाली रही जिससे संसेक्स मंगलवार के मुक. ाबले 575.45 अंक ऊपर 82,605.43 अंक (0.70 प्रतिशत) पर बंद हुआ। वित्तीय कंपनियों एवं सार्वजनिक बैंकों के साथ रियलिटी, तेल एवं गैस और आईटी सेक्टरों में भी निवेशकों ने खूब विश्वास दिखाया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 178.05 अंक यानी 0.71 फीसदी ऊपर 25,323.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 19 सितम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.08 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 फीसदी ऊपर रहा। एनएसई में कुल 3,189 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, जिनमें 1,979 के शेयर हरे निशान में और 1,125 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं 85 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।

एनएसई में रियलिटी, तेल एवं गैस, सार्वजनिक बैंकों, वित्त, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और आईटी समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी रही। अन्य समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 23 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस के बोर्ड द्वारा 1,890 करोड़ रुपए के अपरिवर्तनीय डिबेंचर जारी करनी की मंजूरी के बाद कंपनी का शेयर सबसे अधिक 4.03 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बजाज फिनसर्व में 3.10 प्रतिशत, एशियन पेंट्स में 2.48, एलएंडटी में 2.23 और ट्रेंट में 2.19 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.96 फीसदी, इटरनल का 1.93, अडानी पोर्ट्स का 1.78, टाटा स्टील का 1.61 और बीईएल का 1.49 प्रतिशत चढ़ा। पावर ग्रिड का शेयर 1.43 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.09, भारतीय स्टेट बैंक का 1.06 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ। आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 1.20 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.07 फीसदी, एक्सिस बैंक का 0.65 फीसदी और टेक महिंद्रा का 0.62 फीसदी टूट गया।

### सितम्बर में यात्री वाहनों की बिक्री 4.4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में सितम्बर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़कर 3,72,458 इकाई पर पहुंच गई, जो सितम्बर 2024 की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक है। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम ने बुधवार को जारी बिक्री के आंकड़ों में बताया कि पिछले महीने दुपहिया वाहनों की बिक्री 6.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21,60,889 इकाई पर और तिपहिया की बिक्री 5.5 प्रतिशत बढ़कर 84,077 इकाई पर पहुंच गई। सियाम ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की 30 सितम्बर को समाप्त दूसरी तिमाही में यात्री वाहनों, जिसमें कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं, की बिक्री सालाना आधार पर 1.5 फीसदी घटकर 10,39,200 इकाई रह गई। इसमें कारों की बिक्री जहां स्थिर रही है, वहीं उपयोगी वाहनों की बिक्री 2.1 प्रतिशत और वैन की बिक्री 3.8 प्रतिशत घटी है। तिमाही के दौरान वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 8.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री 9.8 फीसदी और दुपहिया की 7.4 फीसदी बढ़ी है। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल में किए गए बदलवा न सिर्फ भारतीय वाहन उद्योग को अगले स्तर पर ले जाएंगे, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की गति बढ़ाने में मददगार होंगे। हालांकि जीएसटी 2.0 की नई दरें 22 सितम्बर से (महीने में सिर्फ नौ दिन के लिए) प्रभावी हुई, यात्री वाहनों, दुपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री ने सितम्बर के अबतक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

# पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में सहयोग मजबूत करेंगे भारत-सऊदी अरब

**नई दिल्ली।** भारत और सऊदी अरब ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, निवेश को बढ़ावा देने तथा रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने पर गहन चर्चा की है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज उप मंत्री इंजीनियर खलील बिन इब्राहिम बिन सलामाह के नेतृत्व में भारत के दौरे पर आए वहां के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई इस बैठक में भारत का नेतृत्व रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग की सचिव सुश्री निवेदिता शुक्ला वर्मा ने किया। दोनों देशों के बीच इस क्षेत्र में सालाना करीब 4.5 अरब डॉलर का कारोबार होता है। दोनों पक्षों ने माना कि रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र में दोनों देश एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। पेट्रोरसायन उद्योग में सऊदी अरब महत्वपूर्ण क्षमता रखता है, वहीं भारत विशिष्ट रसायनों के क्षेत्र में अपनी क्षमता के लिए जाना जाता है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे की क्षमता के बीच सामंजस्य का लाभ उठाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी। बातचीत में भारत के पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोके. मिकल निवेश क्षेत्रों (पीसीपीआईआर) में सऊदी अरब के निवेश तथा रसायन और पेट्रोकेमिकल्स की मूल्य श्रृंखला में दोनों देशों की कंपनियों के बीच सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा की गई। दोनों पक्ष इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा कौशल विकास को लेकर भी सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। दोनों ओर से पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में एक स्थायी और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि भी की गयी और कहा गया कि इससे भारत और सऊदी अरब के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंध और दृढ़ होंगे। सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापा. रिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2024-25 में 41.88

# दीपोत्सव पर दिखेगा हुनर और स्वदेशी का संगम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इस दीपावली, उप्र के घर-घर में न केवल मिटी के दीए जलेंगे, बल्कि दिव्यांगजन के हुनर और आत्मनिर्भरता की चमक भी समाज को रोशन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी मंडलों में 16-17 अक्टूबर को 'दिव्य दीपावली मेला-2025' का आयोजन होगा, जिसमें दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्पादों की भव्य प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

सरकार की यह पहल न केवल 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के मंत्र को साकार करने से साथ-साथ दिव्यांगजन को आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान का नया मंच भी प्रदान करेगी। मिटी के दीपकों से लेकर कृत्रिम आभूषण और खाद्य सामग्री तक, इन प्रदर्शनियों में दिव्यांगजन का कौशल दीपोत्सव की रौनक को दोगुना करेगा। योगी सरकार दिव्यांगजनों के न केवल आर्थिक विकास पर ध्यान दे रही है, बल्कि सामाजिक समावेशिता को भी प्राथमिकता देती है। इस दीपावली, जब घर-घर दीए जलेंगे, तो दिव्यांगजन के हुनर की रोशनी पूरे प्रदेश को नई दिशा देगी। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित इस मेले में हस्तनिर्मित मिट्टी के दीपक, आकर्षक मोमबत्तियां, कृत्रिम आभूषण, हथकरघा उत्पाद, घरेलू सजावटी सामान, पूजा सामग्री, आचार, मुरब्बा, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री प्रदर्शित होंगी। ये उत्पाद विभिन्न दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ के सहयोग से तैयार किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने सभी मंडल मुख्यालयों में प्रदर्शनियों के लिए उचित स्थान चिह्नित करने और व्यापक प्रचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दिव्यांगजन के उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ा जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच सकें। यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' के साथ दीपोत्सव को स्वदेशी रंग देने का प्रयास है। गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, मेरठ जैसे मंडलों में मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बस्ती, अलीगढ़, वाराणसी, झांसी, प्रयागराज, बरेली आदि में भी मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक लोग इन प्रदर्शनियों में शामिल हों और स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं। यह आयोजन दीपावली की रौनक को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में संवेदनशीलता का संदेश देगा।

# दीपोत्सव-2025 में दो दिन होगा ड्रोन और लेजर शोर

लखनऊ, वार्ता

■ 18 व 19 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव- 2025 में आस्था, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर जलने वाले 26 लाख दीयों की आभा जहां भक्ति और उल्लास का प्रतीक बनेगी, वहीं कोरियोग्राफ्ड म्यूजिकल ड्रोन शो और 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो श्रद्धालुओं को अनूठा अनुभव देंगे।

पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं के उत्साह को ध्यान में रखते हुए ड्रोन शो और लेजर शो प्रस्तुतियों को आमजन के लिए दो दिन 18 व 19 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'दीपोत्सव-2025 में कोरियोग्राफ्ड म्यूजिकल ड्रोन शो और 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो को लेकर दर्शकों में उत्साह है। स्वदेश निर्मित 1,100 ड्रोन आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की झलकियां प्रस्तुत करेंगे। आकाश में अद्भुत कलाकृतियां उभरकर एक दिव्य दृश्य प्रस्तुत करेंगी। वहीं 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो दर्शकों के सामने वास्तविक प्रतीत होने वाली छवियों के माध्यम से अनुभव को यादगार बनाएंगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित दीपोत्सव में पहली बार 500 ड्रोन के माध्यम से भव्य शो का आयोजन किया गया था, जो आमजन और विशिष्ट अतिथियों सभी के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव रहा। दीपोत्सव-2025 को और अधिक आकर्षक एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से 1,100 ड्रोन के जरिए अद्भुत ड्रोन शो प्रस्तुत करने की योजना बनाई गई है। आम लोगों के अभूतपूर्व उत्साह को देखते हुए पर्यटन विभाग ने दीपोत्सव पूर्व 18 अक्टूबर को भी एक अतिरिक्त ड्रोन शो आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस प्रकार अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक अब दो दिन 18 व 19 अक्टूबर की शाम 7:30 बजे ड्रोन शो और लेजर शो का आनंद ले सकेंगे। सिंह ने बताया कि संगीत और रोशनी से सजे लेजर शो में प्रभु श्रीराम के जीवन और आदर्शों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से चित्रित किया जाएगा। वहीं 1,100 स्वदेशी ड्रोन रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आकाश में प्रस्तुत करेगा, जिनमें 'जय श्रीराम', धनुषधारी श्री राम, संजीवनी पर्वत उठाए हनुमान, रामसेतु और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जैसी मनमोहक आकृतियां शामिल होंगी। शो का समापन 'त्रेता युग से नव अयोध्या' की प्रतीकात्मक झांकी के साथ होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अंडर-17 में शिव व छाया बने व्यक्तिगत चैम्पियन

## जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में एएसएम खाता के खिलाड़ी चमके

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सीनियर बालक वर्ग अंडर-19 में एएसएम खाता की टीम चैम्पियन बनी। जबकि व्यक्तिगत चैम्पियन का खिताब निशांत को मिला।

मिनी स्टेडियम में चल रही जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। आखिरी दिन सीनियर बालक वर्ग अंडर-19 का चैम्पियन एएसएम खाता रहा। जबकि व्यक्तिगत चैम्पियनशिप का खिताब इसी विद्यालय के निशांत को मिला। फतेह सिंह इंटर कालेज के हिमांशू ने दूसरा, एएसएम खाता के सोनू तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में एसकेएम इंटर कालेज कुआ खेड़ा चैम्पियन रहा तथा व्यक्तिगत चैम्पियनशिप जनता इंटर कालेज मुढ़खेड़ा ज्योति, एसकेएम इंटर कालेज कुंआखेड़ा की विजयलक्ष्मी रही। बालक वर्ग अंडर-17 में सिख इंटर कालेज विजेता रहा जबकि व्यक्तिगम चैम्पियन सिख इंटर कालेज नारंगपुर के शिव कुमार बने। बालिका वर्ग में शहीद भगत सिंह देहरा कारद बक्श विजेता रहा। व्यक्गित चैम्पियनशिप का खिताब एसकेएम इंटर कालेज धनौरा की छाया को मिला। सबजूनियर बालक वर्ग अंडर-14 में गुरू तेग बहादुर इंटर कालेज पीपली तगा, स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल छपना चैम्पियन रहे। व्यक्तिगत चैंपियनशिप गुरू तेग बहादुर इंटर कालेज पीपली तगा के पनेसर ने जीती। बालिका वर्ग में सिख इंटर कालेज नारंगपुर विजेता रहा। व्यक्तिगत चैंम्पियन जानवी यादव नेहरू स्मारक इंटर कालेज राजापुर रहीं। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि खिलाड़ियों की हार-जीत की चिंता किये बिना खेलों में प्रतिभाग करना चाहिये। जो लोग गिरकर संभलना जानते है वह इस दुनियां को जीत सकते है। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि वह आगे चलते राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करें। एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि बच्चों के जीवन में खेलों का अहम योगदान है। इससे उनका शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने खिलाड़ियों का आह्वान करते कहा कि वह पूरी तैयारी व मेहनत के साथ खेलों में प्रतिभाग करें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खेलों के समापन पर डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार, डा. जीपी सिंह, ललित कुमार, नरेश सिद्धू, एमपी शर्मा, डा. जमशेद कमाल, आदिल अब्बासी, पवन कुमार, राजेन्द्र सिंह, मौहम्मद असलम, दीपा देवल, चन्द्रमणि, गौरव शर्मा, हसन एजाज, शरद मिश्रा, शिव कुमार, हसनैन नवाज, अवधेश कुमार, पंकज कुमार, अनिल कुमार, प्रीति चौधरी, सचिन गंधार आदि मौजूद रहे।

**■ खेलों में भविष्य बनायें छात्र: डा. ढिल्लो**



■ अमरोहा। जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते डा. हरि सिंह ढिल्लो।

# आम के पेड़ रात के अंधेरे में काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** लकड़ी माफियाओं ने रात के घने अंधेरे में आम के हरे भरे पेड़ों पर आरा चला कर उन्हें काट डाला। वन विभाग ने लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। हरियाली को तहस करने वाले माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। लकड़ी माफियाओं को ना तो वन विभाग का खौफ है और न हीं पुलिस विभाग से किसी तरह का डर है। गजरौला हसनपुर मार्ग पर दीपपुर गेट के सामने मंगलवार की रात लकड़ी माफियाओं ने आम के हरे-भरे 6 पेड़ों को काट दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने आम की लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर भागने का प्रयास कर रहे माफियाओं की घेरा. बंदी की तो वह ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर फरार हो गये। आम के बाग में मौके पर अभी और आम की लकड़ी पड़ी हुई है।

# दो दुकानों से 62 हजार की नकदी चोरी

## छत काटकर दिया घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चोरों ने कीटनाशक की दुकान की छत काटकर गल्ले में रखी 12 हजार की नकदी चोरी कर ले गये। जबकि दूसरी घटना में पचास हजार की नकदी व सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर लिया।

अतरासी रोड स्थित मोहल्ला शकूरपुर निवासी राहुल देव सैनी की पक्का बाग में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बगल में लक्ष्मी ट्रेडर्स के नाम से बीज व कीटनाशक दवाओं की दुकान है। मंगलवार रात वह दुकान बंद घर चले गए थे। बुधवार सुबह दुकान पहुंचे तो छत कटी हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पीड़ित राहुल देव सैनी के मुताबिक चोर गल्ले में रखे करीब 12 हजार रुपये चोरी कर ले गए। वहीं दूसरी घटना बाजार बटवाल की। चोरों ने यहां सिराज अहमद की दुकान को निशाना बनाया। गल्ले में रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर ले गए। पीड़ित सिराज को घटना की जानकारी बुधवार सुबह दुकान पहुंचने पर हुई। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है।

# भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को किसानों ने दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने नगर के फाजलपुर स्थित चीफ अभियंता के कार्यालय के समक्ष बैठकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने शासन को ज्ञापन भेजकर दस मुख्य मांगे रखते हुए जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की, साथ ही सुनवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ0दिवाकर सिंह ने प्रदेश के पुलिस व प्रशासनिक विभागों में फैले भ्रष्टाचार के विरूद्ध कड़े कदम उठाने व गजरौला में स्थित प्रदुषण फैलाने वाली इकाईयों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। इसी के साथ ही 518 रूपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग रखी। कहा गया कि डीजल, खाद, मजदूरी सब बढ़ गई हैं इसलिए गन्ना मूल्य बढ़ाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि भूलेख, हिस्सा-खसरा-खतौनीकेवल डिजिटल माध्यम से ही प्राप्त हों। बिजली निजीकरण और घरेलू दरों में बढ़ोत्तरी के फैसले को तत्काल वापस लिया जाए। इसी के साथ ही अमरोहा विकास प्राधिकरण, जेल निर्माण और जिला सहकारी बैंक बोर्ड गठन की मांग की गई। तिगरी गंगाधाम में विद्युत शवदाह गृह व तिगरी से ब्रजघाट तक गंगा रिवर फ्रंट बनाने की भी पुरजोर रूप से उठाई गई। इसके साथ साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसानों व आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर मुखर होते हुए अनेकों समस्याएं सामने रखीं और निदान की मांग की। धरने की अध्यक्षता दिनेश गुप्ता व संच. ालन सतबीर सिंह ने किया। प्रदर्शन में चौ.नेमपाल सिंह, चौ.धर्मवीर सिंह, नरेश खारी, हैप्पी, हरप्रीत, कैप्टन सुरेंद्र सिंह, मुकेश गर्ग, नरेश, पप्पू, इंद्रपाल सिंह, खेमपाल सिंह, अनिल भटनागर, गजराम चौहान, जविंदर सिंह, रामअवतार सिंह, पूनम चौधरी, बबीता रानी, प्रियंका भटनागर, मंजू चौधरी, सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

**■ गन्ना मूल्य 518 रूपये प्रति कुंतल घोषित हो: दिवाकर**

# डा. हाशमी का फर्जी एकाउंट बना पैसे की डिमांड

## साइबर थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डा. सिराज उद्दीन हाशमी का फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाकर साइबर ठगों ने लोगों से पैसे की डिमांड की। रिपोर्ट दर्ज कराने को साइबर थाने में तहरीर दी गयी है।

एक अगस्त को गैंगस्टर लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बनकर अज्ञात व्यक्ति ने खुद को गैंगस्टर रोहित गोदारा का भाई राहुल गोदारा बनकर डा. सिराजुद्दीन हाशमी के बेटे डा. बुरहान हाशमी को काल की थी। उनसे दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर नंबर की जांच की तो वह पुर्तगाल का निकला। हालांकि पुलिस अभी तक इस मामले की जांच ही कर रही है तथा किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। परंतु अब नया मामला सामने आया है। मंगलवार को साइबर अपराधियों ने डा. सिराजुद्दीन हाशमी के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बना लिया। शहर के लोगों को जोड़ कर उनके खाते में ढाई लाख रुपये भेजने का झांसा



दिया। कहा कि वह अमरोहा वापस आकर पैसे ले लेंगे। क्यूआर कोड व बैंक खाता की जानकारी मांगी जा रही है। हालांकि कोई साइबर अपराधियों के झांसे में नहीं आया। इतना ही नहीं मैसेज करने वाले ने खुद को सऊदी अरब में बताया। खुद को डा. हाशमी बताते हुए कहा कि किसी काम से सऊदी अरब आया हूं। आरोपित ने +6283151762968 मोबाइल नंबर भी लोगों को दिया और कहा कि यह नया नंबर लिया है। जांच में पता चला कि यह नंबर इंडोनेशिया का है। डा. हाशमी ने इस संबंध में साइबर थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# महान वैज्ञानिक थे एपीजे अब्दुल कलाम

## जयंती पर सपाईयों ने किया याद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम महान वैज्ञानिक थे।

पार्टी कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गयी। मस्तराम यादव ने कहा कि स्व. कलाम महान वैज्ञानिक व अभियंता के रूप में प्रसिद्ध थे उन्होने कठिन समय में कभी हार नहीं मानी तथा लोगों को सपने साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके योगदान के लिए उन्हें कई सम्मान पुरस्कार दिये गये। उन्होंने लगभग 40 विश्व विद्यालयों से डाक्टर आफ साइसेंस की मानक उपाधि प्राप्त की थी। इनके द्वारा ही राजस्थान में पोखरन परीक्षण किया गया था। कार्यक्रम में चौधरी भूपेन्द्र सिंह, चन्द्रपाल सैनी, साजिद खां, अतीक अहमद, महेश यादव, मुमताज खां, संतराम सिंह यादव, मोहम्मद अकरम, शाहवेज खान, सलमान प्रधान, सरताज अनवर, मलखान सिंह, जाकिर मौजूद रहे।

# पुलिस के लिए चुनौती बना अभिषेक हत्याकांड

## 24 घंटे में खुलासा न हुआ तो करेंगे सड़क जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अभिषेक हत्याकांड का खुलासा पुलिस के लिए चुनौती बनता रहा है। अभी तक हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित पक्ष में गुस्सा बढ़ रहा है। नाराज परिजनों ने बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर थाना पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। 24 घंटे में हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर गुरुवार को सड़क जाम करने की चेतावनी दी।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी किसान अभिषेक उर्फ भूरे की रविवार रात कांठ रोड स्थित एक फार्म हाउस में सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दावत का इंतजाम नगर पालिका अमरोहा के एक ठेकदार द्वारा किया गया था। जिसमें वार्ड 12 से जुड़े कुछ गांवों के करीब 200 से 250 लोग शामिल हुए थे। दावत में शराब की भी व्यवस्था की गई थी। गोलीकांड के बाद दावत में मौजूद लोग भाग गए थे। सूचना पर एएसपी अखिलेश भदोरिया, सीओ सिटी शक्ति सिंह व सीओ नौगावां सादात अवधभान भदोरिया ने घटनास्थल का मुआयना किया था। मामले में मृतक के भाई प्रेम सिंह की तहरीर पर अज्ञात हमलवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में परिजनों ने गांव के रहने वाले दो भाइयों पर हत्या का शक जताया था। हालांकि, हत्याकांड की जांच-पड़ताल के दौरान मौके पर मौजूद लोगों में से किसी ने भी अपनी जुबान नहीं खोली थी। वहीं, सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी लेकर परिजनों जोया-अमरोहा मार्ग पर जाम लगाकर जमकर हंगामा किया था। लेकिन चार दिन बाद भी पुलिस हत्याकांड का खुलासा करना तो दूर आरोपियों को गिरफ्तार भी नहीं कर सकी है। पुलिस की लापरवाही से नाराज परिजन बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचे तथा हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मामले में गांव के ही रहने वाले दो भाइयों पर हत्या का शक जताया। वहीं, 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी।

## विज्ञान के क्षेत्र में कलाम का योगदान अवस्मरणीय



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** जीएमएस कालेज आफ फार्मेसी में पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत डा. एपीजे अबुल कलाम की जयंती मनायी गयी। चेयरमैन शाहनवाज अली ने कहा कि डा. कलाम को मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता था। उन्होंने वैज्ञानिक और राष्ट्र नायक दोनों ही क्षेत्रों में अपनी काबिलियत साबित की। निदेशक ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान भाषण, कविता व निबंध प्रतियोगिता करायी गयी। कार्यक्रम में फार्मेसी प्रधानाचार्य संतोष चौधरी, मनसवी, डा. जफर वसीह, राखी, हिमांशी, नवनीत कुमार, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे।

# सभी पात्रों को मिलेगा उज्जवला योजना का लाभ

## कलेक्ट्रेट में पात्रों को बांटे चैक व सिलेंडर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जिले में सभी पात्र लोगों को उज्जवला योजना का लाभ दिलाया जायेगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उज्जवला योजना के अन्तर्गत चैक व सिलेंडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बोलते डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि हम सभी को देश के विकास के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में उज्जवला योजना का लाभ एक लाख 61 हजार 216 लाभार्थियों को दिया जायेगा। हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि भाजपा राज में पात्रों को बिना भेदभाव के सरकारी योजनाएं मिल रही हैं। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि निशुल्क सिलेंडर घर की जरूरतों को पूरा करने के साथ लोगों को सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि सरकार का मकसद अन्तिम पायदान पर



खड़े व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमार आदि मौजूद रहे।

# तीन भाईयों के साथ मारपीट

**■ पुलिस ने छह आरोपियों के विरूद्ध दर्ज किया केस**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नर्सरी के पौधों की गाड़ी भरते समय कुछ लोगों ने हमला बोल दिया और तीन सगे भाइयों सहित चार लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने छह आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव लिसड़ी में मंगलवार की शाम को करीब 07 बजे तीन भाई अदनान खां, शाहआलम खां व जावेद खां व औरगंजेब नर्सरी के पौधों की गाड़ी भरवा रहे थे, तभी अचानक शमशाद खां, शादाब खां, सरदार खां, शब्बू खां आदिल खां, जैनुल निवासीगण ग्राम सिहाली जागीर थाना हसनपुर ने तीनों भाईयों व औरंगजेब के साथ लाठी डन्डों के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। तीनों घायल भाईयों के पिता शाकिर खां ने आरोपियों के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने छह आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चलती ट्रेन से गिरकर महिला घायल

**■ चलती ट्रेन से उतरते समय हुई दुर्घटना**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** चलती ट्रेन से महिला उतरने की कोशिश कर रही थी कि गिरकर घायल हो गई। नगर के सीएचसी से घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद लाइनपार निवासी बीना पत्नी बंटी मुरादाबाद से गजरौला आ रही थी, लेकिन उसे यह नहीं पता था जिस ट्रेन में वह बैठी है इसका स्टॉपेज गजरौला में नहीं है। वह गलती से गरीब रथ एक्सप्रेस में बैठ गई थी। भानपुर फाटक से निकलते ही जब ट्रेन की गति धीमी हुई तो उसने उतरने की कोशिश की, लेकिन वह नीचे गिर गई और घायल हो गई। उसके साथ एक छोटी बच्ची भी थी, जो ट्रेन में बैठी रही, यात्रियों ने चेन पुलिंग करके ट्रेन को रोका और बच्ची को दिया। आरपीएफ ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, यहां से जिला अस्पताल अमरोहा के लिए रेफर कर दिया गया।

# अनुश्रवण समिति के अध्यक्ष बने महबूब

## विकास कार्यों पर कमेटी रखेगी नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली को जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवरण समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है।

श्री अली ने बताया कि यह समिति विकास कार्यो के संचालन हेतु विशेष अधिकार प्राप्त संस्था है। जिसमें सभी विकास कार्यो एवं योजनाओं को सुचारू रूप से गुणवत्ता, समयबद्धता के संचालन का विशेष दायित्व है। विकास कार्यो एवं योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की अगर समस्या आती है या किसी योजना के लिए भूमि अथवा स्थान की बाधा आती है तो यह



समिति द्वारा समाधान किया जायेगा। योजनाओं में लाभार्थियों का गलत चयन, अनुचित लाभ, विकास निधियों का दुप्रयोजन एवं आवंटित धनराशि के दुरूप्योग से मिलने वाली शिकायतों व अनियमित्ताओं की जांच भी समिति द्वारा की जायेगी।

# डाटा अपडेट न करने पर 21 प्रधानाचार्यो को नोटिस

## जवाब ने दिया तो रुकेगा वेतन:डीआईओएस

**अमरोहा।** शिक्षकों व कार्मिकों को डाटा वेबसाइट पर अपडेट न करने पर 21 प्रधानाचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यदि समय सीमा में जवाब नहीं मिला तो इनके खिलाफ वेतन रोकने, अनुशानात्मक कार्रवाई तथा प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई की जायेगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर हाईस्कूल व इंटर कालेज में पढ़ाने वाले शिक्षकों एवं कार्मिकों का डाटा 14 अक्टूबर तक अपडेट किया जाना था। जिसके लिये डीआईओएस कार्यालया द्वारा नोडल अधिकारी नामित किये गये थे। परन्तु समय सीमा बीतने के बाद भी डाटा अपडेट नहीं किया गया। जिस पर डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार ने आईएम इंटर कालेज, इंटरमीडिएट कालेज जमना खास, केपी इंटर कालेज शादपुर, शर्मा देवी इंटर कालेज, एकेजी इंटर कालेज जलालपुर घना, किसान इंटर कालेज डयोढ़ी वाजिदपुर, कृषक इंटर कालेज कोठी खिदमतपुर, राष्ट्रीय व गांधी इंटर कालेज मंडी धनौरा, ज्ञान भारती इंटर कालेज गजरौला, किसान आदर्श इंटर कालेज खादगूजर, दयानन्द इंटर कालेज सैदनगली, ग्रामोदय इंटर कालेज गंगेश्वरी, राजकीय हाईस्कूल अल्लीपुर खादर, राजकीय स्कूल बछरायूं, राजकीय हाईस्कूल झुंडीमाफी, राजकीय हाईस्कूल खुंगावली, पं. दीनदयाल उपाध्याय बुढ़नपुर, राजकीय इंटर कालेज बांसका कला, राजकीय इंटर कालेज तुगलकाबाद, राजकीय इंटर कालेज पपसरी खादर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यदि इसका जवाब नहीं दिया जाता है तो उक्त सभी के खिलाफ वेतन रोकने, प्रतिकूल प्रतिष्टि, व अनुशानात्मक कार्रवाई की जायेगी।

# राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में विपांशी को कांस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में विद्यालय का नाम सर बुलंद करने वाली छात्राओं का विद्यालय में सम्मान किया गया।

चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने गोरखपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभा किया था। राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कुमारी अग्रिमा शर्मा, कुमारी ज्योति, कुमारी प्रियांशी, कुमारी कनक कुमारी, विपांशी ने प्रतिभाग किया था। कुमारी विपांशी ने कास्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक ब्रहम दत्त त्यागी ने छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि छात्रा विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य अनीता शर्मा ने छात्राओं का माल्यार्पण करते हुए प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, मुनीम कुमार, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती प्रीति पवार, कुमारी निदा रहमान आदि मौजूद थी।

## विद्यालय में किया छात्रा का सम्मान



# वैल्डिंग मिस्त्री के खाते से उड़ाए डेढ़ लाख

## पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। युवक का मोबाइल चोरी कर उसके यूपीआई से जालसाजी कर डेढ़ लाख रुपये का गबन कर लिया। पैसे मांगने पर जान से मांगने की धमकी दी जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा निवासी अशद दिल्ली में रहकर वेल्डिंग का काम करता था। कुछ समय पहले अशद का मोबाइल चोरी कर लिया गया। उसके बाद उसके यूपीआई से कई बार में डेढ़ लाख रुपये जालसाजी कर निकाल लिए गये। जब पीड़ित ने जानकारी की तो पता चला कि उसके साथ रहने वालों ने हीं हेराफेरी कर उसका डेढ़ लाख रुपया थोड़े-थोड़े करके निकल लिए हैं। पीड़ित के पिता शौकीन ने कोतवाली पुलिस को पत्र देकर जालसाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# हाथों को रखें साफ, नहीं लगेंगी बीमारी

## नॉरेक्स फाउंडेशन ने मनाया हैंड वॉश डे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नॉरेक्स फ्लेवर्स प्रा. लि. की सामाजिक इकाई नॉरेक्स फाउंडेशन ने आज ग्लोबल हैंडवाशिंग डे धूमधाम से मनाया। प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाई स्कूल चौहड़पुर बगद तथा प्राथमिक विद्यालय मरगूबपुर में हुए कार्यक्रमों में बच्चों को हाथ धोने के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

चौहड़पुर बगद में कार्यक्रम प्रधानाध्यापिका शाफिया रफीक एवं मनोज कुमार के निर्देशन में, जबकि मरगूबपुर में राजीव कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस वर्ष की थीम हाथ धोने के हीरो बनें पर आधारित गति. विधियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नॉरेक्स फाउंडेशन की ओर से पहुंचे कंपनी के सस्टेनेबिलिटी मैनेजर अनुराग नाथ ने अपने प्रेरक संबोधन में हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि बताई और उसका प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महामारी के बाद हाथों की स्वच्छता सिर्फ आदत नहीं, जीवन रक्षा का उपाय बन गई है। कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क साबुन और उपहार वितरित किया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए देश के स्वच्छ भारत मिशन में योगदान का संकल्प दोहराया। विद्यालयों के अध्यापकों ने नॉरेक्स फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में स्वच्छ आदतों की नींव रखते हैं। इस अवसर पर अरुण कुमार, दीपक शर्मा समेत फाउंडेशन के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। स्वच्छ हाथ सुरक्षित कल, यही संदेश बच्चों के मन में गूंजता रहा

# शिक्षकों का शोषण रोकने को आर-पार की लड़ाई



## संगठन की मजबूती पर दें ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया। बैठक में ब्लॉक गंगेश्वरी एवं ब्लॉक की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

बुधवार को बैठक में बोलते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष करतार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों की लड़ाई एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर संगठन मजबूती के साथ लड़ रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों से मजबूती से संगठन के साथ जुड़े रहने का आह्वान शिक्षकों से किया। जिला अध्यक्ष करतार सिंह ने कहा कि किसी भी स्तर पर जनपद में किसी भी शिक्षक का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्णय से आहत हैं। क्योंकि इस निर्णय के अनुसार वर्ष 2011 से पूर्व सभी शिक्षकों को टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। इस अवसर पर जिला महामंत्री जगबीर सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार निमल, जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, ऑडिटर प्रवीण कुमार, जिला प्रवक्ता रूपेंद्र सिंह,सुरेंद्र व्यास, करणपाल, विकास राहुल, प्रमोद कुमार आर्य, देशराज सिंह, हरवीर सिंह, हरेन्द्र सिंह, प्रवीन, कुमार,बलवान सिंह, सत्यप्रकाश गौतम, सुरेंद्र प्रकाश व्यास, संजीव कुमार, संजीव मौर्य, नरेंद्र सिंह, करणवीर सिंह, संजय सिंह, विरेन्द्र सिंह,जिला महिला उपाध्यक्ष रेखा रानी, ओमवती देवी,सविता, देशराज सिंह,आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संरक्षक हरिराम सिंह ने की एवं संचालन जिला महामंत्री जगवीर सिंह ने किया। ब्लॉक हसनपुर एवं गंगेश्वरी के नवनियुक्त पदाधिकारी को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

# अफवाह फैलाने वालों पर करें सख्त कार्रवाई

## आतिशबाजी की बिक्री निर्धारित स्थान पर हो



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि त्यौहार पर अफवाह फैलाने वालो पर सख्त कार्रवाई की जाये। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखे। आतिशबाजी की बिक्री निर्धारित स्थान पर ही की जाये। कलक्ट्रेट सभागार में एसपी अमित कुमार आनंद ने आने वाले पर्व धनतेरस, दीपावाली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज तथा छट पर्व को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस, प्रशास. निक व विभागीय अधिकारियों की मिटिंग ली। एसपी ने कहा कि जिले में कही भी अवैध रूप से पटाखों की बिक्री नहीं होनी चाहिये। जो स्थान चिहिन्त किया गया है वहीं दुकानें लगाई जाये। धनतेरस पर सर्राफा बाजार समेत भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाये। उन्होंने कहा कि लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी। एडीएम गरिमा सिंह ने कहा कि दीपावली पर लोग मिठाई की अधिक खरीदारी करते है। एक दूसरे को बधाई देने के लिये वह घरों में मीठा आदान प्रदान करते है। ऐसे में खाद्य विभाग के अधिकारी लगातार छापेमारी कर मिलावटी मिठाई की बिक्री करने वालो पर सख्त कार्रवाई करें। बिजली विभाग निर्विरोध आपूर्ति दे। जहां भी बिजली के तार नीचे लटके है उन्हें ऊंचा कराया जाये।

# कलेक्शन एजेंट से एक लाख के नोटों से भरा बैग लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नकाबपोश बदमाशों ने दिगंबर फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट से 1 लाख रूपये की गन पॉइंट पर लूट कर ली। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर चल रही है। बुधवार को करीब 3:15 बजे दिगंबर फाइनेंस कंपनी का कलेक्शन एजेंट मोनू पुत्र संतोष कुमार निवासी ग्राम चचोरा जिला बुलंदशहर कलेक्शन कर बाइक से आ रहा था। हसनपुर क्षेत्र के गांव फूलपुर गढ़ी के चौराहे पर बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट को रोक लिया तथा तमंचा दिखाते हुए उससे 1 लाख रुपयों से भरा बैग लूट लिया। कलेक्शन एजेंट द्वारा जैसे ही शोर मचाया गया आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गये तथा एक बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। एक बदमाश मौके का फायदा उठाते हुए वहां से फरार होने में कामयाब हो गया। दिगंबर फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट से लूट होने की सूचना से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। पकड़े गये बदमाश को ग्रामीण में पुलिस को सौंप दिया।

# सड़क बनाने व गड्ढे भरने के काम में आई तेजी





**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले तिगरी मेले में प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। एसडीएम ने मेला क्षेत्र में कई घंटे तक रहकर कार्यों की प्रगति देखी। बुधवार को मेला क्षेत्र के सेक्टर छह में बने गड्ढ़ों को ठेकेदार के श्रमिकों ने भरवाने का काम किया। इसी के साथ ही गंगा रोड बनाने के काम में भी तेजी देखी गई। श्रमिकों ने अब तक बन चुकी गंगा रोड पर पानी

### एसडीएम ने मेला क्षेत्र में लिया कार्य का जायजा

आदि का छिड़काव किया तो वहीं शेष सड़क के निर्माण के लिए ट्रैक्टर आदि से जुताई कराई गई। इसी के साथ ही सेक्टर छह व सात में भी सड़क बनाने का काम किया गया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने मेले में कई घंटे तक रहकर हो रहे कार्य का जायजा लिया, मेला क्षेत्र में आ रही फसलों को कटवाने का कार्य भी देखा और जल्द से जल्द फसल कटवाने के निर्देश दिए।

**मेला स्थल पर दिखने लगी है चहल पहल**

मेला तिगरी में तमाशे और झूले के कर्मचारियों, दो चार छोटे दुक. ानदारों और अधिकारियों और कर्मचारियों के आने जाने के कारण चहल पहल दिखाई देने लगी है। अब धीरे धीरे मेला स्थल पर रौनक और चहल पहल बढ़ने पर ही रहेगी। दीपावली के बाद यहां पर बड़े बड़े दुकानदारों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। अधिकारियों के शिविर भी लगने लगेंगे।

# क्रय केन्द्र पर किसानों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मण्डी समिति स्थित धान क्रय केन्द्र पर तौल न करने पर किसानों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, तभी मौके पर पहुंचे जिला विपणन खाद्य अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया और तौल कराई। बुधवार की दोपहर को मंडी समिति केन्द्र पर धनवीर सिंह, जोगेन्द्र सिंह, मुन्ने, संजय, रावेन्द्र सिंह आदि धान बेचने के लिए गए, केन्द्र प्रभारी ने धान सही न होने की बात कहते हुए तौल कराने से मना करा दिया, जिससे किसानों ने काफी देर तक हंगामा किया। इसी बीच जिला विपणन खाद्य अधिकारी अजय प्रताप सिंह केन्द्र का जायजा लेने पहुंचे तो उनके समक्ष यह मामला आया। जिस पर उन्होंने किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया।

# महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अग्रवाल सभा, युवा अग्रवाल व महिला अग्रवाल सभा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार की शाम को महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम उल्लास के साथ मनाया

### धूमधाम से मना जयंती समारोह

गया। मुख्य अतिथि धनौरा के नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और नगर के वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम प्रकाश गर्ग ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और आरती करके किया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों और उनकी नीतियों पर चलने का आह्वान किया। अग्रवाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। अग्रवाल समाज के वृद्धजनों को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट करके अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल ने अग्रवाल समाज की एकजुटता पर जोर दिया। कहा कि अग्रवाल समाज को महाराजा अग्रसेन द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर देश को मजबूत करना है। इस अवसर पर प्रबंधक प्रमोद सिंघल, महामंत्री कपिल सिंघल, सुबोध सिंघल, सुनील गुप्ता, नितिन बंसल, चीनू सिंघल, शोभित गोयल, नरेंद्र गोयल, विनीता गर्ग, बीना बंसल, गरिमा बंसल, रेखा ,सीमा, मानसी अग्रवाल, गीता आदि मौजूद रहे।

# नागपाल स्कूल में धूमधाम से मना दीपावली का पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को दीवाली महोत्सव पूर्ण हर्षोल्लास और धार्मिक भावना के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने छात्र-छात्राओं को दीपावली पर्व

### एनआईएस में धूमधाम से मना दीपावाली महोत्सव

की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। निदेशक समीर नागपाल ने भी कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी की प्रतिमाओं को तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। छात्रें द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गीत, नाटक एवं रामायण से प्रेरित झाँकियों ने सभी को आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम की किंडरगार्टन के नन्हें-मुन्ने बच्चों की राम मंदिर भ्रमण यात्रा एक विशेष आकर्षण रही। जहाँ बच्चों ने भगवान श्रीराम के दर्शन किए और उनके जीवन से जुड़ी शिक्षाओं को जाना। इस अवसर पर प्रधानाचार्या निशी सिंह तथा स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# विश्वास करो हर पल साथ हैं ईश्वर

## यातनाओं के बाद नहीं डिगा प्रहलाद का ईश्वर के प्रति विश्वास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गांव मछरई में त्रिमूर्ति शेषनाग धाम पर चल रहे कार्तिक महोत्सव के दौरान भगवान श्री कृष्ण के महारास कार्यक्रम में राधा राधा रास मंडल ने भक्त प्रहलाद की मार्मिक कथा का सफल मंचन किया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को यह महत्वपूर्ण संदेश दिया कि यदि मनुष्य को भगवान पर अटूट विश्वास और आस्था हो, तो ईश्वर हर पल उसके साथ होते हैं। कथा में दिखाया गया कि भक्त प्रहलाद ने जब अपने पिता हिरण्यकश्यप को भगवान के रूप में स्वीकार नहीं किया, तो उन्हें कितनी यातनाएं और प्रताड़नाएं दी गईं। इसके बावजूद, प्रहलाद का विश्वास जरा भी नहीं डिगा। अंततः, भगवान ने नरसिंह रूप में प्रकट होकर भक्त प्रहलाद को दर्शन दिए और हिरण्यकश्यप का वध किया। इस सत्य सनातन कथा ने संस्कृति और मनुष्यों में भगवान के प्रति आस्था को और मजबूत किया। आज की कथा में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. योगेंद्र सिंह, अतीक अहमद, भगवत सिंह चौहान, ऋषिपाल सिंह गुर्जर, बंटी सैनी, हरनाम दास जी महाराज और पंडित मदन भारद्वाज सहित कई भक्त उपस्थित रहे।

## भाईचारे से मनाए त्यौहारः अंजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। आगामी त्यौहारों धनतेरस, दिवाली और भैयादूज को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से सीओ अंजलि कटारिया ने बुधवार को नगर के सभ्रांत व्यक्तियों के साथ अमन कमेटी बैठक का आयोजन किया। बैठक में सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। सीओ अंजलि कटारिया ने कहा, त्योहार रोशनी, खुशियों और एकता के प्रतीक हैं। इन्हें समाज की मर्यादा और शांति के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। आपसी सहयोग से ही नगर प्रेम और सद्भाव का संदेश देगा। बैठक में कानून-व्यवस्था की तैयारियों का भी समीक्षा की गई और किसी भी अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करने की सलाह दी गई।

# त्योहारों के मद्देनजर एसपी ने निकाला पैदल मार्च

## लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आगामी त्योहार दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज के मद्देनजर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार रात शहर के मुख्य बाजार, सर्राफा मार्केट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आम लोगों व व्यापारियों संग संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी ने कहा कि सुरक्षित वातावरण में त्योहारों का उत्सव मनाना अमरोहा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अमरोहा पुलिस हर स्तर पर सक्रिय है ताकि नागरिक निश्चिंत होकर अपने पर्वों का आनंद ले सकें। पुलिस द्वारा बाजार क्षेत्र में सतर्क गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, एंटी रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता तथा सीसीटीवी निगरानी जैसे सुरक्षा उपायों को मजबूत किया गया है। एसपी ने त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की। पुलिसकर्मियों को त्योहारो में सतर्कता बरतने के लिए ब्रीफ भी किया। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी शक्ति सिंह, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बैंक का सायरन बजने से हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। नगर के बुधबाजार में स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा का सायरन अपने आप ही बजने लगा, यह देखकर आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों से बाहर निकल आए, हालांकि जिस वक्त सायरन बजा उस समय बैंक बंद था। बुधवार की शाम को अचानक बैंक का सायरन बजने लगा, सायरन बजने की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार दुकानों से बाहर निकल आए तो सड़क पर जा रहे लोग भी यह देखने को रूक गए कि आखिर माजरा क्या है? बताते हैं कि कुछ दिनों पहले भी इसी तरह बैंक का सायरन बज उठा था, इस बारे में बैंक के किसी अधिकारी से सम्पर्क नहीं हो सका था

# हादसे में मौत पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई व्यक्ति की मौत के मामले में पुत्र की ओर से मुकदमादर्ज कराया गया है।

बता दें कि 09 अक्तूबर को शाम के समय सहदेव पुत्र जसवंत सिंह निवासी गांव गालिबबड़ा थाना नौगावां सादात मोटर साईकिल द्वारा तेवा फैक्ट्री के पास में ही स्थित गैस एजेंसी पर काम करने आ रहा था। वह यहीं पर काम करता था, जब उसकी बाइक तेवा फैक्ट्री के सामने पहुंची तो उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सहदेव की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार को सहदेव के पुत्र पुलकित ने अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया।

# समय से पूरी करें तिगरी मेले की तैयारीः एएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। तिगरी गंगा धाम पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। पुलिस-प्रशासन मेले को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने में जुटा है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने मेला कोतवाली में नियुक्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों संग बैठक की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि मेले को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। अपर पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में प्रभावी पुलिस व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, लापता/मिलान केन्द्रों की व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी समुचित उपायों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग, संवेदनशील एवं सतर्क रहते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेले को सकुशल सम्पन्न कराने की बात कही।

# इस्लामनगर: अवैध शराब खाना आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** नगर में जगह जगह अवैधा शराब के अढे खुलेआम चल रहे हैं। खोखे की दुकानों पर शराबी जमकर शराब पीते हैं। और फिर उत्पात मचाते हैं। जिससे नगर के लोगो का जीना दुश्वार हो गया है। अवैधा कारोबार को नगर के अपराधाी किस्म के लोग एक सफेद पोश के संरक्षण में अपना अवैधा धांधाा बेरोक टोक चला रहे हैं। बस स्टैण्ड क्षेत्र में कई खोखों पर बैठकर शराब खुलेआम पी जाती है। जिससे यात्री वर्ग को यह कार्य कुछ गलत लगता है। यात्रियों का कहना होता है। नगर में अधिाकांश खोखों व पान पकौड़ी की दुकान पर शराब पीने का दौर हर चलता रहता है। जो गिला. सों में डूबे थे, न संभले इस जिंदगानी में। जिसका प्रभाव लोगों पर गलत पड़ रहा है। नगर का माहौल खराब होता जा रहा है। शराबियों का आतंक इतना बढ़ गया है, कि ये पियक्कड़ रास्ते-रास्ते भर भद्दी भद्दी गालियों की बौछार करते हुए उत्पात मचाते हैं। और झगड़े फसाद पर आमादा रहते हैं। जिससे नगर में अपराधियों का सैलाब आ गया है। शराब बिगड़े हुए पीते हैं, या फिर शराब बिगाड़ देती है। शराब बुरी चीज है, बुरा बना देती है। नगर पुलिस प्रशासन आनन-फानन इन अवैधा शराब के अढों को बन्द कराए। और शराबियों के जमावड़े पर लगाम लगाए।

जिससे नगर एवं क्षेत्र में खुशनुमा माहौल पैदा हो। सूत्रें का कथन है शराब के अवैध अढे, तिरंगा चौक, बस स्टैण्ड, मौहल्ला टंकी ब्लाक मुख्यालय आदि स्थानों पर जमकर शराब पीकर उत्पात मचाते हैं। और अनभिज्ञ यात्रियों को तंग करते हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई है, कि रास्ता चलते व्यद्रि से भिड़ जाते हैं। और लड़ाई झगड़े पर आमदा हो जाते हैं। और कुछ शराबी शराब के नशे में लोगो से जबरदस्ती चौथ मांगते देखे जा सकते हैं। बाहरी लोगों यात्रियों के लिए ये बहुत बड़े गुंडे बन जाते हैं। और गुंडा टैक्स वसूलते हैं।



**शासन प्रशासन मौन हुआ, यहां अवैध कारोबार है। नगर में जगह जगह, शराब ही व्यापार है।।इसीलिए नगर में पूर्ण अमन शांति रहे। प्रत्येक व्यक्ति कानून का पालन करें। प्रशासन समय समय पर अवैध कारोबारियों पर सख्ती से अंकुश लगाए। और जांच कर समाज में व्याप्त अपराधी किस्म के लोगों को जेल भेजा जाए। अधिकारी सतर्क रहें। अपराधी वर्ग खत्म रहे, जनता बेफिक्र रहें।**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला कीमौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** दामाद के साथ दवा लेकर बाइक से घर लौट रही महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। गांव एपुरा निवासी रामप्रकाश की पत्नी कमलेश 50 सोमवार को अपने दामाद के साथ चंदौसी के प्राइवेट हॉस्पिटल से दवा लेने गई थी। रात करीब आठ बजे दोनों लोग बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी गदगांव एपुरा मार्ग पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौके स फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए बिसौली के अस्पताल पहुंचे, यहां उनकी मौत हो गई। मौत की घटना से परिवार में को. हराम मच गया। पुलिस ने मृतिका के पति की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस चौकी का हुआ भव्य उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

थाना वजीरगंज क्षेत्र के अंतर्गत एमए हाईवे पर स्थित रेहड़िया पुलिस चौकी का कार्य पूर्ण होने के बाद बुधावार को भव्य रूप से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधाीक्षक डक्क ब्रजेश कुमार सिंह ने चौकी का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधाीक्षक ग्रामीण डॉ हिरदेश कुमार सिंह कठेरिया, क्षेत्रधिाकारी बिसौली सुनील कुमार तथा थाना वजीरगंज के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।रेहड़िया पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन में बेहतर पुलिसिंग के लिए सभी आवश्यक सुविधााएं उपलब्धा कराई गई हैं, जिससे आम जनता को त्वरित व प्रभावी सेवा का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान



एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने चौकी क्षेत्र के सभी चौकीदारों को आगामी ठंड के मौसम को धयान में रखते हुए गर्म कंबलों का वितरण कर उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिब) है, बल्कि अपने स्टाफ के कल्याण का भी पूरा धयान रखता है।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारीगण व स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने चौकी के नए रूप की सराहना की और बेहतर पुलिस व्यवस्था की उम्मीद जताई।

## कफ सीरप के नमूने जांच के लिए भेजे लैब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद-आगरा में पायी गयी नकली दवाओं एवं कफ सीरप जिससे बच्चों की मृत्यु हुई, के प्रकरण में औषधिा निरीक्षक लवकुश प्रसाद द्वारा मंगलवार को जिले के मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। साथ ही उपरोद्र मेडिकल स्टोरों के क्रय-विक्रय बीजकों की गहन जांच की गयी। उद्र नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्ति उपरान्त विधिाक कार्यवाही की जायेगी। औषधिा निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को मेसर्स राजीव कुमार रजत कुमार, सीएचसी के सामने, स्टेशन रोड मोहल्ला नारायनगंज उझानी, थाना कोतवाली जनपद-बदायूँ उद्दप्रद्द से 02 नमूनें ... 01 कफ-सीरप एवं मेसर्स पूजा मेडिकल स्टोर, रेलवे रोड, उझानी, थाना-कोतवाली उझानी, जनपद-बदायूँ से 03 नमूना ... 02 कफ-सीरप संदेह के आधाार पर गहन निरीक्षण उपरान्त संग्रहीत कर राजकीय प्रयोगशाला को भेजा गया।

## बिसौली नगर के प्राचीन रामलीला मैदान में चल रही भव्य रामलीला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंचन में मंगलवार की रात्रि लंका दहन की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। इस प्रसंग में हनुमानजी महाराज का लंका में माता सीता जी के पास जाकर श्रीराम की मुद्रिका देना और अशोक वाटिका में मेघनाथ द्वारा उन्हें बंधाक बनाकर रावण के दरबार में ले जाने का दृश्य अत्यंत भावपूर्ण रहा। रावण द्वारा हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने का आदेश दिया गया, जिसके पश्चात हनुमानजी ने अपने पराक्रम और प्रभु श्रीराम के स्मरण से पूरी लंका को दहन कर दी। इस अद्भुत दृश्य से पूरा मैदान जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोषों से गूंज उठा। लीला में रावण की भूमिका ज्ञानेश शंखधाार, मेघनाथ की बृजवासी मिश्रा, हनुमानजी की रामसुमिरन लाल मिश्रा तथा सीता जी की भूमिका विनायक मिश्रा ने निभाई। सभी कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्धा कर दिया। मंच का संचालन राजेंद्र मिश्रा ने कुशलता से किया। भद्रिमय वातावरण में संपन्न इस लीला को देखने के लिए भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और भगवान की महिमा का गुणगान करते रहे।

## बालिकाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा स्वावलंबन और सशद्रिकरण के मिशन शक्ति 5ण्0 अभियान के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा गठित महिला सुरक्षा दल ने प्रमुख चौराहोंए स्कूलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें महिला सुरक्षाए सम्मानए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और



साइबर अपराध से बचाव के बारे में जागरूक किया। महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने आगाह किया कि किसी भी अपराध या अपराधी के बारे में तत्काल पुलिस या शक्ति मित्र महिला पुलिसकमियों को सूचना दें। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल प्रियंकाए महिला कांस्टेबल पूनमए बबलू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मजदूर हुआ गंभीर रूप से घायल मालिक ने मजदूर को किया अनदेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** बदायूं क्षेत्र में आलू भंडारण के लगभग 20 से ज्यादा कोल्ड स्टोर वजीरगंज सहित आसपास क्षेत्र के क्षेत्र में है महिलाएं एवं लड़कियां आलू की ग्रेडिंग के साथ-साथ आलू की साफ सुथराई का काम करती है अधिकांश कोल्ड स्टोर में बिना माप दंड के नाबालिक बच्चों को भी आलू बिनाई के साथ-साथ पल्ले डालने का काम कराया जाता है इसीलिए वजीरगंज के गांव लहरा वजीरगंज के साथ-साथ बिसौली के कई गांव की लेबर आकर स्टोर में काम करती है लेकिन स्टोर मालिक ना तो मजदूर को खाने का समय देते हैं और ना ही सप्ताह या महीने में एक दिन की छुटी देना पसंद करते हैं



इसी लिए आज का एक ताजा उदाहरण कोल्ड स्टोर मालिक के द्वारा हुआ कोल्ड स्टोर में मजदूर की छुटी 4:00 बजे हो जानी चाहिए क्योंकि लेबर 7:00 बजे स्टोर में पहुंच जाती है लेकिन स्टोर मालिक ने लेबर को 7:00 बजे तक अपने पास रखा अंधेरा होने के कारण शाम को ट्रीरी से सरवरी उम्र 70 वर्ष जो स्टोर में काम कर रही थी पत्नी नत्थू ग्राम लहर लाडपुर अपने गांव जा रही थी लेकिन अंधेरा ज्यादा होने के कारण किसी वहान की चपेट में आ गई जिससे उनका पर कुचल गया और वो गंभीर रूप से घायल होई इसके बावजूद भी सत्य कोल्ड स्टोर के मालिक और उनके किसी कर्मचारी ने उनको उठाने और किसी वहां से अस्पताल पहुंचा की जहमत भी नहीं उठाई सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को अपने बाहान से सीएचसी पर पहुंचा जहां क्तपदापदह ने महिला को मृत घोषित दिया थाना पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाहान को अपने कब्जे में लिया है।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में छात्रों ने किया योगाभ्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में एम.बी.बी.एस. बैच 2025 के नवप्रवे. शित छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय 14-15 अक्टूबर विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक शांति, एकाग्रता, आत्म-नियंत्रण एवं शारीरिक स्फूर्ति को प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार से आए योगाचार्य हरेंद्र सिंह आर्य एवं गिरीधाारी सिंह राठौर एबं उनके टीम दुष्यंत यादव, अंकुश यादव एवं कुलदीप यादव द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विविधा योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के दार्शनिक और चिकित्सीय महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधाीक्षक डॉ रितुज अग्रवाल, नोडल अधिकारी डॉ मुकत्याज हुसैन, डॉ वेंकेट नारायण, निवासन गांधाी, डॉ श्रवण कुमार भार्ग, डॉ लालेन्द्र यादव, डॉ नितेश पति तिवारी, डाद्द अमित कुमार सहित अनेक संकाय सदस्य एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मुकत्याज हुसैन ने बताया कि मेडिकल शिक्षा के आरंभिक चरण में योगाभ्यास विद्यार्थियों में अनुशासन, संतुलन एवं आत्मविश्वास विकसित करता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधाीक्षक डॉ रितुज अग्रवाल ने अपने संबोधान में कहा योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा का समन्वय है। चिकित्सा शिक्षा जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में मानसिक संतुलन और एकाग्रता बनाए रखने के लिए योग अत्यंत लाभकारी है। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों द्वारा योगाचार्यों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

## एक नजर

### 20 अक्टूबर तक करें हज-2026 के प्रशिक्षक हेतु ऑनलाइन आवेदन

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लालमन ने बताया है कि सचिव व कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 राज्य हज समिति मौलाना अली मियां मैमोरियल हज हाउस सरोजनी नगर लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि हज कमेटी अफ्र इण्डिया मुम्बई द्वारा हज-2026 के हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रि किये गये हैं। ऑनलाइन आवेदन 07 अक्टूबर से आरम्भ हो गया है जो 20 अक्टूबर 2025 तक जारी रहेगा। अफ्रलाइन आवेदन हज कमेटी इण्डिया की वेबसाइट https://www-hajcommittee-gov-पद पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हज कमेटी अफ इण्डिया द्वारा कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षाद्धसी0बी0टी0 08 नवम्बर 2025 को की जाएगी। कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा द्धसी0बी0टी0ऋ में शार्टलिस्टेड परीक्षार्थियों का साक्षात्कार नवम्बर 2025 के द्वितीय सप्ताह में होगा। चयनितं प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण मुम्बई में नवम्बर 2025 के चौथे सप्ताह में सम्भावित होगा। केवल ऑनलाइन आवदेन स्वीकार किये जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। 150 हज आवेदकों पर 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। पुरूषधमहिलाओं प्रशिक्षकों का चयन पुरूष व महिला हज यात्रियों की संख्या के अनुपात में किया जायेगा।

## देश आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर : केंद्रीय राज्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधाानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत 1500 करोड रुपए की धानराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धानाराशि का



अंतरण बटन दबाकर किया। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सीधाा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जनपद के 377002 लाभार्थियों को 21 करोड़ 09 लाख 62 हजार 779 रुपए की सब्सिडी का लाभ मिला व 10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से सब्सिडी के चेक का वितरण केंद्रीय राज्यमंत्री, जनप्रति. निधाियों व अधिकारियों ने किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि सब्सिडी लाभाथियों को सरकार की ओर से दीपावली का उपहार है। बदायूं के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधाानमंत्री जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब प्रधाानमंत्री ने देश की बागडोर अपने हाथ में ली थी तब उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबों की रेखा से ऊपर लाने का कार्य सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधाानमंत्री उज्ज्वला योजना के करोड़ों लाभार्थियों को सब्सिडी प्रदान की जा रही है। 4 करोड़ 21 लाख लोगों को प्रधाानमंत्री आवास योजना व अन्य आवास योजनाओं के द्वारा पक्के मकान दिए गए।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का मु"त इलाज की सुविधाा दी गई। उन्होंने सभी से आवाहन किया कि वह स्वदेशी को अपनाएं। प्रधाानमंत्री जी ने बेटियों के सिदूर उजाड़ने वालों को अफ्रेशन सिंदूर के माधयम से सबक सिखा दिया कि एक चुटकी सिंदूर की कीमत क्या होती है। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि जनपद में प्रधाानमंत्री उज्ज्वला योजना के 03 लाख 77 हजार 02 लाभार्थी हैं जिनमें से आईओसीएल के 203465, बीपीसीएल के 105314 तथा एचपीसीएल के 68223 लाभार्थी हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रत्येक सिलेंडर रिफिल का उपभोद्रा को 894.48 पैसे प्रति सिलेंडर देना होता है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक सिलेंडर रिफिल पर अनुमन्य सब्सिडी रुपए 335.40 प्रति सिलेंडर दी जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक सिलेंडर रिफिल पर अनुमन्य सब्सिडी 559.58 प्रति सिलेंडर दी जाती है। उन्होंने कहा कि उपभोद्रा अपने स्तर से उपभोद्रा दर के अनुसार नकद भुगतान कर रिफिल प्राप्त करता है जिसके चार से पांच दिन के उपरांत इस योजना अंतर्गत दी जाने वाली सब्सिडी उसके आधाार प्रमाणित बैंक खाते में तेल विपणन कंपनी द्वारा अंतरित की जाती है। पचास पैसे बैंक विनिमय दर है। इस प्रकार सिलेंडर रिफिल लाभार्थी को निशुल्क प्राप्त होता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाधयक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधाायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधाायक हरीश शाक्य, बीजेपी नेता शारदेंदु पाठक, पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधाि, अधिकारीगण व लाभार्थी आदि मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रभावी कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आगामी दीपावली, गोवर्धान पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुद्र खाद्य पदार्थों की उपलब्धाता हेतु जनपद बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बुधावार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रें से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 08 खाद्य पदार्थों के नमूनों को वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए।

आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। सहायक आयुद्र खाद्य द्वितीय सीद्दएलद्द यादव ने बताया कि बुधावार को चलाए गए अभियान में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गई, जिसमें बराही, दातागंज स्थित नौशाद पुत्र दिलशाद के वाहन से छेना मिठाई का एक नमूना तथा शेष लगभग 2100 किग्रा दूषित छेना मिठाई अनुमानित मूल्य 2,52. 000-को मौके पर नियमानुसार नष्ट कराया गया।

उन्होंने बताया कि आसिफपुर रोड बिसौली स्थित सैदर अली के वाहन से सरसों तेल एक नमूना तथा शेष लगभग 224 किद्दग्राद्द सरसों तेल द्धअनुमानित मूल्य 36,000ध- को नियमानुसार सीज किया गया। बरेली रोड बदायूँ से आस मोहम्मद के वाहन से एक मिश्रित दूधा का नमूना। बिनावर स्थित विसेन साहू के प्रतिष्ठान से एक बूंदी ल का नमूना तथा शेष लगभग 12 किग्रा बूंदी लदी एवं नुमानित मूल्य 3150 को मौके पर नियमानुसार नष्ट कराया गया।

उन्होंने बताया कि बिनावर स्थित तयूब के प्रतिष्ठान से एक लौंज का नमूना संग्रहित कर साफ-सफाई के सम्बन्धा में सुधाार नोटिस देने की संस्तुति दी गयी। बरेली रोड बदायूँ स्थित रवि साहू के प्रतिष्ठान से एक मिश्रित दूधा का नमूना। आरिफपुर नवादा स्थित मेसर्स कृष्णा डेयरी से एक मिश्रित दूधा का नमूना।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 7463/533सी0(ई-टेण्डर)-08/2025-26 दि0 04/10/2025

ई-निविदा आगंत्रण सूचना

1.महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत के कार्यक्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार पंजीकृत ठेकेदारों से कमांक 01 से 03 तक आईटम (मद बार) दरों पर (Item Rate Bids) एवं कमांक 04 पर प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 18.10.2025 से दिनांक 06.11.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदादाता बिड से सम्बन्धित अभिलेख जैसे कि कान्ट्रेक्टर डाटा, प्रपत्र, शते, विशिष्टियों, बिल ऑफ क्वान्टिटी आदि एवं बिड की रांशोधित/परिशिष्ट शर्ते इत्यादि का भली-भांति परीक्षण कर लें। निविदा 06.11.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
2.

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | बिड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 | 7 |
| 1 | बरखेड़ा दौलतपुर उगनपुर सुहास (अ0जि0मार्ग) के किमी0 02 से बरखेड़ा दौलतपुर पिपरामण्डन बुहिता परेई नहर (अ0जि0मार्ग) के किमी0 01 से 07 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 844.00 | 21.00 | 865.00 | 17.30 | रू0 2714.00 | 12 माह | ए0 |
| 2 | शाही हण्डा होते हुए जहानाबाद मार्ग के चैनेज 0.000 से 4.500 तक मार्ग चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 824.00 | 20.00 | 844.00 | 16.90 | रू0 2714.00 | 12 माह | ए0 |
| 3 | भीकमपुर पसगवॉ मीरपुर टेमपुरा नौहनियां (अ0जि0मार्ग) मार्ग के चैनेज 8.500 से 18.300 तक चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 1256.00 | 30.00 | 1286.00 | 25.80 | रू0 2714.00 | 12 माह | ए0 |
| 4 | मीरालपुर खुदागंज मार्ग (अ0जि0मार्ग) के किमी0 7.50 से 10.60 तक चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 349.00 | 8.00 | 357.00 | 19.85 | रू0 2714.00 | 12 माह | ए0 |

3. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(एस.के. जैन)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लोनिवि, पीलीभीत

UPID-238960, DATE-14/10/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

(के0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियंता
बदायूँ/पीलीभीत वृत, लोनिवि, बरेली

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 2783/ई-निविदा/2025-26 ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 08/10/2025

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 17.10.2025 से 25.10.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की गयी हैं, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.10.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

| S.No. | Name of Work | Name of Division | Estimate Cost (In Lacs) | 05 year Maintenance Cost(RS.) | Total | Bid Security (In Lacs) | Tender Fee (Stationary Charges + GST) | Date Of Completion | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिथौली से संग्रामपुर मार्ग (गन्ना विभाग द्वारा हस्तान्तरित) में पुर्ननिर्माण का कार्य। | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 16.42 | 1.23 | 17.65 | 1.77 | 944.00 | 02 माह | A,B,C,D, Road Work |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
बरेली

UPID-238933, DATE-14/10/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
बरेली

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने छह आरोपियों को दबोचा

■ आरोपियों के पास से आठ बाइक बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर आठ बाइक बरामद की गई हैं। ये बाइकें अलग-अलग जिलों से चोरी कर लाई गई हैं।

आंवला थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले छह शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से चोरी की आठ बाइक बरामद हुई हैं। इसमें से एक बाइक अभी तीन दिन पहले आंवला के मोहल्ला गंज पुरैना ढाल से चोरी की गई थी। आरोपियों ने पुलिस की नजर से बचने के लिए बाइकों को मनौना गांव में बंद पड़े ईंट भट्ठे में छिपाया था। बुधवार दोपहर को थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार ने बताया कि पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से बाइक चोरों के गिरोह के मूवमेंट की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने आंवला-बिसौली रोड पर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान आंवला की ओर से तीन बाइकों पर सवार छह लोग आते दिखाई दिए। तीनों बाइकों को रोककर पूछताछ के बाद ई-चालान ऐप पर जांच की गई तो बाइकें चोरी की निकलीं। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने तीनों बाइकों को मुरादाबाद, बरेली व शाहजहांपुर से चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर मनौना गांव के पास बंद पड़े ईंट भट्ठे से चोरी की पांच और बाइक भी बरामद हुईं।

आरोपियों ने बताया कि इन बाइकों के बिक्री के बाद छिपाई गई बाइकों को भी ग्राहक खोजकर बेच देते। जो पैसा मिलता है आपस में बांट लेते थे। पकड़े गए आरोपियों में आकाश, महेंद्र निवासी लक्ष्मणपुर, थाना आंवला, मुकेश व कमरूददीन हरदासपुर थाना सिरौली, असलम व सलमान निवासी गांव रूद्रपुर थाना खीरी शामिल हैं। आरोपियों पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

# विजय लक्ष्मी बनीं एक दिन की कोतवाल, सुनीं शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागृत करने के लिए चलाए जा रहे अभियान में बुधवार को क्षेत्र के एशियन लॉ कॉलेज की छात्रा विजय लक्ष्मी मौर्य एक दिन की कोतवाल बनीं।

कॉलेज की बीए एलएलबी थर्ड सेमिस्टर की छात्रा विजय लक्ष्मी मौर्य बुधवार को कोतवाली पहुंचीं, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें मिशन शक्ति के तहत कोतवाल की कुर्सी पर बैठाया। इस दौरान एक दिन की कोतवाल बनीं छात्रा विजय लक्ष्मी मौर्य ने थाने में आए फरियादियों कि शिकायतें सुनकर आदेश भी दिए। इस दौरान कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, कॉलेज के एमडी एड नंद किशोर, डायरेक्टर अभिषेक, प्रो. जामिन अली, प्रो. मिस्बाह अल्ताफ मौजूद रहे।

## एक नजर

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम की छापेमारी से हड़कंप ,दो नमूने भरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम की छापेमारी अभियान से दुकानदारों मे हड़कम्प्प मच गया।टीम द्वारा दो दुकानों के नमूने के नमूने लिए गए

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरगंज राघुवेंन्द्र प्रताप वर्मा ने बताया कि बुधवार को उन्होंने अपनी टीम के कमलेश कुमार,तेज वहादुर सिंह व ज्योत्सना त्रिपाठी के साथ कस्वे के बरेली बस अड्डा पर अभियान चलाकर राजू गुप्ता की मिठाई की दुकान पर छापा मारा। यहां से सोन पपड़ी का नमूना लिया। उसके बाद प्रदीप कुमार की मिठाई की दुकान से वर्फी का नमूना लिया गया है।बताया कि बाकी दुकानदार भनक लगते ही सटर बन्द कर फरार हो गए। मिठाई के भरे गए नमूनों को प्रयोगशाला भेजकर जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### राजकीय संकेत विद्यालय में आज होगा दीपावली मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजन द्वारा निर्मित सामग्रियों हेतु दीपावली मेले का आयोजन राजकीय संकेत विद्यालय में आज अपरान्ह 1.00 बजे किया जाएगा, जिसमें मण्डल की स्वैच्छिक संस्थाओं एवं विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी व स्टाल भी लगाये जायेंगे। जनमानस व गणमान्य व्यक्तियों से अनुरोध है कि राजकीय संकेत विद्यालय, नावल्टी चौराहा में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित सामग्रियों के स्टाल पर पहुॅचकर दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन करें। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने दी है।

### गांव के दो युवक रहस्यमय ढंग से हुए लापता, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव विशनपुर के रहने वाले देवदत्त का पुत्र निर्मल मंगलवार को अपने घर से कस्बे में आने को कहकर आया था, उसके साथ उसका चचेरा भाई राज पुत्र श्याम बाबू भी था।

दोनों जब मंगलवार से शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उन्हें इधर-उधर रिश्तेदारियों में तलाश किया, लेकिन किसी का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार को दोनों युवकों की गुमशुदगी की तहरीर देवदत्त की ओर से पुलिस को दी गई है।

### लड़की को भगाने के मामले में युवक व परिजनों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक लड़की को एक युवक अपने साथ भगा ले गया। जानकारी लगने पर जब लड़की की मां युवक के घर पहुंची तो उन्होंने गाली गलौज कर उसे उसे घर से भगा दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी युवक व उसके परिजनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम उगनपुर निवासी एक महिला का कहना है कि दिनांक 14.10.25 को पवन उसकी पुत्री उम्र करीब 20 वर्ष को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जब उसने युवक के घर शिकायत की तो लड़के के घर वालों ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पवन पुत्र तोताराम, सतप्रिय, तोताराम, पवन की माता निवासीगण ग्राम जोतपुर थाना बहेड़ी जनपद बरेली के खिलाफ धारा 87,352, 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में विकसित भारत बिल्डथान कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में विकसित भारत बिल्डथान कार्यक्रम का लाइव प्रसारण छात्राओं को दिखाया गया। इस कार्यक्रम को प्रिंसिपल नंदिनी अनामिका, स्टाफ और अभिभावकों सहित छात्राओं ने देखा। विकसित भारत बिल्डथान कार्यक्रम का लाइव प्रसारण छात्राओं को



दिखाया गया, जिससे उन्हें देश के विकास और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा बनाए गए उत्पादों और मॉडल्स को अतिथियों और अभिभावकों को दिखाया गया, जिससे उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। प्रिंसिपल नंदिनी अनामिका ने कहा कि इस प्रसारण से छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और उनके अंदर की प्रतिभा निखरेगी। इस मौके पर सभासद ताहिर पप्पू, शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन छात्राओं को विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका के बारे में जागरूक करने के लिए किया गया था। इस तरह के कार्यक्रमों से छात्राओं को अपने भविष्य के बारे में सोचने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज छात्राओं को शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बरेली में 40 मकानों पर लगे निशान, चल सकता है बुलडोजर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नगर निगम ने तालाब और स्कूल की जमीन पर बने 40 मकानों पर नोटिस चस्पा किए हैं। जिसमें 15 दिन में मकान खाली करने की मोहलत दी गई है। इस अवधि में अगर कब्जा खाली नहीं होता है तो दिवाली के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो सकती है। इससे इन मकानों में रहने वाले लोगों की नींद उड़ गई है।

बरेली के डेलापीर में नगर निगम के तालाब की जमीन पर कब्जा कर वर्षों पहले बनाए गए 27 मकानों, महेशपुर अटरिया में चार और शाहबाद में स्कूल की जमीन पर बने नौ मकानों पर अब ध्वस्तीकरण की तलवार लटक गई है। अगर कब्जेदारों को कहीं से कोई राहत नहीं मिली तो दिवाली के बाद मकानों पर बुलडोजर चल सकता है। अगर नगर निगम हटाएगा कब्जा तो कब्जेदार से हटाने का भी खर्चा वसूला जाएगा। जब से नगर निगम ने नोटिस दिया है, तब से कार्रवाई को लेकर कई परिवार बेचैन हैं। उनका कहना है कि वह वर्षों से यहां रह रहे हैं। पाई-पाई जोड़कर मकान बनाए हैं। अब नगर निगम मकान खाली करने के लिए कह रहा है।

नगर निगम के संपत्ति विभाग ने नौ अक्तूबर को 40 मकानों पर नोटिस तालीम कराए। जिन लोगों ने नोटिस नहीं लिए, उनके मकान के बाहर नोटिस चस्पा किए गए हैं। नोटिस में 15 दिन का मौका दिया गया है। अगर इस अवधि में वे अपना निर्माण नहीं हटाते हैं तो अवैध कब्जा तो हटेगा ही। साथ में अवैध निर्माण को लेकर मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

नगर निगम नोटिस के अनुरूप कार्रवाई करता है तो 25 अक्तूबर यानि त्योहार के बाद कार्रवाई हो सकती है। इसे लेकर इन मकानों में रहने वाले परिवार चिंता में हैं। बचाव का रास्ता तलाश रहे हैं। इन लोगों ने बुधवार को मीडिया से कहा कि वे तो उस जमाने से रह रहे हैं जब लोगों के पास जमीन के कागज नहीं होते थे। उन्हें इस जमीन पर किसी और ने रुपये लेकर बसाया है लेकिन कोई कागज नहीं दिया। निर्माण में जमा पूंजी खत्म हो गई। नोटिस मिलने के बाद एक एक दिन मुश्किल में बीत रहा है। डेलीपार निवासी रामबेटी ने बताया कि जब से नगर निगम का नोटिस मिला है, तब से नींद नहीं आई है। कहा गया कि मकान खाली करो। वजह नहीं बताई। वह 45 साल से यहीं रही हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्रवाई की जा रही है। अगर खुद कब्जा नहीं हटाते हैं तो कब्जेदार से अवैध निर्माण हटाने का भी खर्चा वसूल किया जाएगा।

# दीपावली पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिली बड़ी सौगात

■ दीपावली पर सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिया गैस सिलेंडर रिफिल का तोहफा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गरीब परिवारों की महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का शुभारंभ 01 मई 2016 को किया गया था। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को निशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य महिलाओं को मिट्टी के चूल्हे के धुएँ से मुक्ति दिलाकर स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना, महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचाना है।

दीपावली के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार से रुपये 1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ रुपए पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण अभियान का शुभारंभ किया।

जनपद बरेली में इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम ने किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से लाइव प्रसारण भी देखा गया। जनपद बरेली में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कुल 416980 उज्जवला लाभार्थी पंजीकृत हैं, उन्हें उक्त योजना के प्रथम चरण में अक्टूबर माह में रिफिल बुक कराए जाने पर उनके खाते में 552.50 रुपये प्रति परिवार धनराशि प्रेषित की जाएगी। इस अवसर पर महापौर डॉ. उमेश गौतम ने उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। दीपावली के अवसर पर निशुल्क सिलेंडर मिलने से लाभार्थी महिलाएं अत्यंत प्रसन्न दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि सरकार हो तो ऐसी, जो त्योहारों पर भी अपने लाभार्थियों का ध्यान रखे और हर घर में खुशियों का प्रकाश फैलाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) संतोष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारीगण एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# मोहम्मद हैदर को सम्मानित करने वालों का लगा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नई दिल्ली के केडी माधव इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम भारतीय खेल प्राधिकरण साई और कोरियन स्पोर्ट के अंतर्गत खेली 2025 इंटर नेशनल कुक्कीवॉन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने वाले



छात्र मोहम्मद हैदर को कस्बे के लोग लगातार सम्मानित कर मिठाई खिला रहे हैं। आज की कड़ी में कस्बे के गुड्डू, मुन्ना, हैदर अली, शानू आदि ने उनके घर पहुंचकर मोहम्मद हैदर को सम्मानित कर उनका मुंह मीठा कराया, साथ ही हौसला अफजाई भी की। छात्र मोहम्मद हैदर कई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर चुके हैं। शाह टाइम्स उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# स्कूल जा रही छात्राओं से गांव के दबंग युवक ने की अश्लीलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव की छात्राएं अपने नजदीक के इण्टर कॉलेज में हर रोज पढ़ने जाती हैं। आरोप है कि इन छात्राओं को देखकर आए दिन गांव का दबंग युवक अश्लील हरकतें करने के साथ ही गंदे-गंदे इशारे करता था।

बुधवार को जैसे ही छात्राएं अपने घर से निकलकर स्कूल जा रही थीं कि वह गांव के ब्रह्मदेव स्थान पर पहुंची थी तो वहां यह युवक भी खड़ा था। छात्राओं को देखकर वह हर रोज की तरह गंदे-गंदे इशारे करने लगा। आरोप है कि यह युवक उनके आगे अर्धनग्न होकर खड़ा हो गया। इतना ही नहीं इस युवक ने एक छात्रा का हाथ पकड़ लिया। युवक की यह हरकत देखकर छात्राओं ने शोर मचा दिया, जिसपर पहुंचे एक युवक ने उन्हें बचाया। बताया जाता है कि इस युवक की इस गन्दी घटना पर लोगों ने उसकी पिटाई करते हुए डायल 112 को सूचना दी, जिसपर पहुंची पुलिस के हवाले युवक को कर दिया गया। घटना की तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी युवक यूसुफ पुत्र अब्दुल अजीज को जेल भेज दिया।

# सरकारी विद्यालय में तकनीकी क्रांति की मिसाल बनी शिक्षिका प्रियंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** प्राथमिक विद्यालय औंध की शिक्षिका प्रियंका शर्मा ने सीमित संसाधनों में शिक्षा को तकनीकी और रोचक बनाकर नई मिसाल पेश की है। वे बच्चों को पढ़ाने के लिए स्मार्टफोन, प्रोजेक्टर और डिजिटल ऐप्स जैसे Diksha] YouTube Kids और Google Classroom का उपयोग करती हैं।

प्रियंका शर्मा ने विद्यालय में "डिजिटल लर्निंग कॉर्नर" बनाया है, जहाँ बच्चे टैबलेट और लैपटॉप से अभ्यास करते हैं। इससे छात्रों की उपस्थिति और सीखने का स्तर दोनों बढ़े हैं। विद्यालय प्रशासन ने भी उनके प्रयासों की सराहना की है। उनका YouTube चैनल अब शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है, जहां वे रोजमर्रा की स्कूल गतिविधियां, प्रयोग और इंटरैक्टिव क्लास साझा करती हैं।

अब उन्होंने तकनीकी नवाचार का एक और कदम उठाते हुए Chat GPT के माध्यम से विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू किया है, जिससे प्रक्रिया तेज और निष्पक्ष हो गई है। प्रियंका शर्मा का कहना है "तकनीक कोई विलासिता नहीं, बल्कि शिक्षा की नई दिशा है।" उनके प्रयासों ने यह साबित किया है कि सरकारी विद्यालयों में भी तकनीक से बदलाव संभव है।

# 12 सेक्टरों पर आधारित नागरिकों के सुझाव होंगे शामिल

■ उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने हेतु अपने सुझाव ऑनलाइन पोर्टल पर भेजकर अभियान में करें सक्रिय भागीदारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने जनपद वासियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के अन्तर्गत सुझाव दें। उन्होंने बताया कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प 2047 एवं समृद्धि का शताब्दी वर्ष के मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन डॉक्यूमेंट 03 थीम-अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर-कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास आईटी एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जाएगा, जिस हेतु कोई भी जनमानस https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर क्यूआर स्कैन करके अपना बहुमूल्य सुझाव 31 अक्टूबर तक दें सकते हैं।

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के अन्तर्गत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से समावेशी विकास, तकनीकी नवाचार और सतत प्रगति के मिशन को आधारित किया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक प्रबुद्ध समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-1559 / न०पा ०प०ब० /कर /2025-26 दिनांक-13.10.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-167 वार्ड-10 जो मोहल्ला शेरनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री मुख्यार अहमद पुत्र श्री शबीर अहमद (कदू) के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-02.12.1993 के द्वारा मुख्यार अहमद की मृत्यु दिनांक-31.03.1993 को हो चुकी है। श्रीमती सुगरा पत्नी मुख्यार अहमद निवासी मोहल्ला शेरनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

# दीपावली के पर्व पर छह दिन बंद रहेंगे बैंक

■ 18 अक्तूबर तक निपटा लें बैंकिंग संबंधी जरूरी काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अगले सप्ताह त्योहारों के चलते बैंक कई दिन बंद रहेंगे। इसलिए बैंकिंग से संबंधी जरूरी काम समय से निपटा लें। बैंक से जुड़े जरूरी काम हों तो उसे जल्द ही निपटा लें। त्योहारों पर छह दिन बैंक बंद रहेंगे, जिसके चलते बैंकिंग संबंधित काम नहीं हो पाएंगे। अक्तूबर त्योहारी माह होने के कारण कई दिन अवकाश है।

बैंकिंग एसोसिएशन के मुताबिक बैंक में 19 अक्तूबर को रविवार, 20 को दिवाली, 22 को गोवर्धन पूजा, 23 को भाई दूज व भगवान चित्रगुप्त जयंती, 25 को महीने का चौथा शनिवार और 26 को रविवार का अवकाश रहेगा। जिसके चलते करीब छह दिन बैंक बंद रहेंगे। बंदी में नकद जमा-भुगतान, केवाईसी, चेक निस्तारण और एफडी-आरडी संबंधित काम नहीं हो पाएगे। इसलिए 18 अक्तूबर तक बैंक संबंधी सभी काम निपटा लें।

त्योहारी सीजन होने के चलते एटीएम में कैश भरने का दावा बैंकों के अधिकारी कर रहे हैं। बैंक बंद होने से निकासी और जमा का सारा भार एटीएम पर ही आ जाता है।

**बैंकिंग एसोसिएशन ने की 21 अक्तूबर का अवकाश करने की मांग**

जिले की बैंकिंग एसोसिएशन ने 21 अक्तूबर को भी अवकाश की मांग की हैं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक्स यूनियन के अध्यक्ष पीके महेश्वरी ने बताया कि 20 को दिवाली का अवकाश होने के बाद 21 को कोई त्योहार नहीं है। इसके बाद 22 व 23 का फिर अवकाश है। ऐसे में बाहर जिलों में रहने वाले कर्मचारी अपने घर चले जाएंगे। 21 को बैंक खुलने से उन्हें दोबारा अपने काम पर आना पड़ेगा। ऐसे में बैंकिंग यूनियन ने सरकार से 21 अक्तूबर को भी अवकाश की मांग की है।

# तहसीलदार ने धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, मिली खामियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बुधवार को क्षेत्र की उपमंडी स्थल पर लगे धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। तहसीलदार के पहुंचते ही मंडी में हड़कंप मच गया। मंडी में लगे 16 धान क्रय केंद्रों पर जाकर उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा, जहां उन्हें भारी अव्यवस्था देखने को मिली।



तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को जहां एक कांटा खराब मिला तो उन्हें एक खरीद केंद्र पर पंखा मशीन खराब मिली। तहसीलदार को क्रय केंद्रों पर धान की मारा-मारी देखने को मिली। किसी का धान किसी सेंटर के सामने सूखता मिला, जिस पर उन्होंने वरिष्ठ विपरण अधिकारी एसएमआई अरविन्द कुमार राठी को हिदायत दी कि जिस क्रय केंद्र पर धान टोला जाए, उसके सामने ही धान सुखाया जाए। केन्द्र पर मिले किसानों ने उन्हें धान के सत्यापन में हो रही परेशानी से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द सत्यापन कराए जाने की मांग की। जिसपर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने किसानों से धान तौलने से पहले अपने धान का पंजीकरण कराने को कहा है। उन्होंने किसानों से अपना धान सुखाकर लाए जाने की अपील की है। तहसीलदार के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ विपणन अधिकारी अरविंद कुमार राठी और सभी क्रय केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

# महिला से बलात्कार के आरोप में युवक व उसके परिवार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक महिला ने अपने देवर पर उसके साथ जबरन बलात्कार करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब उसने अपने साथ हुई घटना की शिकायत युवक के परिजनों से की तो उन्होंने उसके साथ गाली गलोज करते हुए मारपीट की। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवर सहित उसके परिवार के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम मुंडिया जागीर, थाना देवरनियां, जिला बरेली निवासी 25 साल की एक युवती का कहना है कि कस्बा फरीदपुर निवासी उसके देवर फरमान उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र मल्लू उर्फ मलुआ ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए जबरन बलात्कार किया। जब उसने इसकी शिकायत युवक के घर वालों से की तो उन्होंने उल्टा उसके साथ गाली गलोज की, और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। इस मामले में एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी युवक फरमान उसके भाई शानू उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र मल्लू उर्फ मलुआ व महिलाओं निवासीगण कस्बा फरीदपुर थाना बहेड़ी जिला बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# धमोरा में 22 साल पुरानी मार्केट पर चला बुल्डोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धमोरा।** शहजादनगर जिले भर में अवैध रूप से कब्जाई जमीनों पर प्रशासन इन दिनों कार्यवाही करता नजर आ रहा हैं। जिसके चलते बीत दिन भी लगभग 22 साल पुरानी मार्केट को बुल्डोजर की कार्यवाही करते हुए मार्केट को जमींदोज कर धराशाई कर दिया गया है। मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित धमोरा गांव से जुड़ा है। क्षेत्र के ही लखनाखेड़ा गांव निवासी जहिर खान पुत्र शहादत खान ने अपनी मौजूदगी में धमोरा की सप्ताहिक बाजार में साल 2003 में जमीन खरीदी थी। जिस पर खरीद के बाद 22 साल पहले 12 दुकानों की मार्केट बनाकर खड़ी की थी। जिसके चलते बताया जा रहा है। कि उस दुकानों की जगह जहीर खान ने अपने एक



करीबी से खरीद कर अपने नाम बैनामा कराया था। लेकिन जगह का दाखिल खारिज नहीं हो सका। जिसके बाद से जहीर खान ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर मार्केट की दुकानों को किराए पर उठा दीं गई। जिसके चलते इन दिनों सरकार की कार्यवाही के चलते ग्राम प्रधान की शिकायत पर लेखपाल द्वारा गाटा संख्या अलग होने का हवाला देते हुए

बंजर का गाटा संख्या 181 में धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जहां से इनकी बेदखली हो गई। जिसका रखवा संख्या 0.0770 हेक्टेयर जिसको कोर्ट के आद. शानुसार अतिक्रमण हटाया गया है। साथ ही जगह को खाली कर भूमि प्रबंधक समिति ग्राम पंचायत धमोरा के सुपुर्द कर दिया गया है।

**सीमा गंगवार**
**तहसीलदार मिलक**

मार्केट को ग्राम सभा में बताकर कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासन की मौजूदगी में मार्केट को दो बुल्डोजरों ने चंद घंटों में धराशाई कर दिया।

इस दौरान मार्केट में कोई हंगामा न हो इस लिए मौके पर शहजादनगर थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार सिंह अपनी

मैंने साल 2003 में सप्ताहिक बाजार के निकट एक प्लाट यशोदा देवी से खरीदा था। जिसका गाटा संख्या 182 के दर्ज है। जिसकी मेरे नाम से खतौनी भी मौजूद हैं।

जहीर ने आरोप लगाया है कि लेखपाल दिनेश कुमार यादव ने बताया कि तुम्हारे प्लाट की गाटा संख्या 181 है। जिसके चलते हमारे प्लाट की बिना किसी पैमाइस के हम पर मुकदमा दर्ज कराया गया। जोकि हम मुकदमा गाटा संख्या की वजह से हार गए। प्लाट 182 में दर्ज है जिसके हमारे पास कागज मौजूद हैं।

**जाहिर खान**
**प्लाट स्वामी**

फोर्स के साथ रहे। साथ ही भारी संख्या में पुलिस बल और उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** चचेरी बहन को स्कूल छोड़ने जा रही स्कूटी सवार व्यक्ति को ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

चचेरी बहन भी बाल बाल बची घटना की सूचना पर युवती के घर में कोहराम मच गया। नगर के असदुल्लापुर निवासी स्वर्गीय नीरज गुप्ता की पुत्री रौनक गुप्ता (21) आज सुबह लगभग 8:00 बजे मोहल्ला रौरा कला निवासी अपनी चचेरी बहन को रोज की तरह अपनी स्कूटी से नगर के एक विद्यालय को छोड़ने जा रही थी नवीन मंडी और हरियाली बाजार के निकट रौनक गुप्ता की स्कूटी में ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह कुचल गई औ उसकी मौके पर मौत हो गई उसकी चचेरी बहन बाल बाल बच गई। सूचना पुलिस तथा परिजन पहुंच गए परिजन रौनक को साम.




दायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लेकर आए जहां पर डॉक्टरों ने रौनक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पीएम के लिए भेज दिया।

मृतक युवती नगर के एक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षिका थी कई वर्ष पूर्व उसके पिता नीरज गुप्ता की भी एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मिलक पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली भी पुलिस ने बरामद कर ली है मृतका के घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मंगलवार की रात्रि थाना मिलक खानम प्रभारी निशा खटाना के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 नफर अभियुक्त कुलवंत पुत्र जसवंत निवासी बेवक्ता को सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0देवेंद्र राठी,गुरजिन्दर कौर आदि मौजूद रहे।

# विधायक शफीक अंसारी ने बाल्मीकि शोभायात्रा का फीता काटकर किया उदघाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व में नगर में भव्य भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती स्वार वार्ड 01 से विधायक शफीक अहमद अंसारी ने फीता काट कर किया उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी सभी धर्मों के लिए आदर्श है।

समाज को उनके बताए मार्ग पर चल कर एक आदर्श समाज की स्थापना करे जिससे देश तरक्की करे इस दौरान शोभा यात्रा बड़ा शिव मन्दिर,घास मण्डी, सब्जी मंडी,



कोतवाली रोड, बाजपुर रोड, रामपुर रोड,मैन बाजार , गंगा दास की पुलिया,दलीप गुप्ता चौक होकर स्वार खास वाल्मीकि बस्ती में समाप्त हुई शोभा यात्रा में आये सभी अतिथियों का शोभायात्रा कमेटी के पदाधिकारियों ने पंगडी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया शोभा यात्रा में भगवान वाल्मीकि जी का डोला ,कमल के फूल पर बैठे भगवान वाल्मीकि , कबूतरों पर बैठे एकलव्य,लौकी के झूले पर श्री कृष्ण जी झूलाती यशोदा जी हनुमान जी को बांधते लवकुश,शैय्या पर भीष्म पितामह, शहीदी सरकार भगत सिंह, गोपियों के साथ राधा कृष्ण जी,शिव पार्वती,काली माता का अखाड़ा,अघारियो का अखाड़ा, आदि दर्जनों झांकियो ने नगर वासियों को मन मोहित किया तथा नगर में जगह जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया शोभा यात्रा में अध्यक्ष सुनील वाल्मीकि,कपिल वाल्मीकि एडवोकेट, सर्वेश चौधरी, महेंद्र दीवान, कैलाश एक लव्य, दीप लव, प्रेम नरेश वाल्मीकि, अनिल राज वाल्मीकि,रवि वाल्मीकि, विक्की राज एडवोकेट , प्रदीप राजहंस,बाबूलाल कौशल, राकेश दुली, मुकेश , नितिन वाल्मीकि,भूरा, संजीव वाल्मीकि, राकेश चौधरी, सोनू वाल्मीकि,रिन्कू, अर्जुन गुप्ता, रितिक, प्रशान्त, गौरव वाल्मीकि विधायक सलाहकार दीपक नगर, अकील सभासद, हामिद अल्वी आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मिशन शक्ति फेज -5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा दल द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालि. का विद्यालय बादली में बालक एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन नंबर 1098, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 व साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गयी एवं पंपलेट वितरित किये गए।

कम्पोजिट मॉडल स्कूल कन्या में भी मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# डॉ0 भीमराव अंबेडकर पफुटबाल टूर्नामेंट में यंगमैन ने कुंडेसरी क्लब को हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर में मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टांडा में एसआर रॉयल कमेटी द्वारा आयोजित डॉ0 भीमराव अंबेडकर आल इंडिया टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में यंगमैन क्लब टांडा ने कुण्डेसरी की टीम को 4-1 के गोल के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

मैच के पहले ही हाफ के 5 वें मिनट में यंगमैन क्लब के खिलाड़ी पीयूष शर्मा ने पहला गोल 15 वें मिनट में प्रिंस रावत ने दूसरा गोल 22 वें मिनट में फिर पीयूष शर्मा ने तीसरा गोल तथा 27 वें मिनट में मोरिस ने चौथा गोल किया।



खेल के 32 वें मिनट में कुंडेसरी के पवन विष्ट ने अपनी टीम के लिए पहला गोल किया।

खेल के दूसरे हाफ मै कोई गोल नहीं हुआ और यह मैच यंगमैन क्लब टांडा ने 4-1 के अंतर से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

यंगमैन क्लब के दो गोल करने वाले पीयूष शर्मा को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार क्रिकेट खिलाड़ी इकबाल बलिया द्वारा दिया गया।

इस से पहले मैच के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के नगर महामंत्री आशीष वर्मा के साथ हाजी मुशर्रफ अली, सलीम कासगर, हाजी अली प्रिंस ने दोनों टीमों से परिचय लेकर




यह मैच शुरु कराया।

मैच रेफरी अजीत कुमार, लाइनमैन सगीर गुड्डू व राहत अली रहे।

स्कोरर की भूमिका मु० मुईन खान ने निभाई।

कमेंटेटर मु० सईद सागर, मास्टर नफासत अली और महफूह मुन्ना रहे।

टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष कारी रिजवान, अमीर अहमद, उबैस प्रिंस, शहाबुद्दीन, मु० दाऊद, जैद कुरेशी, मु० बिलाल, जुबैर आलम, हाजी मुबीन, अलकमा अमान, मु० महबूब, जकी दद्दा , वसी टंडवी, जुबैर आलम, मतलूब कादरी आदि मौजूद रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य पशु शिविर मेले का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी /रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दनियापुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य पशु शिविर मेले का भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर फीता काटकर किया उद्घाटन। बताते चले कि दनियापुर ग्राम में लगे नि:शुल्क पशु आरोग्य शिविर मेले का उद्घाटन से पूर्व संजय चौधरी ने गौमाता का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर पूजन किया। इसके अलावा पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी को भी संबोधित किया संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संजय चौधरी ने कहा आज हम सबकी गौमाता सुरक्षित हैं।

भाजपा सरकार द्वारा पशुओं को निरोग रखने के लिए जगह-जगह पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शि. विर मेले का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविर में उच्च स्तर के पशु चिकित्सकों ने उपस्तिथि दर्ज उनके द्वारा पशुओं को बीमारी से बचाए जाने के उपाय एवं दवा मिक्चर लोगों को उपलब्ध कराए गए भाजपा सरकार किसानों मजदूरों एवं गरीबों की हितैषी है।



पात्र लोगों को नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराकर सरकार ने यह सिद्ध कर दिया।

शिविर मेले की संगोष्ठी में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे जिसमें उपस्थित उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अश्वनी चतुर्वेदी , डॉक्टर अजीत सिंह, डॉक्टर जोश गंगवार, डॉक्टर हरिओम सिंह, विवेक चौधरी प्रधान, सुरेन्द्र सिंह, गोलू चौधरी, जीवन प्रजापति, करन सिंह प्रजा. पति, विजयपाल सिंह, आशीष देवशंकर, सफी अहमद, उमेश चौधरी, शकूर अली, केदार सिंह, डॉक्टर सचिन सागर, सियाराम सागर, फूलसिंह, आदि किसान भाई मौजूद रहे।

# दीक्षित कॉलेज में छात्रा-छात्राओं को दिलाई यातायात नियमों की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ रामपुर में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में बुधवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा के लिए समस्त छात्र - छात्राओं व प्रवक्तागणों के द्वारा यातायात के नियमों को पालन करने के सम्बंध में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ पर महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष ने समस्त छात्रों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा कि, "सड़क पर छोटी सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। युवा वर्ग को चाहिए कि वे यातायात नियमों के पालन में दूसरों के लिए उदाहरण बनें।" कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित वाहन चलाने की जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था।

छात्रों ने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर शपथ ली:

हमेशा हेलमेट / सीट बेल्ट पहनेंगे।

तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और मोबाइल फोन का उपयोग



करके वाहन नहीं चलाएंगे।

यातायात संकेतों और नियमों का पूरी तरह पालन करेंगे।

शराब पीकर वाहन नहीं चलाएंगे।

दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेंगे।

कॉलेज के प्राचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं और इससे आए दिन सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के अलावा कॉलेज के प्राचार्य, प्रवक्तागण एवम अन्य स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरों ने चार बकरे व एक बकरी को चुराकर हुए फरार दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छितौनी निवासी उस्मान पुत्र बन्ने ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 13 अक्टूबर की रात को प्रार्थी अपने बच्चों के साथ अपने घर सो रहा था। प्रार्थी का घर चारों ओर से खुला हुआ है बने घर पर छप्पर पड़ा हुआ है प्रार्थी निहात गरीब है उसके घर में बंधे 4 बकरे और एक बकरी अज्ञात चोर चुराकर ले गए। जिनकी कीमत लगभग 60 हजार बताई प्रार्थी की नींद रात्रि लगभग 12 बजे आंख खुली तब तक चोर घर से जा चुके थे प्रार्थी बकरों व बकरी को बंधा नहीं देख शोर मचाया। शोर सुनकर आस पास के लोग ने पहुंचकर प्रार्थी के साथ काफी तलाश किया बकरे व बकरी नहीं मिल सके। उसके उपरांत प्रार्थी ने थाने में तहरीर देकर लगाई गुहार वही पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही चोरी हुए बकरे व बकरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष ने मंडल आयुक्त से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने उद्यान विभाग के मंडल आयुक्त से फोन पर बात कर अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि रामपुर के उद्यान विभाग किसानों का कर रहा उत्पीड़न इसकी शिकायत मंडल आयुक्त को व्हाट्सएप के जरिए ज्ञापन भेज कर की। वह उद्यान विभाग उद्यान व सरकारी संपत्ति का बंदर बढ़ कर के काफी लम्बे समय से खा रहा है वह जब से नए है डीएचओ अजय कुमार रामपुर में तैनात है तब से ही उद्यान, विभाग



की संपत्ति का बंदर बढ होना चालू हो गया है। किसानों का उत्पीड़न चरम सीमा पर वह उद्यान के बैग व उद्यान के फार्म से लगातार उद्यान विभाग की सरकारी संपत्ति को डी एचओ रामपुर द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

वह इसकी शिकायत उच्च अधिकारी को करने पर भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। ऐसे ही कहीं मामले बिजली विभाग के सामने आए जो की किसानों का उत्पन्न लंबे समय से कर रहे हैं वह किसानों को गलत बिल निकाल कर उनसे मोटे पैसे मांग रहे हैं। रामपुर का पूर्ति विभाग भी किसानों को प्रेरणा कर रहा है वह राशन का पाठ काटने का वह बनाने का काम मोटे पैसे लेकर पूर्ति विभाग कर रहा है।

जो लोग लाल वाले राशन कार्ड के लायक ही नहीं है उनसे मोटे पैसे लेकर लाल वाले राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

वह गरीबों को सरकारी कोई भी लाभ पूर्ति विभाग मिल्क द्वारा नहीं दिया जा रहा है ।सप्लाईज पैटर्न लॉक सिंह मिल्क जो की एक भ्रष्ट अधिकारी है जो कि सिर्फ प्रधान और डिपो होल्डर की नचनिया बनकर रह गए इनके कहने पर ही यह राशन कार्ड बनाते ब काटते हैं। यही डिपो वालों से किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। अगर इन लोगों ने अपना रवैया नहीं संभाला तो एक बहुत ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# बापू मॉल में हबीबी कुतुब खाना का मुफ्ती ए आजम मौलाना युनुस मिस्बाही ने किया इफ्तिताह

**ऊर्दू व अरबी का नए मरकज से बच्चों को मिलेगी दीनी और दुनिया की तालीम: मुस्तफा हुसैन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** तोपखाना स्थित बापू मॉल में हबीबी कुतुबखाना का मुफ्ती ए आजम मौलाना युनुस मिस्बाही, मुफ्ती बली मोहम्मद, मौलाना जिशान और जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने इफ्तिताह किया।

इस मौके पर दरूद फातिहा व मिठाई भी बांटी गई।

मुफ्ती ए आजम मौलाना युनुस मिस्बाही ने हबीबी कुतुबखाना की शुरुआत करते हुए कहा कि आज के दौर में सुन्नत जमात की किताबे मिलने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब हबीबी कुतुबखाना में सभी किस्म की किताबे मिल सकेंगी।

रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि दीनी इल्म हासिल करना हर मोमिन के लिए जरूरी है। और यहां पर किताबें लेकर इल्म की जानकारी लेना सबके लिए जरूरी है। इस मौके पर मुफ्ती वली मोहम्मद, मौलाना जिशान रजा,



मौलाना रफी हबीबी, मौलाना फुरकान अजहरी, मौलाना आरिफ बरकाती, हकीम मौलाना जावेद, मौलाना सलीम, मौलाना महफूज आलम, मौलाना शाहनवाज ने खैर ओ बरकत के लिए दुआ की।

# युवती के साथ छेड़छाड़ और धमकाने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस ने युवती के साथ छेड़छाड़ करने और धमकी देने के मामले में मानपुर उत्तरी के बाजार के पूर्व ठेकेदार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बाजपुर थाना क्षेत्र के गांव बरहैनी निवासी जैनब पुत्री जाकिर अली ने 4 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मानपुर उत्तरी में कर्बला मैदान स्थित मजार पर हाजिरी देने आती थी।

रास्ते में गांव मानपुर उत्तरी निवासी इसरार पुत्र नन्हें शाह मिल जाता था और बाइक पर बैठाने की जिद करता था। छेड़छाड़ के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देता था इसरार मानपुर उत्तरी



की साप्ताहिक बाजार का पूर्व ठेकेदार है। इस मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस में की गई लेकिन कार्रवाई न होने पर युवती ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत की पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्वार कोतवाली पुलिस ने पूर्व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। बुधवार को इसरार मुंशीगंज तिराहे पर भागने की फिराक में किसी वाहन के इंतजार में खड़ा हुआ था। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने दलबल के साथ मुखबिर की सूचना पर छापे मार कार्रवाई की और उसे गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने संबंधित धाराओं में उसका चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।

इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम डब्भडड।कै ।स्प्डै /व डब्भडड।क पै्ड।प्स से बदलकर डब्भडड।कै ।स्म्म्डै /० डब्भडड।क पै्ड।प्स त/० डब्भ।स्स।ɾ।प्च्न्त। ज।छक। कैप्ज्. त।डच्न्त रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# सेंट पॉल्स स्कूल रामपुर में प्रथम बार आयोजित प्रतिदर्श संयुक्त राष्ट्र महासभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को सेंट पॉल्स स्कूल रामपुर में एक ऐतिहासिक जनपद रामपुर में प्रथम बार आयोजित प्रतिदर्श संयुक्त राष्ट्र महासभा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा के कार्य एवं कार्यों के संपादन को छात्र छात्राओं के सामने प्रदर्शित करना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत और दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पुष्कर मिश्रा निदेशक, रामपुर रजा लाइब्रेरी, ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का मतलब विश्व के सभी राष्ट्रों का एक मंच पर आकर आपस में मिलकर वैश्विक समस्याओं का समाधान करना है। इसकी स्थापना मानव जगत के कल्याण और सभी राष्ट्रों की सामूहिक उन्नति के लिए की गई है जिसकी जागरूकता होना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में सम्पूर्ण जगत में व्याप्त परिस्थितियों से सभी परिचित है उन सभी घटनाओं से हमें अपनी यह तय करना अति आवश्यक है कि हम कैसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं या किस दिशा में प्रगति कर रहे हैं। हमें यह जानना अति आवश्यक है कि वसुधैव कुटुंबकम् की नीति क्यों बनाई गई। तभी एक सच्चे और अच्छे नागरिक की भूमिका का निर्वहन हम कर पाएंगे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज पाठक जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र छात्राओं के मध्य जागरूकता करना और हमारे समाज में व्याप्त नीतियों की मूलभूत जानकारी होना अति आवश्यक है। शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं अपितु उन सभी क्रियाकलापों से है जो हमारे सर्वांगीण और सार्वभौमिक विकास में सहायक हैं। आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र संघ और उसकी नीतियों एवं समितियों के विषय में जागरूकता प्रदान करना है ताकि स्वच्छ सुंदर और सभ्य समाज की स्थापना हो सके।

कार्यक्रम में डॉ वंदना शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर, डॉ सोमेंद्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर तथा डॉ माया भारती, असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर ने निर्णायक की भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि, हाई कॉमेंडेशन तथा स्पेशल मेंशन का चयन रामपुर के सीबीएसई स्कूल के द्वारा भेजे गए प्रतिदर्श प्रतिनिधियों में से किया। जिसमें क्रमशः सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि जिया कटारिया प्रतिदर्श प्रतिनिधि इजरायल, सेंट पॉल्स स्कूल, रामपुर, हाई कॉमेडेशन अबू हमजा प्रतिदर्श प्रतिनिधि ईरान, ग्रीनवुड स्कूल रामपुर तथा स्पेशल मेंशन दक्षिणा भारद्वाज प्रतिदर्श प्रतिनिधि भारत, सेंट पॉल्स स्कूल, रामपुर ने इस स्थान को प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज पाठक जी एवं उपप्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि एवं निर्णायकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा आयशा खान एवं सनमजेब मरगूब ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक फरहा बी अहमद, संजय भारद्वाज, शाजली खान, शादाब गुल, लवली सिन्हा, शालिनी चावला, अर्जुमंद बानो तथा प्रीति टंडन सहित समस्त प्रतिभागी विद्यालयों के अध्यापक उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में पशुशाला फूंकी कटिया की जलकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र रायपुर का मजरा आपसी विवाद और पुरानी रंजिश के चलते गांव रायपुर का माजरा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां तीन लोगों ने एक ग्रामीण सुखबीर की पशुशाला को पेट्रोल डालकर फूंक दिया। इस जघन्य वारदात में एक बेजुबान कटिया (भैंस का बच्चा) की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि एक कटरा और एक अन्य पशु भी गंभीर रूप से झुलस गए हैं। आग बुझाने के प्रयास में पीड़ित की मां परमेश्वरी भी झुलस गई हैं।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर शाम (या जो भी दिन हो) जब पीड़ित की मां परमेश्वरी पशुओं को चारा डालने गई थीं, तभी गांव के सर्वेश और उसके पुत्र पप्पू व नेकपाल वहां आ गए। बताया जाता है कि नेकपाल ने केन में भरा पेट्रोल पशुओं की कोठरी के छप्पर पर फेंक दिया और सर्वेश व पप्पू ने माचिस से आग लगा दी। आग लगते ही पशुशाला धू-धू कर जलने लगी और आरोपी मौके से फरार हो गए।

पीड़ित सुखबीर ने बताया कि लगभग चार दिन पूर्व उनका कटरा आरोपियों के घर में घुस गया था, जिसको लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते उन्होंने यह क्रूर घटना की। घटना में परमेश्वरी का एक हाथ भी जल गया है। ग्रामीणों ने मुश्किल से आग पर काबू पाया।


पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# दीपावली पर जिले के 211759 पात्र लाभार्थियों को मिला गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दीपावली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र महिला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से गैस रिफिल सब्सिडी के चेक वितरित किये गये।



इस दौरान उपस्थित लाभार्थियों ने लखनऊ से सीधे प्रसारित मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना और योजना से प्राप्त लाभ के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।

जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को रसोई के धुएँ से मुक्ति मिली है तथा उनके स्वास्थ्य, पारिवारिक वातावरण और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अब तक हजारों पात्र लाभार्थी परिवारों को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में नियमित रूप से गैस रिफिल सब्सिडी की धनराशि अंतरण की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत प्राप्त हो रही है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 45 गैस एजेन्सी कार्यरत है, जिनमें उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत अबतक 241301 कनेक्शन दिये गये हैं। इन 241301गैस कनेक्शनों के सापेक्ष 211759 कनेक्शन धारक निःशुल्क गैस प्राप्त करने हेतु पात्र पाए गए हैं। योजना के अन्तर्गत कुल सब्सिडी 872.21 रूपये दी जाती है, जिसके सापेक्ष केन्द्र सरकार द्वारा सब्सिडी 319.45 रूपये तथा राज्य सरकार 552.76 रूपये सब्सिडी के रूप में लाभार्थी को देती है।

इस दौरान लाभार्थियों ने कहा कि उज्ज्वला योजना से उन्हें घरेलू कार्यों में सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य का लाभ भी मिल रहा है। कार्यक्रम में विकास भवन के अधिकारीगण, गैस एजेंसी प्रतिनिधि, लाभार्थी महिलाएँ एवं अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों से बचाव को ग्रामीण हुए जागरूक पुलिस टीम ने दी अहम जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** साइबर ठगी की बढ़ती घटनाएं रोकने को पुलिस ने अब ग्रामीण क्षेत्रों का रुख किया है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही अब देहात में जन जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।इस दौरान उन्हें साइबर ठगी कैसे हो रही है, इसके बारे में जानकारी दी जा रही है।



किस तरह की तरकीब अपनाकर ठग रुपया निकाल रहे हैं, इस बारे में बताया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम घुंघचाई थाना पुलिस ने क्षेत्र के सिमरिया और घुंघचाई गांव में बुधवार को साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस विभाग की टीम ने ग्रामीणों को बताया कि किस तरह साइबर ठग विभिन्न तरीकों से बैंक खातों, ओटीपी, लिंक या फर्जी कॉल के माध्यम से ठगी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।अभियान के दौरान टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, किसी को भी अपने बैंक खाते, एटीएम, या ओटीपी की जानकारी साझा न करें। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी की घटना होती है, तो तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या बलइमतबतपउम.हवअ.पद पर शिकायत दर्ज कराएं।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। ग्रामीणों ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी जानकारियाँ समय-समय पर मिलती रहें तो ठगी की घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। अभियान में गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। टीम ने अंत में सभी को साइबर सुरक्षा से जुड़ी पर्चियां भी वितरित की। इस मौके पर उपनिरीक्षक अहमद अली कांस्टेबल प्रवीण, चिराग बालियान, महिला कांस्टेबल उपासना दीक्षित मौजूद रही।

# केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने खराब सड़कों के लिए पीडब्ल्यूडी एचसीएन को जमकर लताड़ा

**सांसद/केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में दिशा समित की बैठक सम्पन्न**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** जितिन प्रसाद, सांसद/केन्द्रीय राज्यमंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी, भारत सरकार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में परियोजना निदेशक द्वारा अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। केन्द्रीय राज्यमंत्री द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, शहरी/ग्रामीण आवास, कृषि विभाग की संचालित बीज वितरण, कृषि यंत्र अनुदान, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा नमूना एकत्रीकरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान कॉल सेंटर, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि टूटी हुई सड़कों पर मरम्मत/गढ्ढा मुक्ति के कार्यों में तेजी लाई जाये। उन्होंने जनपद में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीलीभीत-टनकपुर मार्ग के चौड़ीकरण में आने वाली बाधाओं को शीघ्र दूर करते हुए चौडीकरण का कार्य कराया जाये।



सेतु निगम के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को विधायकगण से मिलवाया जाये ताकि सही स्थिति का पता चल सके। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की समीक्षा करते हुए राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर कृषकों को प्रमाणित/आधारीय बीजों का वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीद के सम्बन्ध में धान क्रय केन्द्रों की संख्या तथा धान विक्रय करने वाले किसानों की संख्या की जानकारी सम्बन्धित अधिकारी से प्राप्त करते हुये अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान विक्रय में किसी भी स्तर पर कोई समस्या न होने पाए तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें।

अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुये कहा कि विद्युत बिलों में त्रुटि को सुधार जाने तथा ऐसे ग्राम जहाँ बिजली नही हैं, विधायकों से समन्वय स्थापित करते हुए मानक के अनुसार उन ग्रामों हेतु बिजली उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। मानव वन्य जीव संघर्ष के सम्बन्ध में डीएफओ टाइगर रिजर्व से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित करते हुये कहा कि जंगल के किनारे गन्ने की खेती न करने व जंगल के किनारे औषधीय खेती करने हेतु किसानों को जागरूक करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में स्मार्ट क्लास की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि स्मार्ट बोर्ड के संचालन हेतु समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी से चीनी मिलों पर किसानों के गन्ना मूल्य की बकाया धनराशि का शीघ्र भुगतान कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से डेंगू की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु फोगिंग, सफाई सफाई, एंटी लार्वा का छिडकाव तथा जागरूकता से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों से भी साझा करें। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, सुधीर गुप्ता सदस्य विधान परिषद, श्री बाबूराम पासवान विधायक पूरनपुर, स्वामी प्रवक्तानन्द विधायक बरखेड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जामा मस्जिद के शाही इमाम को जुब्बा पहनाकर दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मौलाना नासिर खान साहब को शाही इमाम जामा मस्जिद का बनने पर हसीन मैरिज हॉल में एक प्रोग्राम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रामपुर जिले के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी थे और मौलाना नासिर कसाब को जामा मस्जिद का शाही इमाम बनने पर उनको जुब्बा बनाकर मुबारकबाद दी।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि मौलाना नासिर खान साहब हमारे मदरसे के सीनियर साथी हैं और वह एक छोटे कस्बे बिलासपुर से निकलकर रामपुर शहर आए और उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। मौलाना नासिर खान साहब से हमारे उस्ताद मुफ्ती महबूब अली खान भी काफी मोहब्बत करते थे

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष के बी माथुर एडवोकेट का अभी कुछ दिनों पहले ही इंतकाल हो गया था। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने एल्डर कमेटी के अध्यक्ष के बी माथुर साहब के घर आवास विकास जाकर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा के लिए अल्लाह से दुआ की और इस दुःख की घड़ी में वालों की भी सवेरे जमील अता करने की दुआ की। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब पक्ष एडवोकेट ने दी।

# गन्ना राज्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट पीटीआर में टेन्ट सिटी के निर्माण को शासन से मिली मंजूरी

**देश विदेश के पर्यटकों के आवागमन को बनेगा हैलीपेड, पर्यटन को मिलेगे नये आयाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पीलीभीत टाईगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टेन्ट सिटी की स्थापना हेतु गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसके लिए उनके द्वारा किये गये अथक प्रयासों के बाद उनकी मेहनत रंग लाई है। शासन ने टेन्ट सिटी के निर्माण की मंजूरी के साथ ही देश विदेश के पर्यटकों के आवागमन के लिए हैलीपेड के लिए भी जमीन का प्रस्ताव मांगा है।

टेन्ट सिटी के निर्माण से जहा पीटीआर में पर्यटन को नई ऊचाई मिलेगी वही क्षेत्र को पर्यटन की दिशा में नये आयाम स्थापित होगे।

मालूम रहे की पीटीआर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार बीते एक वर्ष से प्रयासरत थे इसके लिए उन्होने कई वार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से भेट कर उनको पत्र सौपकर टेन्ट सिटी के निर्माण की आवश्यकता बताई थी। इसके अलावा प्रदेश के तत्कालीन मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को भी पत्र सौपकर टेन्ट सिटी के निर्माण हेतु कार्यवाही किये जाने का आग्रह किया था।

इसका नतीजा यह हुआ की शासन ने पर्यटन विभाग की टीमो को यहा भेजकर टेन्ट सिटी निर्माण का सर्वे कराने के उपरान्त अब टेन्ट सिटी निर्माण हेतु अपनी मंजूरी प्रदान की है।

टेन्ट सिटी का निर्माण कलीनगर तहसील क्षेत्र में होगा जहा सिचाई विभाग की 15 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को हस्तानान्तरित किये जाने की कार्यवाही की गई है यह भूमि कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव फूलहर में स्थित है जो गोमती उद्गम स्थल से भी सटा हुआ है।

टेन्ट सिटी के निर्माण के साथ ही शासन ने देश विदेश से पर्यटकों के आवागमन को सुगम एवं सुलभ बनाये जाने के लिए हैलीपेड के निर्माण की भी आवश्यकता समझते हुए जमीन का भी प्रस्ताव मांगा है हैलीपेड के निर्माण से विदेशी पर्यटकों को भी यहा आने में आसानी होगी और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पीटीआर की पर्यटन की दृष्टि से अलग पहचान बनेगी।



पीटीआर में टेन्ट सिटी के निर्माण की शासन से मिली मंजूरी के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी का हद्य से आभार है जिन्होनें उनके आग्रह पर टेन्ट सिटी के निर्माण एवं देश विदेश के पर्यटकों को आवागमन में सुगमता उपलब्ध कराये जाने हेतु हैलीपेड की स्थापना के लिए जमीन का भी प्रस्ताव मांगा। इससे पीटीआर और गोमती उद्गम स्थल तक पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा और पीटीआर को पर्यटन की दृष्टि से नई ऊचाईया प्राप्त होगी।

**संजय सिंह गंगवार**
**गन्ना राज्यमंत्री उप्र सरकार।**

# पुलिस ने पास्को एक्ट का आरोपी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** पुलिस ने पास्को एक्ट का एक आरोपी गिरफ्तार न्यायालय को भेजा पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वांछित बाल अपचारी हिमांशु पुत्र अनिल कुमार उर्फ बब्लू निवासी मौ. नसीराबाद थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित मु.अ.सं. 440/25 धारा 137(2)/64(1)/351(3) बीएनएस व = पोक्सो एक्ट को मुखबिर की सूचना पर पटवाई रोड लाईन पार मन्दिर के पास थाना मिलक रामपुर आज समय करीब 08.30 बजे गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय रामपुर भेजा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि 24.09.25 को वादी शफीकुर्रहमान पुत्र फकीर मोहम्मद नि.नया गांव जालिफ नगला थाना मिलक जनपद रामपुर की तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण हिमांशु पुत्र बब्लू निवासी मौ. नसीराबाद कस्वा व थाना मिलक जनपद रामपुर और बब्लू पुत्र नामालूम निवासी उपरोक्त 3.दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध वादी की पुत्री नेहा उम्र 16 वर्ष को अपहरण कर ले जाने एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर 440/25 धारा 137(2)/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री मुकेश सिंह के द्वारा सम्पादित की जा रही है। बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।



## उत्पीड़न से परेशान कपिल कुमार डीएम कार्यालय के बाहर बैठेंगे भूख हड़ताल पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मिलक के मोहल्ला पटेल नगर निवासी कपिल कुमार ने अधिशासी अभियंता, जल जीवन मिशन (ग्रामीण), रामपुर को पत्र भेजकर उल्लेख किया है कि वह 17 अक्टूबर 2025 से जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल करने जा रहे हैं।



उन्होंने पत्र में कहा है कि मेरे द्वारा दिनांक 19.09.2025 को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को दिए गये प्रार्थना पत्र के अनुपालन में आपके द्वारा दिनांक 26.09.2025 को कुलदीप सिंह (एन.के.जी. कंपनी) व सव ठेकेदारों की बैठक बुलाई गयी थी जिसमें मुझे कंपनी व आपके कार्यालय द्वारा बैठक में शामिल होने की सूचना नहीं दी गयी थी। परन्तु उसी दिन मेरे संज्ञान में आने के बाद बैठक समापन के लगभग 10 मिनट पूर्व मैं पहुँच गया। आपके सहयोगी कर्मचारियों द्वारा शिकायत व समाधान बिन्दुवार नोट किया जा रहा था जिसमें सभी समस्याओं के समाधान के लिए दिनांक 10.10.2025 तक आपके द्वारा आदेशित किया गया। जिसको कुलदीप सिंह व वी.के. अग्रवाल द्वारा आपका आदेश स्वीकार किया गया। किन्तु आज 11.10.2025 तक किसी भी बिंदु पर न तो समाधान किया गया और न ही किसी शिकायतकर्ता मुझसे, कुलदीप सिंह (प्रोजेक्ट मेनेजर), कंपनी कार्यालय के किसी कर्मचारी द्वारा संपर्क नहीं किया गया जोकि कुलदीप सिंह द्वारा जिलाधिकारी व आपके आदेशों का सीधा उल्लंघन एवं नजरंदाज करना दर्शाता है। आगे कहा कि आपको पुनः अवगत कराना है कि प्रार्थी द्वारा सभी शिकायत बिन्दु एवं समस्याओं के लिए प्रार्थी द्वारा 17.10.2025 से प्रार्थी अनिश्चित काल भूख हड़ताल पर जिलाधिकारी के कार्यालय के सामने धरना देने के अलावा अब कोई रास्ता नहीं है।

जिसकी प्रतिलिपि जिलाधिकारी को भी भेजी जा चुकी है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महिला विश्व कप धीमी ओवर गति पर भारत पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** 12 अक्टूबर को विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए भारत पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। गत चैंपियन टीम ने भारत के 330 रनों के लक्ष्य को एक ओवर और तीन विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। समय सीमा को ध्यान में रखते हुए पाया गया कि भारत अपने लक्ष्य से एक ओवर पीछे था। यह जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के मिशेल पेरेरा ने लगाया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2-22 के अनुसार - जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित ह। खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों ने किए श्री महाकाल के दर्शन

**उज्जैन, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम एवं कोचिंग स्टाफ के सदस्यों ने आज तड़के मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर मंदिर में होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर श्री महाकाल के दर्शन किए। क्रिकेट महिला टीम एवं कोचिंग स्टाफ के सदस्य तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर भस्म आरती में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। टीम के प्रमुख सदस्यों में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति, रेणुका सिंह, अरुंधति, राधा यादव, श्री चरणी सहित अन्य खिलाड़ी एवं कोचिंग सदस्य उपस्थित रहे।

## ● आईसीसी टेस्ट रैंकिंग ●

# यशस्वी टॉप-5 में लौटे, पंत नंबर-8 पर




● बॉलर्स में कुलदीप 21 से 14वें नंबर पर आए, वनडे में रोहित-कोहली को रैंकिंग में नुकसान

**दुबई, वार्ता।** भारतीय ओप. नर यशस्वी जायसवाल, गेंदबाज कुलदीप यादव को आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ है, जबकि रोहित शर्मा और विराट कोहली को नुकसान झेलना पड़ा है। आईसीसी ने बुधवार को रैंकिंग जारी की। 23 साल के यशस्वी जायसवाल दुनिया के पांचवें नंबर के टेस्ट बैटर बन गए हैं। उन्हें दो स्थान का फायदा हुआ। जायसवाल के पास 791 रेटिंग पाइंट्स हैं। कुलदीप यादव 7 स्थान की छलांग के साथ टेस्ट बालर्स रैंकिंग में 14वें स्थान पर आ गए हैं। उनके पास 689 रेटिंग पाइंट्स हैं। वनडे बैटर्स की रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। इस लिस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल नंबर-1 पर बने हुए हैं। जायसवाल ने बावुमा और मेंडिस पीछे छोड़ा टेस्ट बैटर्स की रैंकिंग में भारतीय ओपनर जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा और श्रीलंकाई बैटर कुसल मेंडिस को पीछे छोड़ा है। टॉप-10 की लिस्ट में ऋषभ पंत (753 अंक) दूसरे भारतीय हैं। वे आठवें पायदान पर हैं। इंग्लिश बैटर जो रूट 908 रेटिंग पाइंट्स के साथ दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं। रोहित-विराट को एक-एक स्थान का नुकसान वनडे बैटर्स में अफगानिस्तान के इब्राहिम जाद. रान (764 अंक) ने 8 स्थान की छलांग लगाई और दूसरे स्थान पर आ गए। इससे रोहित शर्मा (756 अंक) तीसरे, पाकिस्तान के बाबर आजम (739 अंक) चौथे और विराट कोहली (736 अंक) 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। टी-20 बैटर्स की रैंकिंग के टॉप-10 में बदलाव नहीं हुआ है। राशिद खान वनडे के नंबर-1 गेंदबाज बने गेंदबाजों की रैंकिंग में टेस्ट के टॉप-10 बालर्स की सूची में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वनडे रैंकिंग में राशिद खान 710 अंक लेकर दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। इससे साउथ अफ्रीका के केशव महाराज (680 अंक), श्रीलंका के महीश तीक्षणा (659 अंक), इंग्लैंड के जोफ्र आर्चर (654 अंक) और भारत के कुलदीप यादव (650 अंक) को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। टी-20 बालर्स के टॉप-10 में चेंज नहीं हुआ। ओमरजई वनडे के टॉप ऑलराउंडर बने अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई वनडे के नंबर-1 आलराउंडर बन गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। ओमरजई के 334 रेटिंग पाइंट हैं। राशिद खान (257 अंक) भी दो पायदान के फायदे के साथ चौथे नंबर पर आ गए हैं। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा (302 अंक) दूसरे और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी (285 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। टीम रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं, भारत वनडे और टी-20 में नंबर-1 आईसीसी की टीम रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया 124 अंक के साथ टेस्ट की नंबर-1 टीम है। भारत वनडे (124 अंक) और टी-20 (272 अंक) के टॉप पर कायम है। टेस्ट में भारतीय टीम चौथे स्थान पर कायम है। उसके इंग्लैंड से 4 अंक कम है। भारत के 108 और इंग्लैंड के 112 रेटिंग पाइंट हैं।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन नियमों के मसौदे पर प्रतिक्रिया आमंत्रित

● ये नियम राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए है

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल बोर्ड) नियम, और मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण) नियम के तीन सेट तैयार किए हैं। ये नियम राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025, लोकसभा द्वारा 11 अगस्त 2025 को, राज्यसभा द्वारा 12 अगस्त 2025 को पारित किया गया था, और 18 अगस्त 2025 को इसे राष्ट्रपति ने स्वीकृति प्रदान की थी। राजपत्र अधिसूचना संख्या सीजीडीएल ई- 19082025-265482 के माध्यम से, इस अधिनियम का उद्देश्य खेल निकायों के प्रशासन में आने वाली चुनौतियों और बाधाओं का समाधान करना और भारत में खेलों के संचालन एवं संवर्धन हेतु एक व्यापक ढांचा स्थापित करना है। यह अधि. नियम खेल के सभी स्तरों पर नैतिक आचरण और निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने, प्राथमिक हितधारकों के रूप में खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और देश में खेलों के लिए एक सुदृढ़ इकोसिस्टम बनाने का प्रयास करता है। राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियमों के मसौदे में उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों को शामिल करने, आम सभा और कार्यकारी समिति की संरचना, चुनाव प्रक्रिया और राष्ट्रीय खेल निकायों तथा क्षेत्रीय खेल महासंघों के सदस्यों के लिए अयोग्यता मानदंड की रूपरेखा प्रदान की गई है। ये नियम राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल के प्रावधानों की रूपरेखा भी प्रस्तुत करते हैं और राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ संबद्ध इकाइयों के पंजीकरण व आवधिक अद्यतनीकरण की प्रक्रियाएं भी निर्दिष्ट करते हैं।

# अर्जेंटीना ने मैत्री मैच में प्यूर्टो रिको को छह गोलों से रौंदा

● एलेक्सिस और लुटारो ने दो दो गोल दागे, जिससे अर्जेंटीना ने प्यूर्टो रिको को मैच में हराया

**वाशिंगटन, वार्ता।** एलेक्सिस मैक एलिस्टर और लुटारो मार्टिनेज ने दो-दो गोल दागे जिससे अर्जेंटीना ने प्यूर्टो रिको को मैत्री मैच में 6-0 से रौंद दिया। मंगलवार को निक. ोलस गोंजालेज की वॉली चूकने के बाद मैक एलिस्टर ने छह गज के बॉक्स के अंदर से रिफ्लेक्स हेडर से गोल दागकर स्कोलरग की शुरुआत की। लियोनेल मेसी के ऊंचे पास पर गोंजालो मोंटिएल ने वॉली लगाकर बढ़त दोगुनी कर दी, जिसके बाद मैक एलिस्टर ने जोस मैनुअल लोपेज के साथ मिलकर अपनी टीम के लिए तीसरा गोल दागा। प्यूर्टो रिको ने मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन को एक और गोल का तोहफा दिया जब स्टीवन एचेवेरिया ने अनजाने में गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया। स्थानापन्न मार्टिनेज ने अंतिम 15 मिनट में दो गोल दागे, दूसरा गोल मेसी के चतुराई भरे शॉट के बाद दूर कोने में एक बेहतरीन शॉट था। प्यूर्टो रिको ने अर्जेंटीना के डिफेंस को मुश्किल से ही परेशान किया और गोल करने के सबसे करीब तब पहुंच गया जब लिएंड्रो एंटोनेटी के अपने हाफ के अंदर से किए गए एक गोल को गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने अपनी उंगली से बचा लिया। मैच के बाद मैक एलिस्टर ने कहा कि गोल करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है, खासकर अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी में, क्योंकि हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में पहुंचना चाहते हैं। इस परिणाम से हमें ऊर्जा मिली है और हमने प्रशंसकों की सकारात्मक ऊर्जा महसूस की।

# कतर, सऊदी अरब ने 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया



**बीजिंग, वार्ता।** कतर और सऊदी अरब 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली नवीनतम दो एशियाई टीमें बन गईं। एशियाई क्वालीफायर के चौथे दौर में छह टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया था, जिसमें ग्रुप विजेता सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगे।

पिछले शनिवार को ग्रुप ए में ओमान को 2-1 से हराने के बाद, संयुक्त अरब अमीरात कतर के खिलाफ ड्रॉ के साथ क्वालीफाई कर सकता है, जिसने पिछले हफ्ते ओमान के साथ 0-0 का ड्रॉ खेला था। पहले हाफ में गोलरहित रहने के बाद, 2022 विश्व कप के मेजबान ने ब्रेक के तुरंत बाद बढ़त बना ली, जब अकरम अफीफ की फ्री किक को बौआलम खोउखी ने गोल में पहुंचाया, इससे पहले पेड्रो मिगुएल ने मंगलवार को 74वें मिनट में अफीफ की एक और सहायता से स्कोर 2-0 कर दिया। 89वें मिनट में तारेक सलमान को लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद कतर की टीम की कुल संख्या दस हो गई। इसके बाद यूएई ने अतिरिक्त समय में एक गोल वापस ले लिया, जिससे एक तनावपूर्ण फ़ाइनल की स्थिति बन गई, लेकिन कतर ने अपना धैर्य बनाए रखा और दूसरी बार विश्व कप फ़ाइनल में जगह बनाई। दूसरी ओर, ग्रुप बी में शीर्ष स्थान के लिए हुए मुक. ाबले में, सऊदी अरब को इराक के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी, क्योंकि उसने ग्रुप की दूसरी टीम, इंडोनेशिया, के खलिाफ ज्यादा गोल किए थे।

# हीली-पेरी मुकाबले में अहम भूमिका निभाएंगी



● कप्तान निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली बांग्लादेश के सामने लगातार तीन हार के बाद एक कठिन चुनौती है

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** एलिसा हीली की धमाकेदार फॉर्म और एलिस पेरी की निरंतरता आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 17वें मैच में कल डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं और बांग्लादेश महिलाओं के बीच होने वाले मैच में अहम भूमिका निभाएगी। ऑस्ट्रेलिया, जो टूर्नामेंट में अब तक अपराजित है, अपना दबदबा बनाए रखने के लिए हीली के हालिया शतक, बेथ मूनी की आक्रामक बल्लेबाजी और एनाबेल सदरलैंड, एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैक्ग्रा की हरफनमौला क्षमताओं पर निर्भर है। कप्तान और विकेटकीपर निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली बांग्लादेश के सामने लगातार तीन हार के बाद एक कठिन चुनौती है। उनकी उम्मीदें शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों फरगना हक, रुबिया हैदर, शर्मिन अख्तर और शोर्ना अख्तर पर टिकी हैं, जबकि गेंदबाज नाहिदा अख्तर, मारुफ़ा अख्तर और राबेया खान को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत बल्लेबाज़ी क्रम को रोकने के लिए असाधारण प्रदर्शन करना होगा। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में भारत महिला टीम के खिलाफ एक रोमांचक जीत के बाद उतरेगा, जहां हीली के शतक की बदौलत उसने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की थी। एलिस पेरी और बेथ मूनी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि पिछले मैच में सदरलैंड के पांच विकेट ने ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की मजबूती को उजागर किया। टीम को किम गार्थ और मेगन शट्ट से शुरुआती सफलता की उम्मीद होगी, जबकि गार्डनर और सोफी मोलिनक्स बीच के ओवरों में नियंत्रण रखेंगी। अंक तालिका में निचले आधे हिस्से में संघर्ष कर रही बांग्लादेश को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए संपूर्ण प्रदर्शन की जरूरत है। सुल्ताना अपने अनुभवी मध्यक्रम बल्लेबाजों, शर्मिन अख्तर और शोर्ना अख्तर से पारी की नींव रखने की उम्मीद करेगी, जबकि शोभना मोस्टरी और राबेया खान से निचले मध्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद है। उनके गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, जिसमें शुरुआती विकेट लेना किसी भी उलटफेर की संभावना के लिए महत्वपूर्ण है। विशाखापत्तनम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिससे एक बड़े स्कोर वाला मुकाबला होने की संभावना है। पिछले मैचों में टॉस जीतने वाली टीमों ने पहले गेंदबाजी करना पसंद किया है, और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को इस सपाट पिच पर सफलता मिली है। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 246 रन है, और टीमें विरोधी टीम पर दबाव बनाने के लिए 280 से अधिक का स्कोर बनाने का लक्ष्य रख सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया स्पष्ट रूप से पसंदीदा है, सट्टेबाजों ने उनकी जीत की 97 प्रतिशत संभावना जताई है। बांग्लादेश को गत चैंपियन को चुनौती देने और विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए एक जोशीला ऑलराउंड प्रदर्शन करना होगा।

# हम हार से नहीं सीख रहे हैं: मेहदी



● हम जरूरत के मुताबिक सुधार नहीं कर पा रहे है हमारे कुछ क्षेत्रों में जरूर कमी है लेकिन हमें इन खिलाड़ियों के साथ आगे बढ़ना होगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के वनडे कप्तान मेहदी हसन का मानना है कि टीम अपनी गलतियों से नहीं सीख रही है, जिसका खामियाजा उन्हें 50 ओवरों के प्रारूप में भुगतना पड़ रहा है। अफग़ानिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में बांग्लादेश का सफाया कर दिया, जिसमें बांग्लादेश टीम की बल्लेबाजी बुरी तरह चरमरा गई। मेहदी ने कहा कि हम हर हार से नहीं सीख रहे हैं। हम जरूरत के मुताबिक सुधार नहीं कर पा रहे हैं। हममें कुछ क्षेत्रों में जरूर कमी है, लेकिन हमें इन खिलाड़ियों के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास (टीम के) बाहर ज्यादा खिलाड़ी नहीं हैं। हम उतने बुरे नहीं हैं जितना ये नतीजे दिखाते हैं, लेकिन हमें बस सुधार करना होगा और अपनी गलतियों को सुधारना होगा। बांग्लादेश अफग़ानिस्तान के खिलाफ अपने पिछले दो मैचों में 30 ओवर से ज्यादा बल्लेबाज़ी नहीं कर पाया, दूसरे मैच में 28-3 ओवर में 109 रन बनाने के बाद सीरीज के आखिरी मैच में 27-1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गया। मेहदी को लगता है कि अब उनकी पहली प्राथमिकता पूरे 50 ओवर तक बल्लेबाजी करना है। मेहदी ने कहा कि हमें 50 ओवर खेलने का लक्ष्य रखना होगा। उन्होंने कहा कि हम पिछले दो मैचों में ऐसा (50 ओवर तक बल्लेबाजी करने में) नाकाम रहे और मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हमने खराब क्रिकेट खेला है। उन्होंने आगे कहा कि जब बल्लेबाज ज़िम्मेदारी नहीं लेते, तो टीम को नुकसान होता है। हर बल्लेबाज को ज़िम्मेदारी लेनी होगी। वरना हम संघर्ष करते रहेंगे। हम बिना रन बनाए मैच नहीं जीत सकते, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों। श्रृंखला हार की ज़िम्मेदारी लेने वाले मेहदी ने कहा कि टीम को अब जल्द से जल्द लय में आना होगा और उम्मीद है कि वेस्टइंडीज़ श्रृंखला से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने से उन्हें थोड़ी राहत मिलेगी। यह श्रृंखला हारने के बाद टीम निश्चित रूप से निराश है। हमें उम्मीद है कि अगर हम घर पर बचे उन दो दिनों में अपने परिवार के साथ समय बिता पाएं, तो हम नए सिरे से खेल पाएंगे। मेहदी ने कहा कि हर खिलाड़ी को अच्छा क्रिकेट न खेल पाने की ज़िम्मेदारी लेनी होगी। एक कप्तान के तौर पर मुझे भी यह ज़िम्मेदारी लेनी होगी। मुझे उम्मीद है कि हम अगली श्रृंखला से ही वापसी कर पाएंगे। एक कप्तान के तौर पर, मैं चाहता हूं कि बल्लेबाज मानसिक रूप से मजबूत हों। मुझे रातोंरात सुधार की उम्मीद नहीं है।

# पीठ में अकड़न के कारण दुबे रणजी ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर

● दुबे को रणजी ट्रॉफी में वापसी के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद तक इंतजार करना होगा

**श्रीनगर, वार्ता।** ऑलराउंडर शिवम दुबे को पीठ में अकड़न के कारण जम्मू और कश्मीर के खलिाफ सीजन के पहले मैच से ठीक पहले मुंबई की रणजी ट्रॉफ़ी 2025-26 टीम से बाहर हो गए हैं। दुबे मंगलवार को श्रीनगर से मुंबई के लिए घर लौट गए हैं। माना जा रहा है कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है। वह भारत की उस टी-20 टीम का भी हिस्सा हैं जो पांच मैचों की सीरीज के लिए 23 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने वाली है। दुबे का 2025 एशिया कप शानदार रहा था। उस टूर्नामेंट में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गें. दबाजी विकल्प के तौर पर नियमित रूप से उनका इस्तेमाल किया था। पाकिस्तान के खलिाफ फ़ाइनल में उन्होंने एक महत्वपूर्ण ऑलराउंड भूमिका निभाई। हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति में उन्होंने नई गेंद के साथ गेंदबाजी की। उस मैच में उन्होंने तीन ओवर में सिर्फ़ 23 रन दिए। इसके बाद 22 गेंदों में महत्वपूर्ण 33 रन बनाए, जिससे भारत ने एक मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकलते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया। दुबे को रणजी में वापसी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद तक इंतजार करना होगा। वहीं मुंबई ऑलराउंडर मुशीर खान का स्वागत करेगी, जो सड़क दुर्घटना में गर्दन और कॉलर- बोन में चोट लगने के कारण पिछले सीजन से बाहर हो गए थे। चोट से उबरने वाले उनके बड़े भाई सरफ़राज खान भी वापस आ गए हैं, जो क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण विंडीज के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे।

# रोहित-विराट को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर खेलते देखने का यह शायद आखिरी मौका: पैट कमिंस

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत अपने बहुप्रतीक्षित 2025 के ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी कर रहा है, जिसमें तीन वनडे और पांच टी-20 मैच शामिल हैं, जिसकी शुरुआत 19 अक्टूबर को होने वाले पहले वनडे से होगी। यह श्रृंखला और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि इसमें भारत के दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हो रही है।

जियोहॉटस्टार पर विशेष बातचीत में, ऑस्ट्रेलियाई स्टार पैट कमिंस ने अहमदाबाद में अपनी टीम की 2023 आईसीसी विश्व कप की अविस्मरणीय जीत, रोहित और विराट की स्थायी विरासत और इन ऐतिहासिक मुक. ाबलों को लेकर उत्सुकता पर बात की।कमिंस ने 2023 विश्व कप जीत की यादें ताज़ा करते हुए कहा कि अहमदाबाद में, भारी भीड़ के सामने, विश्व कप जीतना हमेशा मेरी सबसे अच्छी यादों में से एक रहेगा। इतने बेहतरीन साथियों के साथ ऐसा करना बहुत मज़ेदार था। हमने पूरे टूर्नामेंट का भरपूर आनंद लिया और खूब मस्ती की। हमने उस पल से अभिभूत होने की कोशिश नहीं की। हम बस जीतना



● यह सीरीज और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योकि इसमें भारत के दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हो रही है

चाहते थे। अगर हम नहीं जीतते, तो भी हमें कोई दिक्कत नहीं होती क्योंकि हम खुशी और आजादी के साथ खेले। उस पल से बहुत सारी बेहतरीन यादें जुड़ीं। रोहित शर्मा और विराट कोहली का सामना करने के महत्व पर उन्होंने कहा कि विराट और रोहित पिछले 15 सालों से लगभग हर भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के लिए उन्हें यहां खेलते हुए देखने का यह आखिरी मौका हो सकता है। वे निश्चित रूप से भारत के लिए खेल के चैंपियन रहे हैं और उन्हें हमेशा बहुत अच्छा समर्थन मिलता है। जब भी हम उनके साथ खेलते हैं, दर्शक ज़ोर-ज़ोर से तालियां बजाते हैं। कमिंस ने भारत के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से उनकी अनुपस्थिति पर कहा कि भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से चूकना शर्मनाक है। मुझे लगता है कि दर्शकों की भारी भीड़ होगी। ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही काफी उत्साह है। इसलिए, जब भी आप कोई मैच चूकते हैं, तो यह निराशाजनक होता है। लेकिन इस तरह की बड़ी श्रृंखला से चूकना हमेशा थोड़ा मुश्किल होता है। आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण पर कमिंस ने कहा कि ये तीन मैच हैं जिन्हें आप जीतना चाहते हैं, लेकिन यह आने वाले युवा खिलाड़ियों को, खासकर उन खिलाड़ियों को जो पिछले विश्व कप का हिस्सा नहीं थे।

# तन्वी, उन्नति, रक्षिता पदक की ओर बढ़ी, ज्ञान दत्तू, भव्या विशाखा ने भी जीत दर्ज की

**गुवाहाटी, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा, आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और दसवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता श्री रामराज ने बुधवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जारी योनेक्स सनराइज बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने से पहले कुछ तनावपूर्ण क्षणों को पार किया। तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्टो को 15-12, 15-7 से हराया, उन्नति ने अमेरिका की एलिस वांग को 15-8, 15-5 से हराया और रक्षिता ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर की आलिया जकारिया को 11-15, 15-5, 15-8 से हराया। लड़कियों ने संभावित पदक की ओर अपना अभियान जारी रखा है, लेकिन लड़कों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें केवल ज्ञान पर टिकी हैं, जिन्होंने राउंड ऑफ 32 में 15वीं वरीयता प्राप्त सूर्याक्ष रावत को 11-15, 15-6, 15-11 से हराया। भव्या और विशाखा की मिश्रित युगल जोड़ी भी अगले दौर में पहुंच गई। 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को डेनमार्क की आस्के रोमर और जैस्मीन विलिस क भारत ने घरेलू मैदान पर आयोजित बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय दल उतारा है, जिसमें लड़कियों की एकल खिलाड़ी इस प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक जीते गए 11 व्यक्तिगत पदकों में अपना नाम जोड़ने की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। जूनियर विश्व नंबर 1 1 तन्वी बुधवार को कोर्ट पर सबसे पहले उतरीं और ऐसा लग रहा था कि उन्होंने स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025

# पटाखों की छूट

बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में दिवाली पर पटाखे छोड़ने को लेकर एक बड़ा आदेश दिया है। जिसमें उसने पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील देते हुए 18 से 21 अक्टूबर तक केंद्र और दिल्ली सरकार के अनुरोध को स्वीकार करते हुए ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दे दी। यह आदेश देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा। पर्यावरण के साथ समझौता किए बिना संयमित रूप से इसकी अनुमति देनी होगी। व्यवहारिक रूप से देखा जाए, यह फैसला बिल्कुल सही है, यूं तो सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में पटाखों को लेकर प्रतिबंध लगाया हुआ है, लेकिन देखने में आता है कि दिवाली जैसे विशेष त्योहारों पर लोग मनमानी पर उतर आते हैं, तो उसका बेहतर तरीका यही है कि लोगों को उदारता के साथ ऐसे समय में छूट दे देनी चाहिए ताकि कानून की मर्यादा बनी रहे। जैसाकि मुख्य न्यायाधीश ने कहा भी कि पटाखों की दिल्ली एनसीआर में तस्करी की जाती है वे ग्रीन पटाखों से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। हालांकि शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि 21 अक्टूबर के बाद इन पटाखों की बिक्री पर यथावत प्रतिबंध जारी रहेगा। यह पटाखे फोड़ने की अनुमति सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक जारी रहेगी। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बाहर से पटाखे छोड़ने की अनुमति नहीं होगी और यदि नकली पटाखे पाए जाते हैं तो लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। पटाखों की बिक्री सिर्फ प्रमाणित कंपनियों की ओर से निर्धारित स्थानों से ही की जा सकेगी। सिर्फ नेशनल एनवायरमेंट इंजी. नियरिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट द्वारा प्रमाणित पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि 10 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने दिल्ली एनसीआर में हरित पटाखों के निर्माण और बिक्री की याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने ग्रीन पटाखे पर प्रतिबंध में राहत दी है, जैसा कि हमने पहले ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला इस आधार पर लिया है क्योंकि देखने में आता है कि लोग दिवाली जैसे विशेष त्यौहार के मौके पर किसी की नहीं सुनते और उससे कोर्ट के आदेशों की भी कई बार अवहेलना होती दिखाई देती है। कोर्ट ने दिल्ली और केंद्र सरकार की सिफारिश पर प्रतिबंधों में रात दी है। ऐसे में लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पटाखों का इस्तेमाल करें और ऐसे पटाखे का कतई इस्तेमाल न करें जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं क्योंकि दिल्ली एनसीआर की आबो हवा पहले से ही बहुत खराब है पटाखों का इस्तेमाल किया गया तो और ज्यादा खराब होगी। हर कोई समझ सकता है कि पर्यावरण का हमारे स्वास्थ्य से सीधा संबंध है लेकिन यदि आबो हवा खराब होगी तो इससे बहुत लोगों का जीवन प्रभावित होगा। लोगों को समझना होगा कि त्यौहार की खुशी अपनी जगह है, लेकिन वह खुशी हमारे जीवन से बड़ी नहीं हो सकती। इसलिए हमें अपने जीवन की रक्षा के लिए भी सचेत होना होगा और कोर्ट द्वारा दी गई राहत का गलत लाभ नहीं उठना चाहिए।

## स्वदेशी का नारा गुमराह करने वाला



सपा ने भाजपा को उप्र के अवध क्षेत्र में हराया है और अब बिहार के लोगों की जिम्मेदारी है कि वे मगध की धरती पर भाजपा को हराकर दिखाएं, वे समाजवादी विचारधारा और गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देकर बीजेपी को सत्ता से बाहर करें, भाजपा ने बिहार में बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ाने का काम किया है, शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत खराब है, हमने यूपी में अवध क्षेत्र में भाजपा को सबक सिखाया, अब मगध और बिहार के लोग इसे सिखाएं, सरकार स्वदेशी स्वदेशी का चूर्ण खिला रही है, ये स्वदेशी का नारा हमें और आपको गुमराह करने वाला है, ये लोग मन से विदेशी हैं और अगर मन से स्वदेशी हैं, तो आप चीन पर क्यों टैरिफ क्यों नहीं लगा रहे, कुछ जगह चढ़ावे में सोना का दाना चढ़ रहा है। **–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# खाने की कमी और कुपोषण के कारण दुनियाभर में लाखों लोग गंवा रहे जान





**योगेश कुमार गोयल**

दुनिया की आबादी तीव्र गति से बढ़ने के साथ-साथ विश्व में भूख की समस्या भी बढ़ती जा रही है। कई ऐसे राष्ट्र हैं, जो इस समस्या से बुरी तरह जूझ रहे हैं। विश्वभर में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिन्हें पेट भरने को दो समय का भोजन तक नसीब नहीं होता। बहुत सारे लोग तो ऐसे भी हैं, जिन्हें जिंदा रहने के लिए भी पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा। पोषित और पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाने के कारण दुनिया की बड़ी आबादी कुपोषण की शिकार हो रही है। भोजन को एक बुनियादी और मौलिक मानवाधिकार माना गया है लेकिन पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी विड़म्बना है कि खाने की कमी और कुपोषण के ही कारण प्रतिवर्ष लाखों लोग जान गंवा देते हैं। भोजन, हवा और पानी के बाद तीसरी सबसे बुनियादी मानवीय जरूरत हर किसी को पर्याप्त भोजन का अधिकार ही है। चिंताजनक स्थिति है कि दुनियाभर के किसान वैश्विक आबादी से ज्यादा लोगों को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन पैदा करते हैं किन्तु फिर भी भूख बनी रहती है।

वैश्विक भुखमरी को खत्म करने और सभी लोगों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। दुनिया के करीब 150 सदस्य देश मिलकर यह दिवस मनाते हैं और संयुक्त राष्ट्र के कैलेंडर में सबसे ज्यादा मनाया जाने वाला दिवस भी यही है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य वैश्विक भुखमरी से निपटना और पूरी दुनिया से उसे जड़ से खत्म करना है ताकि दुनिया का कोई भी इंसान भूखा और कुपोषित न रहे। कृषि खाद्य प्रणाली परिवर्तन के लिए वैश्विक कार्रवाई को संगठित करते 'विश्व खाद्य दिवस' के लिए हर साल एक खास विषय निर्धारित किया जाता है। विश्व खाद्य दिवस 2025 का विषय है 'बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए हाथ मिलाना', जो एक अधिक टिकाऊ, न्यायसंगत और खाद्य-सुरक्षित दुनिया के लिए कृषि खाद्य प्रणालियों को बदलने के लिए वैश्विक सहयोग पर जोर देता है।

एफएओ के अनुसार तीव्र जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण, आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के जल संसाधनों पर दबाव बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा पिछले दशकों में मीठे पानी के संसाधनों में भी प्रति व्यक्ति 20 प्रतिशत की गिरावट आई है और दशकों के खराब उपयोग व प्रबंधन, भूजल के अत्यधिक दोहन, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पानी की उपलब्धता तथा गुणवत्ता तेजी से बिगड़ रही है। एफएओ का कहना है कि मौजूदा समय में करीब 2.4 अरब लोग जल संकट वाले देशों में रहते हैं और इस अमूल्य संसाधन के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है क्योंकि पानी की कमी संघर्ष का निरंतर बढ़ता कारण बनती जा रही है। पृथ्वी पर जल एक सीमित और असीम मूल्यवान ऐसा प्राकृतिक संसाधन है, जिसके बिना धरती पर भोजन और जीवन असंभव है। यही नहीं, विश्वभर में 60 करोड़ से भी ज्यादा लोग अपनी आजीविका के लिए जलीय खाद्य प्रणालियों पर ही निर्भर हैं, जिनमें छोटे पैमाने के मछुआरे, मछली किसान, मछली प्रोसेसर और उनके आश्रित शामिल हैं, जो तटीय और अंतर्देशीय समुदायों की रीढ़ माने जाते हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन करते हैं और विश्वभर में संस्कृतियों को प्रभावित करते हैं।

दुनिया से भुखमरी को मिटाने के प्रयासों में जलवायु परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय तनाव, आर्थिक समस्याएं इत्यादि सबसे बड़ी बाधा बन रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, बार-बार होने वाले मौसम के झटकों, संघर्षों, आर्थिक मंदी, असमानता और महामारी के कारण विश्व में करीब 733 मिलियन लोग भूख का सामना कर रहे हैं, जिसका सर्वाधिक असर गरीब और कमजोर तबके पर पड़ता है, जिनमें से कई कृषि परिवार हैं। कोरा. ना महामारी के दौर के बाद लंबे समय से चल रहे रूस-यूक्रेन और इजरायल-फलस्तीन के भीषण युद्ध जैसी विकट परिस्थितियां भी भूख की समस्या को कम करने के बजाय और विकराल बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। इसीलिए इस समस्या को कम करने के लिए दुनियाभर में तेज गति से गंभीर प्रयास किए जाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि भूख और कुपोषण लंबे समय तक चलने वाले संकटों से और बढ़ जाते हैं, जो संघर्ष, चरम मौसम की घटनाओं और आर्थिक झटकों के संयोजन से प्रेरित होते हैं।

आज दुनिया में करोड़ों लोग भूख से पीड़ित हैं और स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। एफएओ के मुताबिक विश्व में 2.8 बिलियन से भी ज्यादा लोग स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में असमर्थ हैं और अस्वास्थ्यकर आहार ही सभी प्रकार के कुपोषण का प्रमुख कारण है। कमजोर लोगों को प्राय: मुख्य खाद्य पदार्थों या कम महंगे खाद्य पदार्थों पर निर्भर रहने के लिए विवश होना पड़ता है, जो अस्वास्थ्यकर हो सकते हैं जबकि अन्य लोग ताजे या विविध खाद्य पदार्थों की अनुपलब्धता से पीड़ित हैं, उन्हें स्वस्थ आहार चुनने के लिए जरूरी जानकारी की कमी है या फिर वे केवल सुविधा के लिए विकल्प चुनते हैं। दुनियाभर में प्रतिवर्ष हर 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार हो जाता है और हर साल 4.2 लाख लोगों की मौत का कारण दूषित भोजन ही है, जिनमें करीब सवा लाख बच्चे भी होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के 'खाद्य एवं कृषि संगठन' के अनुसार 2021 में दुनियाभर में 5 लाख लोगों की मौत भूख से ही हुई थी। हालांकि ऐसा नहीं है कि पृथ्वी पर इतना अनाज पैदा नहीं हो रहा, जिससे दुनिया के हर व्यक्ति को पर्याप्त भोजन मिल सके बल्कि सबसे बड़ी समस्या पोषणयुक्त आहार तक सभी की पहुंच और उपलब्धता है।

एफएओ का कहना है कि वर्तमान में मत्स्य पालन में हम करीब तीन हजार प्रजातियों का दोहन करते हैं जबकि इनमें से केवल 650 से कुछ अधिक प्रजातियों की ही खेती करते हैं। एफएओ के मुताबिक इन जलीय पारिस्थितिक तंत्रों और उनके द्वारा समर्थित प्रजातियों का संरक्षण और सुरक्षा करना केवल एक जिम्मेदारी ही नहीं है बल्कि पृथ्वी और इसके निवासियों की भलाई के लिए एक बड़ी आवश्यकता भी है। जलीय खाद्य पदार्थ भी सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अपनी विविधता से जलीय खाद्य प्रणाली मानव के लिए पोषण और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत बनती है। चिंता का विषय है कि जीवनयापन के लिए आंशिक रूप से ही सही, जलीय खाद्य प्रणालियों पर निर्भर 60 करोड़ लोग प्रदूषण, पारिस्थितिकी तंत्र के क्षरण, अस्थिर प्रथाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से पीड़ित हैं। ऐसे में न केवल जलीय खाद्य प्रणालियों की रक्षा करने की सख्त आवश्यकता है बल्कि लोगों को अधिक भोजन तथा अन्य बुनियादी कृषि उत्पाद पैदा करने के लिए कम पानी का उपयोग करने की आवश्यकता है। बहरहाल, वैश्विक जल एवं जलीय खाद्य प्रणालियों की रक्षा करते हुए पूरी दुनिया में मौजूदा जल चुनौतियों से निपटने के लिए अब लोगों द्वारा कृषि-खाद्य प्रणालियों में जल के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने की बड़ी जरूरत महसूस की जाने लगी है। सुरक्षित जल और खाद्य सुरक्षा प्राप्त करना सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है कि दुनियाभर के देश पारंपरिक ज्ञान की शक्ति का पूर्ण उपयोग करते हुए विज्ञान और नवाचार के माध्यम से जल संसाधनों की कमी और जल सुरक्षा मुद्दों के नए समाधान ढूंढ़ने के गंभीर प्रयास करें। मौजूदा जल चुनौतियों से निपटने के लिए हमें कृषि खाद्य प्रणालियों में प्रभावी जल उपयोग सुनिश्चित करने और अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग के सुरक्षित तरीके खोजने के साथ-साथ जल और जलीय खाद्य प्रणालियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी तथा जलवायु परिवर्तन और बढ़ती मांग के मद्देनजर सभी के लिए किफायती पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए दुनिया के समक्ष मौजूद खाद्य चुनौतियों का मिलकर समाधान करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या यही है संघ के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की सच्चाई



**निर्मल रानी**

गत 2 अक्टूबर यानी विजय दशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो गए। संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में विजय दशमी के दिन राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी के घोषित उद्देश्य से की गई थी। संगठन की स्थापना के समय यही बताया गया था कि संघ एक स्वयंसेवी संगठन है, जिसका उद्देश्य देशवासियों में संस्कृति के प्रति जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। शताब्दी वर्ष के इस अवसर पर देश भर में अनेक आयोजन हुए जिसमें संघ का गुणगान किया गया। संघ समर्थक सत्ताधारियों द्वारा संघ का कसीदा पढ़ने वाले अनेक लेख लिखे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोकि स्वयं भी संघ प्रचारक रह चुके हैं, ने राष्ट्र निर्माण में आरएसएस के योगदान की सराहना की। मोदी ने संघ के शताब्दी समारोह में कहा कि संघ ने पिछली एक सदी में अनगिनत जीवनों को दिशा दी और मजबूत बनाया। जिस तरह सभ्यताएं महान नदियों के किनारे विकसित होती हैं, उसी तरह संघ की धारा के साथ सैकड़ों जीवन खिले और आगे बढ़े हैं। RSS का उद्देश्य हमेशा एक ही रहा राष्ट्र निर्माण। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा संघ के नाम पर स्मारक सिक्के और डाक टिकट भी जारी किए गए। संघ के लोग इसे विश्व का सबसे बड़ा समाजसेवी संगठन बताते हैं। आज देशभर में लाखों स्वयंसेवकों के माध्यम से संघ अपने घोषित व अघोषित कार्यों में सक्रिय है परन्तु यह भी सच है कि स्थापना के समय से ही संघ विवादों में घिरा रहा है। इतना बड़ा संगठन होने के बावजूद संघ पर संस्था के रजिस्टर्ड संस्था न होने के साथ-साथ इस पर साम्प्रदायिकता फैलाने व धर्म जाति के आधार पर नफरत फैलाने का भी आरोप लगता रहा है। देश का एक बड़ा वर्ग महात्मा गांधी की हत्या में संघ की साम्प्रदायिक विचारधारा को भी जिम्मेदार मानता है।

अब बात करते हैं मुद्दे की, केरल के कोट्टायम जिले के एलिकुलम निवासी 26 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल युवक, अनंदु आजी ने 9 अक्टूबर 2025 को तिरुवनंतपुरम के थंपानूर स्थित एक होटल के कमरे में आत्महत्या कर ली। अनंदु आजी की आत्महत्या के बाद उनके द्वारा मलयालम भाषा में लिखा गया 7 से 15 पेज लंबा सुसाइड नोट सार्वजनिक हुआ। इस नोट में अनंदु ने बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसमें आरएसएस के सदस्यों द्वारा बचपन से उसके साथ लगातार किए जा रहे यौन शोषण और बलात्कार का जिक्र है। मलयालम भाषा में सुसाइड से पूर्व लिखा गया उसका अंतिम पत्र अथवा सन्देश संघ के शताब्दी वर्ष पर संघ के मुंह पर कालिख पोतने का काम कर रहा है।

26 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल युवक सुसाइड से पूर्व लिखे गए अपने अंतिम नोट में लिखता है कि मैं अनंदु आजी हूं, कोट्टयम के थम्पल काड से। मैं हमेशा से ही एक शांत और अंतर्मुखी व्यक्ति रहा हूं। लेकिन बचपन से ही मुझे जो दर्द सहना पड़ा, उसने मेरी जिंदगी को तबाह कर दिया। मैं अपनी जिंदगी खत्म कर रहा हूं क्योंकि एंग्यजायटी और लगातार पैनिक अटैक ने मुझे जीना मुश्किल बना दिया है। यह ट्रॉमा का नतीजा है जो मुझे 4 साल की उम्र से सता रहा है। मुझे 4 साल की उम्र से ही एक पड़ोसी व्यक्ति द्वारा लगातार यौन शोषण का शिक. ार बनाया गया। वह मेरे परिवार के करीब था और मुझे धमकाता था। यह शोषण सालों तक चला। मैं एक रेप विक्टिम हूं। बचपन में ही मेरी मासूमियत छीन ली गई। मेरे पिता ने मुझे 3-4 साल की उम्र में ही आरएसएस में शामिल करा दिया। मैं शाखा और कैंपों में जाता रहा। वहां मुझे कई आरएसएस सदस्यों के द्वारा यौन शोषण और बलात्कार का सामना करना पड़ा। मैं नामित करता हूं श्एन।एम।श को, जो आरएसएस और भाजपा का प्रमुख सदस्य है।

उसने मुझे कई बार शोषित किया, खासकर कैंपों के दौरान। मैं अकेला नहीं हूं कई अन्य लड़के भी इसी तरह के दोहन के शिकार हुए हैं। आरएसएस कैंपों में यह एक सिस्टमैटिक पैटर्न है, जहां बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। आरएसएस के कई सदस्यों ने मुझे छुआ, शोषित किया। मैं उनके नाम नहीं जानता क्योंकि डर के मारे चेहरा भी याद नहीं, लेकिन एनएम का नाम मैं कभी नहीं भूलूंगा। वह मेरे लिए एक भयानक स्मृति है। अनंदु आजी आगे लिखते हैं कि -इन घटनाओं ने मुझे डिप्रेशन और एंग्यजायटी का मरीज बना दिया। मैं थेरेपी ले रहा था, लेकिन ट्रामा इतना गहरा था कि मैं रोज पैनिक अटैक से जूझता। बचपन का दर्द मुझे कभी शांति नहीं देता। मैंने लड़ने की कोशिश की, लेकिन अब हार मान ली। मेरे माता-पिता को दोष न दें। उन्होंने मुझे अच्छा जीवन दिया, लेकिन वे नहीं जानते थे कि क्या हो रहा था। मैंने कभी कुछ नहीं बताया क्योंकि डर था। समाज को पता चलना चाहिए कि ऐसे संगठनों में बच्चे सुरक्षित नहीं। लाखों बच्चे शाखाओं में जाते हैं कुछ को बचाना जरूरी है। अंत में वे लिखते हैं कि मैं अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा रहा, लेकिन सच्चाई सामने आनी चाहिए। कृपया जांच करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तीसरी पीढ़ी का लोकदल: विचार से व्यवहार तक राजनीति की नई परिभाषा





**वीरेश तरार**

भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का नाम किसानों की राजनीति से गहराई से जुड़ा रहा है। चौधरी चरण सिंह के दौर में जब पार्टी लोकदल के नाम से जानी जाती थी, तब इसकी पहचान एक वर्गीय कृ मुख्यत: कृषक समाज की पार्टी के रूप में थी। उस दौर का लोक दल खेती-किसानी के हितों का मुखर प्रतिनिधि था, परंतु उसका तालमेल मजदूरों या अन्य तबकों से बहुत गहराई से नहीं बन पाया था।

दूसरी पीढ़ी में जब चौधरी अजित सिंह ने पार्टी की बागडोर संभाली, तब इसका रूपांतरण हभारतीय किसान कामगार पार्टी, जनता दल, जनतादल अजित और दलित मजदूर किसान पार्टी, दमकिपा जैसे कई नामों के रूप में सामने आया। इस काल में पार्टी ने दलितों, अल्पसंख्यकों और व्यापारिक वर्ग के साथ संवाद बढ़ाया परंतु इसके साथ ही उस पर अवसरवादी गठबंधन होने के आरोप भी लगे। कभी भारतीय जनता पार्टी के साथ तो कभी कांग्रेस के साथकृयह दोहरी राजनीतिक स्थिति रालोद की वैचारिक स्पष्टता पर प्रश्न उठाती रही। अब जबकि कमान तीसरी पीढ़ी के नेता जयंत चौधरी के हाथों में है, पार्टी का रुख स्पष्ट रूप से बदला हुआ दिखता है। जयंत के नेतृत्व में रालोद सत्ता-साझेदारी से आगे बढ़कर संगठन और विचार की पुनर्स्थापना की दिशा में सक्रिय है। उन्होंने पहले इंडिया गठबंधन में शामिल होने का प्रयास किया, पर वैचारिक असहजता और सीटों के तालमेल में असमानता के कारण वहां स्थायित्व नहीं रहा। इसके बाद एनडीए के साथ रालोद का जुड़ाव हुआ कृ पर इस बार का जुड़ाव केवल गठबंधन नहीं, बल्कि नीति आधारित साझेदारी के रूप में सामने आया है।

इसी क्रम में पार्टी के भीतर जो परिवर्तन हुए हैं, वे इसे केवल किसान दल नहीं रहने देते। हाल ही में रालोद ने व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया है कृ जो न केवल कृषि उपज के विपणन और मूल्य संवर्धन का काम करेगा, बल्कि ग्रामीण बाजार को संगठित करने की दिशा में भी भूमिका निभाएगा। इस प्रकोष्ठ का नेतृत्व एक अरसे तक पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे अनुभवी वरिष्ठ नेता रोहित अग्रवाल को सौंपा गया है, जिन्हें पंचायत चुनाव संचालन समिति की जिम्मेदारी भी दी गई है। दरअसल, यह कदम केवल संगठनात्मक विस्तार नहीं बल्कि राजनीतिक दृष्टि का परिवर्तन है। जयंत चौधरी की सोच में ग्रामीण अर्थव्यवस्था अब केवल खेती तक सीमित नहीं है उसमें व्यापार, तकनीक, सहकारिता और स्थानीय प्रशासन सब शामिल हैं। इस दृष्टिकोण की पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा 2022 में संशोधित मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 2002 की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस कानून के तहत बहुउद्देशीय सहकुरी समितियों को बीज से लेकर फसलों के प्रसंस्करण , विपणन, वितरण, भंडारण और निर्यात के अलावा ग्रामीण बैंकिंग तक के अधिकार दिए गए हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इन समितियों का प्रभाव तेजी से बढ़ेगा और राष्ट्रीय लोकदल इस परिवर्तन को अवसर के रूप में देख रहा है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को सहकारी ढांचे के चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेने को प्रेरित कर रही है, ताकि ग्राम स्तर पर उसका प्रभाव सशक्त रूप से स्थापित हो। इसी सोच के अनुरूप रालोद ने अब पंचायत चुनावों में प्रत्यक्ष भागीदारी का निर्णय लिया है। यह केवल राजनीतिक विस्तार नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भविष्य की ग्रामीण सत्ता संरचना में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का प्रयास है, क्योंकि सहकारी समितियों और पंचायतों का आगामी वर्षों में आपसी तालमेल ग्रामीण प्रशासन का नया केंद्र बनने जा रहा है।

पार्टी की दूरगामी नीति का एक और आयाम शिक्षा और रोजगार है। सुनने में आ रहख है कि जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर गुजरात की तरस्ह ही उत्तर प्रदेश में भी एक सहकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव केवल संस्थागत नहीं, बल्कि वैचारिक दिशा का प्रतीक है पार्टी चाहती है कि ग्रामीण नौजवान सहकारिता, कृषि प्रबंधन और विपणन जैसे विषयों में प्रशिक्षित हों, जिससे वे रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता के नए अवसर पा सकें। रालोद की यह दिशा न तो पारंपरिक किसान राजनीति है, न ही महज सत्ता की आकांक्षा। यह तीसरी पीढ़ी का हपरिष्कृत लो. कदलह है कृ जो राजनीति को नीति और संगठन से जोड़कर देखना चाहता है। राष्ट्रीय लोकदल के इस रूपांतरण को केवल संगठनात्मक परिवर्तन से आगे कुछ अलग आयामों मे देखने पर यह दल भारतीय ग्रामीण राजनीति की दिशा में एक नई प्रयोगशाला बनता दिखाई देगा कृ जहां सहकारिता, पंचायत और व्यापार एक साथ ग्रामीण विकास की रीढ़ बनेंगेप। जयंत चौधरी की यह पीढ़ी अपने पूर्वजों की किसान चेतना को आधुनिक संदर्भों में ढालने की कोशिश कर रही है। यही कारण है कि आज का लोकदल न तो अतीत की सीमाओं में बंधा है और न ही गठबंधनों की मजबूरियों में बल्कि वह विचार, प्रयोग और वैचारिक स्वतंत्रता के मार्ग पर आगे बढ़ने वाला दल बनता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान ने काबुल में बम गिराए

## अफगान का जवाब में पेशावर पर ड्रोन अटैक, 50 लोग मारे गए, दोनों देशों में 48 घंटे का सीजफायर

**काबुल/ इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बुधवार शाम अफगानिस्तान पर हवाई हमले किए। अफगानी मीडिया के मुता. बिक पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल और स्पिन बोल्डक में बमबारी की है। इन हमलों में दोनों ओर से 50 लोगों मारे जाने की खबर है। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के पेशावर में ड्रोन हमला किया है। इस हमले में एक प्लाजा के कमरे को निशाना बनाया गया है। दावा किया जा रहा है कि इसका इस्तेमाल खुफिया गतिविधियों के लिए एक सीक्रेट ऑफिस के तौर पर किया जा रहा था। इन हमलों के बाद फिलहाल दोनों देशों ने 48 घंटे के लिए सीजफायर पर सहमति जताई है। रॉयटर्स के मुताबिक यह सीजफायर भारतीय समयानुसार बुधवार शाम 6:30 बजे से लागू हो गया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि दोनों देश बातचीत के जरिए से विवादित मुद्दों का समाधान निक. ालने की कोशिश करेंगे। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के कंधार इलाके में हमले किए। सेना ने कहा: अफगान तालि. बान के हमलों का जवाब देने के लिए हमने उनके ठिकानों पर हमला किया। अफगान तालिबान के मुख्य ठिकाने तबाह हो गए हैं। पाक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन हमलों में कंधार प्रांत में तालिबान की चौथी बटालियन और छठी बॉर्डर ब्रिगेड पूरी तरह तबाह हो गई है। कई तालिबान लड़ाके और विदेशी लोग मारे गए। पाकिस्तान ने कहा कि उसकी सेना किसी भी हमले का मजबूती से जवाब दे सकती है। अफगान तालिबान ने इन दावों को गलत बताया है, लेकिन अभी कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया। इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। अफगानिस्तान के तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने पाक बॉर्डर पर टैंक भेज दिए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग (आईएसपीआर) ने कहा था कि सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान बॉर्डर पर अफगान तालिबान के हमले को नाकाम कर दिया, जिसमें तालिबान के लगभग 15 से 20 मेंबर मारे गए। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ने एक दूसरे की सैन्य चौकियों पर कब्जा करने का दावा किया है। साथ ही टैंकों के नुकसान की भी खबर है। पाकिस्तानी सरकारी मीडिया ने तालिबान पर बिना उकसावे के पहली गोली चलाने का आरोप लगाया। वहीं, अफगानिस्तान समर्थित सोशल हैंडल ने दावा किया कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में उन जगहों को निशाना बनाया है, जहां से अफगानिस्तान के लिए खतरा पैदा होता है।

इसके साथ ही 7 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की भी बात कही। पाकिस्तान ने सूत्रों ने दावा किया है कि पाकिस्तान के हमले में कई तालिबान चौकियों को भारी नुकसान पहुंचा और उनकी चौकियों से आग की लपटें उठती देखी गई पाकिस्तानी पीटीवी न्यूज ने बताया कि अफगान तालि. बान और फितना अल-खवारिज ने कुर्रम में बिना वजह गोलीबारी की। पाकिस्तानी सेना ने पूरी ताकत से जवाब दिया। दावा किया गया कि पाकिस्तान की जवाबी गोलीबारी में एक तालिबानी टैंक नष्ट हो गया, जिससे हमलावर अपनी चौकियां छोड़कर इलाके से भागने पर मजबूर हो गए। वहीं, काबुल का दावा है कि वह अपनी हवाई सीमा और संप्रभुता के उल्लंघन का जवाब दे रहा है।



■ दोनों देश बातचीत के जरिए से विवादित मुद्दों का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे
■ तालिबान के हमलों का जवाब देने के लिए हमने उनके ठिकानों पर हमला किया: पाक सेना

### पाकिस्तान अफगानिस्तान के साथ अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करेः सुहैल अफरीदी

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने पाकिस्तान सरकार से अफगानिस्तान के प्रति अपनी नीति की समीक्षा करने का आग्रह किया है। अफरीदी ने प्रांतीय विधानसभा सत्र में अपने संबोधन में अफ़ग़ानिस्तान के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सरकार और सेना से अफगानिस्तान के प्रति अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने का आग्रह करता हूं। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अफगानिस्तान से संबंधित सभी नीतियां खैबर पख्तूनख्वा सरकार, स्थानीय प्रतिनिधियों, नागरिकों और कबायली बुजुर्गों के परामर्श से बनाई जानी चाहिए। टोलो न्यूज के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान से अफगान शरणार्थियों को जल्दीबाजी में निकालने की भी आलोचना की।



हाजीपुर। राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करते राजद नेता और बिहार विधानसभा के नेता तेजस्वी यादव और उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी मौजूद रहीं।

## आईएनएस सह्याद्रि नौसेना अभ्यास के लिए बुसान पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का जहाज (आईएनएस) सह्याद्रि हाल ही में दक्षिण कोरिया के बुसान नौसेना बंदरगाह पर पहुंचा। इस समय दक्षिण चीन सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनात यह जहाज भारतीय नौसेना और कोरिया गणराज्य नौसेना (आरओकेएन) के पहले द्विपक्षीय अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए बुसान पहुंचा।

भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिण कोरियाई नौसेना ने भारतीय जहाज का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा भारत और कोरिया गणराज्य के बीच बढ़ती नौसेना-से-नौसेना बातचीत एवं रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित किया। आईएनएस सह्याद्रि शिवालिक श्रेणी के गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट्स का तीसरा जहाज है जिसे 2012 में स्वदेशी रूप से डिजाइन, निर्मित एवं कमीशन किया गया था। यह जहाज पूर्वी नौसेना कमान के अंतर्गत पूर्वी बेड़े के भाग के रूप में विशाखापत्तनम में स्थित है। यह जहाज कई द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय अभ्यास सहित परिचालन तैनाती का भी हिस्सा रहा है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि जहाज का चालक दल पहले भारतीय नौसेना-कोरियाई नौसेना के द्विपक्षीय अभ्यास के दौरान बंदरगाह एवं समुद्री दोनों चरणों में हिस्सा लेगा। बंदरगाह चरण के दौरान भारतीय नौसेना और कोरियाई नौसेना के अधिकारी एक-दूसरे के डेक का दौरा करेंगे, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेंगे, परस्पर प्रशिक्षण सत्र एवं खेल कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के हज़ारों स्वास्थ्यकर्मी पांच दिन की हड़ताल पर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में हज़ारों स्वास्थ्यकर्मी उचित वेतन और समुचित सेवाशर्तों की मांग को लेकर पांच दिन के हड़ताल पर चले गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिमी तटीय इलाके में हुई इस हड़ताल से 500 से ज़्यादा अस्पताल और चिकित्सा सुविधाएं प्रभावित हुये हैं। इनमें कैलिफ़ोर्निया और हवाई इलाके के अस्पताल और लॉस एंजिल्स क्षेत्र के कई अस्पताल शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में प्रजनन दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में महिला प्रजनन दर लगातार दूसरे साल गिरावट के साथ 2024 में रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो (एबीएस) द्वारा बुधवार को प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2024 में ऑस्ट्रेलिया में कुल प्रजनन दर रिकॉर्ड निचले स्तर 1.481 जन्म प्रति महिला रही। इससे पहले 2023 में यह आंकड़ा प्रति महिला 1.499 जन्म था। एबीएस ने बताया कि 1976 से कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे ही रही है।

### ऑस्ट्रेलिया में घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड में बुधवार सुबह एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। आज सुबह स्थानीय समयानुसार लगभग छह बजे, ब्रिस्बेन से 400 किलोमीटर उत्तर में स्थित ग्लैडस्टोन शहर में एक दो मंजिला घर में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन और बचाव दल को तैनात किया गया।

### अफगान में नशीले पदार्थ की तस्करी में दो गिरफ्तार

**काबुल।** पश्चिमी अफ़ग़ानिस्तान के निमरोज़ प्रांत में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता मावलवी गुल मोहम्मद कुदरत ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कथित तस्कर 16 किला. ग्राम अफीम और दो किलोग्राम हेरोइन की तस्करी के प्रयास में थे , लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उनके पास से नशीले पदार्थों को बरामद कर लिया।

# WHO में भारत के खिलाफ भड़का चीन

## कहा: भारी सब्सिडी देकर घरेलू कंपनियों को फायदा दे रहा

न्यूयॉर्क। भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही सब्सिडी पर चीन ने नाराजगी जताई है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने बुधवार को इस मामले में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। चीन का दावा है कि भारत की यह भारी भरकम सब्सिडी उसकी घरेलू कंपनियों को अनफेयर एडवांटेज दे रही हैं।

इससे भारत में बिकने वाले चीनी इलेक्ट्रिक गाड़ियों और म्ट प्रोडक्ट्स पर असर हो रहा है। इससे चीन के हितों को नुकसान पहुंच रहा है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि वह अपने उद्योगों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाएगा। इकोनामिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के बड़े देशों में इलेक्ट्रिक कारों पर सबसे ज्यादा सब्सिडी भारत में ही मिल रही है। उदाहरण के तौर पर भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली ईवी इलेक्ट्रिक टाटा नेक्सान पर खरीदारों और बनाने वाली कंपनी को मिलाकर करीब 46 फीसदी तक की सब्सिडी मिल रही है। भारत में ईवी को मिल रहे फायदे में कम जीएसटी, पेट्रोल-डीजल गाड़ियों के मुकाबले कम रोड टैक्स और कंपनियों को मिलने वाली पीएलआई (प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव) योजना का सपोर्ट भी शामिल है। भारत सरकार ईवी को बढ़ाने के लिए सिर्फ गाड़ियों पर ही नहीं, बल्कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ज़ोर दे रही है। 'पीएम ई-ड्राइव' योजना के तहत, केंद्र सरकार पब्लिक फास्ट-चार्जिंग स्टेशन बनाने का 80 फीसदी तक खर्च खुद उठा रही है। कुछ मामलों में तो यह सब्सिडी 100 प्रतिशत तक भी दी सकती है। इस स्कीम के तहत पैसा तीन किस्तों में दिया जाता है। टेंडर मिलने पर 30 प्रतिशत, स्टेशन लगने पर 40 प्रतिशत, और फिर कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने के बाद बाकी का पैसा मिलता है। ई-ट्रक, ई-एम्बुलेंस, ई-बस चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (चार्जिंग स्टेशन) को 31 मार्च 2028 तक सब्सिडी मिलती रहेगी। हालांकि, सरकार इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, ई-रिक्शा, थ्री-व्हीलर और ई-कार्ट पर मिलने वाली सब्सिडी मार्च 2026 के बाद बंद हो जाएगी। बड़ी सब्सिडी देने के बावजूद, भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को लोग अभी भी कम अपना रहे हैं। कुल गाड़ियों के बाजार में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 प्रतिशत है। यह आंकड़ा बाकी देशों के मुक. ाबले सबसे कम है।



■ दुनिया के बड़े देशों में इलेक्ट्रिक कारों पर सबसे ज्यादा सब्सिडी भारत में ही मिल रही

### भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच 'समुद्र शक्ति अभ्यास'

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाएं विशाखापत्तनम में चार दिन के संयुक्त द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'समुद्र शक्ति-2025' में एक दूसरे के साथ समुद्री रण कौशल के गुर और अनुभव साझा कर रही हैं। दोनों नौसेनाओं के बीच इस अभ्यास का पांचवां संस्करण मंगलवार को शुरू हुआ जो शुक्रवार तक चलेगा। अभ्यास में भारत की ओर से पूर्वी नौसेना कमान के बेड़े का पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस कवरत्ती और एक पोत (एक एकीकृत हेलीकॉप्टर के साथ) हिस्सा ले रहा है जबकि इंडोनेशियाई नौसेना का प्रतिनिधित्व उसका युद्धपोत केआरआई जॉन लाइ कर रहा है। अभ्यास के बंदरगाह चरण में सौहार्द और पेशेवर तालमेल बनाने के उद्देश्य से कई गतिविधियां शामिल हैं।

# जासूसी में भारतीय मूल का अमेरिकी गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी विदेश विभाग के सीनियर एडवाइजर एश्ले टेलिस को 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन पर देश की सुरक्षा से जुड़े गोपनीय डाक्यूमेंट्स अपने पास रखने और चीनी अधिकारियों से सीक्रेट मुलाकात का आरोप है।

64 साल के टेलिस के वर्जीनिया वाले घर से एफबीआई को 1000 से ज्यादा पेज के सीक्रेट दस्तावेज मिले हैं। अगर वे दोषी पाए गए तो 10 साल जेल और 2.5 लाख डालर (करीब 2 करोड़ रुपये) का जुर्माना हो सकता है। टेलिस की सुनवाई वर्जीनिया कोर्ट में होगी। उन्हें जमानत मिलने की संभावना कम है, क्योंकि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है।

■ चीनी अफसरों से सीक्रेट मुलाकात का आरोप, 10 साल जेल और दो करोड़ जुर्माना हो सकता है

वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प के पहले कार्यकाल में उनकी ट्रांजिशन टीम ने टेलिस का नाम रिचर्ड वर्मा की जगह भारत के राजदूत के लिए चुना था। हालांकि उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई और केनेथ जस्टर को यह पद मिला। एफबीआई का कहना है कि टेलिस ने सितम्बर-अक्टूबर 2025 में विदेश विभाग और रक्षा मंत्रालय से सीक्रेट काग. जात निकाले। इनमें एयरफोर्स की प्लानिंग, नई तकनीकें (जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और मिलिट्री विमानों की जानकारी थी।

## मैडागास्कर में सेना ने पूरी तरह संभाली बागडोर

**एंटानानारिवो।** मैडागास्कर में कुछ सप्ताह से जारी व्यापक विरोध प्रदर्शन ने देश का तख्तापलट कर रख दिया। इतना ही नहीं विरोध प्रदर्शन इतना भयावह हो गया कि राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना को देश छोड़कर भागना पड़ा।

ऐसे में अब मैडागास्कर को लेकर ताजा अपडेट ये है कि तख्तापलट के बाद कर्नल माइकल रैंड्रियानीरिना ने खुद को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित कर दिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वे जल्द ही आधिकारिक रूप से शपथ लेंगे। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना के देश छोड़ने के बाद हुआ, जिन्हें सेना के एक गुट ने सत्ता से बेदखल कर दिया। रैंड्रियानीरिना ने मंगलवार को एलान किया कि सेना ने देश की बागडोर संभाल ली है। बीते कुछ हफ्तों से सरकार के खिलाफ खासकर युवाओं के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। शनिवार को स्थिति उस वक्त बदली जब रैंड्रियानीरिना और उनकी विशेष सैन्य यूनिट सीएपीएसएटी ने विद्रोह कर दिया और प्रदर्शनकारियों के साथ मिलकर राष्ट्रपति से इस्तीफे की मांग की।

■ कर्नल माइकल रैंड्रियानीरिना ने खुद को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया

### वेनेजुएला तट के पास जहाज पर अमेरिकी हमले में छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने मंगलवार को वेनेजुएला तट के पास अंतर्राष्ट्रीय समुद्री इलाके से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे एक जहाज पर हमला किया, जिससे उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह जानकारी दी है। ट्रम्प के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कहा है कि जहाज मादक पदार्थ के आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा था। इस नए अभियान के साथ, सितम्बर से अब तक वेनेजुएला के निकट मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले संदिग्ध जहाजों पर अमे. रिकी सैन्य हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

# हमास ने 8 लोगों को इजरायली जासूस बताकर मारा

## आंखों पर पट्टी बांधी, सड़क पर बैठाकर गोली मारी, अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाए

**तेल अवीव/ गाजा।** गाजा में हमास ने 8 लोगों को सड़क पर गोली मार दी। हमास ने इन लोगों को इजरायल का जासूस बताया। वायरल वीडियो में 8 लोगों को आंखों पर पट्टी बांधकर बैठाया गया और हमास के लड़ाकों ने उन्हें गोली मार दी।

इस दौरान कुछ लोग अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाते नजर आए। इजरायली सेना के गाजा से पीछे हटने के बाद हमास फिर से अपनी ताकत बढ़ा रहा है। उसने उन लोकल हथियारबंद गिरोह पर हमले शुरू किए हैं, जो इजरायल के कब्जे वाले इलाकों में ताकतवर हो गए थे। आरोप है कि ये लोकल ग्रुप्स दो साल से राहत सामग्री लूटकर बेच रहे थे, जिससे गाजा में भुखमरी बढ़ी। हमास की पुलिस अब सड़कों पर गश्त कर रही है और इन गैंग्स पर हमला कर रही है। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इन हत्याओं को गलत बताया है। वहीं, फलस्तीन के एक्सपर्ट अब्दलहादी अलिजला ने कहा कि ये हत्याएं गलत हैं, लेकिन गाजा में कोई कोर्ट या कानून नहीं बचा है। लोग दो साल से बमबारी और हिंसा झेल रहे हैं, इसलिए ऐसी घटनाएं उनकी जिंदगी का हिस्सा बन गई हैं। हमास ने हजारों सैनिकों को गाजा में भेजा है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर युद्धविराम रहा, तो हमास कुछ ही हफ्तों में गाजा पर पूरी तरह कब्जा कर सकता है। इससे पहले हमास ने मंगलवार को 4 और इजरायली बंधकों के शव इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) को सौंपे। ये ताबूत हमास ने रेड क्रास को सौंपे थे, फिर उन्हें आईडीएफ को ट्रांसफर किया गया। इजरायल ने लौटाए गए चार मृत बंधकों में से तीन के नाम बता दिए हैं। बंधक एवं गुमशुदा परिवार फोरम के जारी बयान के अनुसार, इनमें तामिर निमरोदी, एतान लेवी और उरीएल बारूक शामिल है। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुता. बिक कल हमास द्वारा लौटाया गया एक शव इजरायली बंधक का नहीं है, बल्कि यह गाजा के एक फलस्तीनी का है। सीजफायर की शुरुआत के बाद से यह मृत बंधकों का दूसरा समूह था जो इजरायल लौटा। हमास से 28 बंधकों के शवों को सौंपा जाना था, लेकिन अब तक कुल 8 शवों को लाया गया है।



■ इजरायली सेना के गाजा से पीछे हटने के बाद हमास फिर से अपनी ताकत बढ़ा रहा है

# ट्रम्प की तारीफ करने पर पाक पीएम ट्रोल

## देश के लोग बोलेः पीएम शरीफ को चापलूसी का नोबेल दो, हमारे नेता इतने चाटुकार क्यों

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके ही देश में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का चापलूस और चाटुकार बताकर ट्रोल किया जा रहा है।

कुछ सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि अगर चापलूसी के लिए नोबेल होता, तो शरीफ सबसे बड़े दावेदार होते। दरअसल, सोमवार को मिस्र में गाजा पीस समिट के दौरान शरीफ ने ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने के दावे का समर्थन किया था। शरीफ ने ट्रम्प को नोबेल देने की मांग की थी। इस पर ट्रम्प ने हंसते हुए कहा था-वाह! मुझे यह उम्मीद नहीं थी। अब कहने को क्या बचा, घर चलें! पाकिस्तानी इतिहासकार अम्मार अली जन ने लिखा- ट्रम्प की बेवजह तारीफ से पाकिस्तानी शर्मिंदा हैं। वहीं, एक सोशल मीडिया यूजर वसीम ने कहा-हमारे नेता इतने चाटुकार क्यों हैं? शरीफ ने फिलिस्तीन के मुद्दे का गलत इस्तेमाल किया। लेखक एसएल कंथन ने कहा-ट्रम्प को जूते चमकाने होते हैं तो शरीफ को बुलाते हैं। इतनी शर्मिंदगी पहले नहीं देखी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता हम्माद अजहर ने कहा- दुनिया हमारे नेताओं पर हंस रही है। हमने इन लोगों को नहीं चुना... यह कामेडी और घिनौनी चापलूसी हमें भी शर्मसार कर रही है। मिस्र में ट्रम्प ने अपनी स्पीच के बीच में शरीफ को बुलाया और पूछा-क्या आप कुछ कहना चाहते हैं? साथ ही पाकिस्तान पीएम से कहा कि वे वही बोलें जो उन्हें पिछले दिनों कहा था। इसके बाद शरीफ ने 5 मिनट तक ट्रम्प की तारीफ की। शहबाज शरीफ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सच में शांति पुरुष हैं, उनकी कोशिशों के बाद शांति स्थापित हुई है। उन्होंने न सिर्फ भारत-पाकिस्तान की जंग रुकवाई बल्कि दुनिया में 8 संघर्षविराम कराए। उन्होंने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सबसे शानदार उम्मीदवार बताया। शरीफ ने कहा कि आज का दिन (सोमवार) इतिहास का सबसे बड़ा दिन है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रम्प की मेहनत से शांति मिली है।



■ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता हम्माद अजहर ने कहा: दुनिया हमारे नेताओं पर हंस रही है

### ब्राजील के उपराष्ट्रपति तीन दिन की भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** ब्राजील के उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री गेराल्डो अल्कमिन भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ मंत्रिस्तरीय व्यापार बैठक के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर बुधवार दोपहर यहां पहुंचेंगे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के आने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि अल्कमिन आज शाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर बैठक करेंगे। इस दौरान उनके साथ ब्राजील के रक्षा मंत्री भी होंगे। अल्कमिन, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात करेंगे और आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ब्राजील के उपराष्ट्रपति के भारत-ब्राज़ील व्यापार मंच में भाग लेने और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा करने की भी उम्मीद है।

